CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 19°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 1 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 103 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 | 12 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी का विपक्ष पर तीखा हमला — पेज 2



ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग करने पर रियान पराग पर लगा भारी जुर्माना — खेल टाइम्स




एग्जिट पोल की सच्चाई: लोकतंत्र का आईना — सम्पादकीय



सऊदी क्राउन प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था एपस्टीन — पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### हेलीकॉप्टर से पहली बार एक साथ दो मिसाइल लॉन्च

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ और नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में हेलीकॉप्टर से शॉर्ट रेंज नेवल एंटी-शिप मिसाइल को सफल लॉन्च किया। इस दौरान एक हेलीकॉप्टर से कुछ ही सेकंड के अंतर पर दो मिसाइलें दागी गईं। दोनों ने समुद्री जहाज के निचले हिस्से पर सटीक निशाना लगाया। इसके जरिये भारत ने साल्वो लॉन्च क्षमता को परखा। यानी एक लॉन्चर से कम समय में ज्यादा मिसाइलें दागना। यह तकनीक दुश्मन के रडार सिस्टम को चकमा दे सकती है। ओडिशा के चांदीपुर की टेस्ट रेंज में लगे रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम और टेलीमेट्री के जरिये मिसाइल की पूरी उड़ान और निशाने को ट्रैक किया गया।

### मेरठ: शादी में हर्ष फायरिंग, एक व्यक्ति की मौत

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के खड़ौली गांव में शादी समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिग ने एक व्यक्ति की जान ले ली। गुरुवार सुबह दुल्हन के स्वागत के समय हुई हर्ष फायरिंग में 45 वर्षीय राजमिस्त्री सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार खड़ौली निवासी आदेश की बारात बुधवार रात मोदीपुरम से लौटी थी। गुरुवार सुबह दूल्हा अपनी दुल्हन के साथ घर पहुंचा जहां स्वागत की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान समारोह में मौजूद दूल्हे के चाचा विक्की ने पिस्टल से कई राउंड फायर कर दिए। फायरिंग के बीच एक गोली पास खड़े सुभाष के जबड़े में जा लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के समय सुभाष अपनी पत्नी पुष्पा के साथ नवविवाहित जोड़े का स्वागत देख रहे थे।

### हज हवाई किराये में बढ़ोतरी न्यूनतम रखने का प्रयास: रिजिजू

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज यात्रा के हवाई किराये में करीब दस हज़ार रुपये की बढ़ोतरी को लेकर विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उठ रहे सवालों के बीच कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के चलते बढ़ी लागत के बावजूद सरकार ने बातचीत के जरिए किराया वृद्धि को न्यूनतम रखने का प्रयास किया है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर कहा कि असंख्य परिवारों के लिए, हज जीवन में एक बार पूरा होने वाला ऐसा सपना है जिसे उन्होंने वर्षों तक संजोकर रखा है। मैं इस भावना का तहे दिल से सम्मान करता हूं।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता का संदेश: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा।

# CISCE: कक्षा 10वीं व 12वीं के नतीजे हुए घोषित

## यूपी के कानपुर के ओजस्वित पासरीचा 100 फीसदी अंक हासिल कर 12वीं में बने टॉपर

**नई दिल्ली।** भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) गुरुवार सुबह 11 बजे आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) के परिणाम 2026 जारी कर दिए हैं।

इस परिणाम का इंतजार देशभर के लाखों छात्र कर रहे हैं, जिन्होंने फरवरी से अप्रैल के बीच आयोजित परीक्षाओं में भाग लिया था। छात्र अपना रिजल्ट और ऑनलाइन मार्कशीट आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। कानपुर के ओजस्वित ने आईएससी 12वीं में 100 फीसदी अंक हासिल कर नेशनल टॉपर बनते हुए इतिहास रच दिया। चिंटल्स स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मेधा का परिचय दिया है। कक्षा 12वीं की छात्रा यशी सचान ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया, वहीं कक्षा 10वीं के छात्र आदि अरोड़ा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की आईएससी परीक्षा में भी लड़कियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। कुल 1,702 लड़कियों में से 1,697 उत्तीर्ण हुईं। 1,845 लड़कों में से 1,838 ने परीक्षा पास की। आईएससी में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 99.66 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष से बेहतर है। अभिभावक और छात्र अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने नतीजे देख सकते हैं।



माता पिता के साथ खुशी जाहिर करते ओजस्वित

**कक्षा 12वीं की छात्रा यशी सचान ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम किया रोशन**

**कक्षा 10वीं के छात्र आदि अरोड़ा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया**

### 226 सीटें जीतेंगे हम: ममता

**कोलकाता।** बंगाल में रिकॉर्ड मतदान के बाद ममता बनर्जी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि मां, माटी और मानुष की सरकार एक बार फिर बनने जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी 226 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। साथ ही उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से स्ट्राग रूम की दिन-रात रखवाली करने के लिए भी कहा है। बता दें कि सीएम ममता ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में मुख्यमंत्री ममता ने जनता को संबोधन करते हुए आभार जताया और चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुए घटनाक्रम पर गंभीर आरोप लगाए।

# गर्भपात के नियमों में अब बदलाव जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट का सख्त रुख, एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख दिखाया। 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के 30 हफ्ते की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति पर सुनवाई हुई। इस फैसले को चुनौती देने वाली एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन पर अदालत ने आपत्ति जताई।

अदालत ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि कानून में संशोधन कर दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने साफ कहा कि जब गर्भधारण दुष्कर्म के कारण हुआ हो, तो समय सीमा नहीं होनी चाहिए और कानून को समय के साथ बदलना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह बाल दुष्कर्म का मामला है और अगर गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो पीड़िता को जीवनभर मानसिक आघात झेलना पड़ेगा। अदालत ने कहा कि अगर मां को स्थायी शारीरिक नुकसान नहीं होता है तो गर्भपात किया जाना चाहिए। साथ ही एम्स को निर्देश दिया गया कि वह पीड़िता के माता-पिता को इस मुद्दे पर उचित परामर्श दे, क्योंकि अंतिम निर्णय पीड़िता और उसके परिवार का होना चाहिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि देश में पहले से ही कई बच्चे गोद लेने के लिए हैं, कई बच्चे सड़कों पर बेसहारा हैं और इस पर माफिया भी सक्रिय हैं। यह 15 साल की बच्ची का अनचाहा गर्भ है। उसे पढ़ाई करनी चाहिए, लेकिन हम उसे मां बनने के लिए मजबूर कर रहे हैं। सोचिए उसने कितना दर्द और अपमान सहा है। वहीं, एम्स की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दलील दी कि इस अवस्था में गर्भपात संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि 30 हफ्ते में भ्रूण एक जीवित शिशु के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें गंभीर विकृतियां हो सकती हैं।

साथ ही नाबालिग मां को जीवनभर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और भविष्य में वह मां नहीं बन पाएगी। उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चे को जन्म के बाद गोद दिया जा सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि गर्भपात का निर्णय पीड़िता और उसके माता-पिता की इच्छा पर निर्भर करेगा और एम्स की भूमिका उन्हें सूचित निर्णय लेने में मदद करने की होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने मीडिया से इस मामले की रिपोर्टिंग करते समय संवेदनशीलता बरतने और सुनवाई से संबंधित हर बात (अदालत में हुई पूरी बातचीत) को रिकॉर्ड न करने का आग्रह किया। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को फैसला सुनाते हुए कहा था किसी भी महिला, विशेषकर नाबालिग, को उसकी इच्छा के खिलाफ गर्भावस्था के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।



**केंद्र सरकार से कहा दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए**

### इस साल नहीं होगी एओआर परीक्षा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में वकालत की प्रैक्टिस के लिए अनिवार्य 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' (एओआर) परीक्षा 2026 को निरस्त करते हुए इसे अगले साल के लिए टाल दिया गया है। उच्चतम न्यायालय के परीक्षा सेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

परीक्षा सेल ने आधिकारिक आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्ष 2026 में एओआर परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। रजिस्ट्रार और परीक्षा बोर्ड के सचिव द्वारा जारी इस नोटिस में कहा गया है कि वर्तमान में एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड की कुल संख्या और पर्याप्त सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस साल परीक्षा न कराने का निर्णय लिया है। प्रशासन का मानना है कि फिलहाल एओआर की संख्या कार्यभार के हिसाब से पर्याप्त है, इसलिए इस प्रक्रिया को अगले वर्ष तक के लिए टाल दिया गया है। अब यह परीक्षा वर्ष 2027 में होने की संभावना है। इस परीक्षा के उम्मीदवारों को अभी परीक्षा की सटीक तिथियों और विस्तृत शेड्यूल के लिए इंतजार करना होगा, क्योंकि इसके बारे में सूचना उचित समय पर अधिसूचित की जाएगी। गौरतलब है कि एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड का दर्जा एक कठिन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ही मिलता है।

# जब तक गोमांस जब्त न हो, वाहन जब्त करना अवैध और मनमाना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत वाहन सीज करने के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जब तक वैज्ञानिक रूप से यह साबित न हो जाए कि बरामद मांस वास्तव में गोमांस है, तब तक वाहन को जब्त करना अवैध और मनमाना है।

यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने वाहन सीज करने के आदेश को रद्द कर दिया। याची को आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सरकार पर दो लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति संदीप जैन की पीठ ने दिया है। बागपत जिले में 18 अक्टूबर 2024 को पुलिस ने याची के वाहन को इस संदेह में पकड़ा था कि उसमें प्रतिबंधित मांस ले जाया जा रहा है। डीएम ने 16 जून 2025 को वाहन को जब्त करने का आदेश दिया। याची मोहम्मद चांद ने जब्ती आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि पशु चिकित्सक की रिपोर्ट में मांस के गोमांस होने की कोई निश्चित पुष्टि नहीं की गई थी, बल्कि उसे केवल संदिग्ध बताया गया था। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए अधिकृत प्रयोगशाला की रिपोर्ट अनिवार्य है। इस मामले में प्रयोगशाला की कोई पुख्ता रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, इसलिए जब्ती की पूरी प्रक्रिया अवैध है।

कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ता का वाहन उसकी आजीविका का एकमात्र स्रोत था। पिछले 18 महीनों से वाहन के अवैध रूप से बंद रहने के कारण उसे आर्थिक क्षति हुई है। कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेट और मंडलायुक्त के आदेशों को रद्द कर दिया। सात दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को दो लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया। न्यायालय ने सरकार को यह छूट भी दी है कि वह हर्जाने की राशि संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों से वसूल सकती है।



**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार पर दो लाख का लगाया जुर्माना**

# दिल्ली से देहरादून तक तेज आंधी के साथ बारिश

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के अंदर अलग-अलग मौसम देखने को मिला। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में कई जगह पारा 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

हालांकि, आंधी और हल्की बारिश से कई इलाकों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक घट भी गया। उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई। सुल्तानपुर में सबसे ज्यादा 7 मौतें हुई। वहीं, बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। पटना में आंधी से दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। कई जिलों में पेड़ गिर गए। दिल्ली में गुरुवार को दोपहर बाद ओले गिरे। वहीं राजस्थान के कई जिलों में लगातार दूसरे दिन बारिश जारी है। कोटा में एक मकान पर बिजली गिरी। इधर उत्तराखंड के देहरादून और मसूरी में भी बारिश के साथ ओले गिरे हैं।

**यूपी व बिहार में आंधी-बारिश से 18 मरे**

### जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज डूब, पांच शव निकाले

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी डैम पर गुरुवार शाम तेज आंधी और तूफान के बीच पर्यटकों से भरा एक क्रूज हादसे का शिकार हो गया। खमरिया टापू के पास संतुलन बिगड़ने से क्रूज डूब गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इसमें 35 से अधिक लोग सवार थे। पांच लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। करीब 15 लोग सुरक्षित बचाए गए हैं, वहीं 18 लोग अब भी लापता हैं। बताया जा रहा है कि पर्यटन विभाग के द्वारा संचालित क्रूज में 35 से अधिक लोग सवार थे।

# सहायक अध्यापकों के लिए सेवा नियमावली को मंजूरी

## कक्षा 1 से 8 तक के चार सौ मदरसों को अब जिला स्तर से मिलेगी मान्यता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो गई है। बैठक में 18 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मुख्य रूप से कुंभ मेला में किए जाने वाले स्थायी और अस्थायी कार्यों के लिए कुंभ मेला अधिकारी और गढ़वाल कमिश्नर के वित्तीय पावर दी गई है।

इसके अलावा परिवहन निगम को 250 नई बसों के खरीदने को मंजूरी मिली है। खास बात यह है कि वन दरोगा भर्ती के लिए पहले शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर स्नातक कर दिया गया है। कक्षा 1 से 8 तक के चार सौ मदरसों को अब जिला स्तर से मान्यता मिलेगी। कक्षा 9 से 12 तक के 52 मदरसों को उत्तराखंड बोर्ड से मान्यता लेनी होगी। इस संबंध में जल्द अध्यादेश लाया जाएगा।

उत्तराखंड मोटरयान संशोधित नियमावली 2026 के तहत वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक, प्रवर्तन पर्यवेक्षक और सिपाहियों का वर्दी निर्धारण को मिली मंजूरी। कुंभ मेले में एक करोड़ तक के काम को मेला अधिकारी स्वीकृत कर सकेंगे। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली 2026 के संशोधन को मिली मंजूरी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदेन सदस्य के रूप में होंगे। एसिड अटैक विक्टिम को भी शामिल करने का लिया गया निर्णय। उत्तराखंड उप खनिज परिहार नियमावली 2023 में संशोधन को मिली मंजूरी। रॉयल्टी की दर को 7 रुपये प्रति कुंतल को बढ़ाकर 8 रुपये प्रति कुंटल किया गया। वाणिज्य कर विभाग की नियमावली में किए गए संशोधन को मिली मंजूरी। परिवहन विभाग में 250 बसों को खरीदने संबंधित प्रस्ताव को मिली मंजूरी। परिवहन निगम को शासन ने 100 बसें खरीदने की मंजूरी दी थी। जिसे अब बढ़कर 109 कर दिया है। जीएसटी की तरह 28 फीसदी से घटकर 18 फीसदी हो गई है। जिसके चलते ये निर्णय लिया गया है। उत्तराखंड अधीनस्थ वन सेवा नियमावली 2016 में संशोधन किया गया है। वन दरोगा के शैक्षिक अहर्ता को इंटरमीडिएट से बढ़कर स्नातक किया गया है। वन दरोगा की आयु सीमा बढ़ाकर 21 से 35 साल की गई। वन आरक्षी की आयु सीमा 18 से 25 वर्ष की गई। वन विभाग द्वारा वन क्षेत्रों की सीमा पर प्रस्तावित मौन पालन की नीति को मंत्रीमंडल ने स्वीकृति दी है।



**धामी कैबिनेट में 18 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

- उत्तराखंड मोटरयान संशोधन नियमावली-2026 को मंजूरी
- कक्षा 9 से 12 तक के 52 मदरसों को उत्तराखंड बोर्ड से लेना होगा एफिलिएशन
- वन दरोगा भर्ती के लिए शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट से बढ़ाकर की गई स्नातक

# बर्थडे पार्टी हत्याकांड का मुख्य आरोपी जीतू सैनी ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**खुर्जा (बुलंदशहर)।** उप्र के बुलंदशहर जिले में जन्मदिन पार्टी के दौरान हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी जीतू सैनी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को ढाकर रोड क्षेत्र में पुलिस टीम और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान जीतू सैनी पुलिस से घिर गया और दोनों ओर से हुई फायरिंग में वह मारा गया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी असलम तथा एक अन्य सिपाही घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 25 अप्रैल को खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में जन्मदिन पार्टी के दौरान विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी दौरान जीतू सैनी ने -32 बोर पिस्टल से फायरिंग कर भाजपा नेता के परिवार के तीन सदस्यों आकाश, मनीष और अमनदीप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया जाता है कि पार्टी के दौरान केक लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया और तिहरे हत्याकांड में बदल गया। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।



## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर अलगाववादी सामग्री जारी करने पर केस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले और गलत जानकारी वाले वीडियो जारी करने और उसे फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को साइबर पुलिस स्टेशन श्रीनगर में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ-साथ भारतीय न्याय सं. हता की विभिन्न धाराओं तहत यह मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई तब की गई जब पता चला कि कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने के इरादे से वीडियो अपलोड किए और उन्हें फैलाए जो भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए नुकसानदायक थे।

### रुपए में गिरावट जारी, रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी और डॉलर की मजबूती से अंतरबैंलकग मुद्रा बाजार में रुपया एक बार फिर 95 डॉलर प्रति बैरल के पार निकलते हुए नए निचले स्तर तक उतर गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 20 पैसे गिरकर 94.88 रुपए प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुई थी। रुपए पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह 13 पैसे नीचे 95.01 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और इसके बाद सीधा फिसलता हुआ 44 पैसे लुढ़ककर फिलहाल 95.32 रुपए प्रति डॉलर पर है। बीच कारोबार में पहली बार रुपया इतना कमजोर हुआ है।

## महाकुंभ भगदड़ पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त

### 2025 में हुई भगदड़ मामले में लिया संज्ञान, सुनाया फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महाकुंभ मेला 2025 की भगदड़ से जुड़े मुआवजे के दावों पर निर्देश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि पीड़ितों या उनके आश्रितों द्वारा दायर मुआवजे के दावों पर निर्णय लेने का अधिकार न्यायिक जांच आयोग का नहीं, बल्कि जिला प्रशासन और मेला प्राधिकरण का है। मेलाधिकारी को मुआवजे के दावों पर 30 दिनों के अंदर फैसला करना होगा।

यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार और जस्टिस सत्य वीर सिंह की डिविजन बेंच ने संजय कुमार शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ में एक रिश्तेदार की मृत्यु पर मुआवजे की मांग की गई थी। अदालत ने न्यायिक जांच आयोग के सचिव द्वारा दाखिल हलफनामे का अवलोकन करते हुए कहा कि मुआवजे के दावों का निपटारा आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। आयोग का कार्य केवल घटना के कारणों की जांच करना भविष्य के लिए सुझाव देना और प्रशासनिक समन्वय की समीक्षा करना है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने न तो भगदड़ की घटना से इन्कार किया और न ही इस तथ्य से कि कुछ पीड़ितों के परिवारों को पहले ही मुआवजा दिया जा चुका है। कोर्ट ने कहा कि जब राज्य खुद घटना और नुकसान को स्वीकार कर चुका है, तो आयोग द्वारा इस बात की जांच करना आवश्यक नहीं है कि भगदड़ हुई थी या नहीं। मुआवजे की प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट बनाने के लिए अदालत ने कुछ दिशा-निर्देश तय किए।



■ आयोग नहीं, जिला प्रशासन करेगा मुआवजे का फैसला, 30 दिन की डेडलाइन

## हज किराए पर बोझ नहीं, राहत दिलाई

नई दिल्ली, वार्ता

हज यात्रा किराए में +100 की वृद्धि पर सरकार ने स्पष्टीकरण दिया है। मध्य पूर्व तनाव और एटीएफ की कीमतों में उछाल के कारण एयरलाइंस +300-400 बढ़ाने की मांग कर रही थीं। सरकार के हस्तक्षेप से यह वृद्धि केवल +100 तक सीमित रही, जिससे हज यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ कम पड़ा।

हज यात्रा एक ऐसा सपना है, जिसे पूरा करने के लिए कई परिवार सालों तक पैसे जोड़ते हैं, लेकिन इसी सपने पर इस बार किराए की बढ़ोतरी ने सवाल खड़े कर दिए और अब सरकार को खुद सामने आकर सफाई देनी पड़ी है 10,000 रुपए की बढ़ोतरी पर उठे विवाद के बीच सरकार ने साफ कहा है कि यह कोई अतिरिक्त बोझ नहीं, बल्कि बड़े नुकसान से बचाने की कोशिश है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के मुताबिक असली कहानी कुछ और है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण एटीएफ की कीमतों में तेज उछाल आया। इसका सीधा असर एयरफेयर पर पड़ा और एयरलाइंस ने 300 डॉलर से 400 डॉलर प्रति यात्री तक बढ़ोतरी की मांग रख दी। यहीं से सरकार और हज कमेटी की बातचीत शुरू हुई। सरकार का दावा है कि लंबी बातचीत के बाद इस बढ़ोतरी को घटाकर सिर्फ +100 प्रति यात्री तक सीमित किया गया। यानी हर यात्री के लिए +200 से +300 तक की बचत करवाई गई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इस फैसले को लेकर भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि हज करोड़ों लोगों के लिए जिंदगी में एक बार पूरा होने वाला सपना है, हमने कोशिश की कि किसी पर ज्यादा बोझ न पड़े।



■ 10 हजार रुपए बढ़ोतरी पर सरकार ने स्पष्ट किया

### ये शोषण है, सर्कुलर वापस ले सरकार: ओवैसी

**नई दिल्ली।** हज जाने वाले यात्रियों के किराए को लेकर एएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। ओवैसी ने लिखा कि हज कमेटी हज यात्रियों से 'हवाई किराए में अंतर' के नाम पर अतिरिक्त 10,000 की मांग कर रही है। ये तब हो रहा है, जब कुछ महीने पहले ही मुंबई से रवाना होने वाले हर यात्री से 90,844 रुपये वसूले जा चुके हैं। यह आम यात्रियों के लिए मौजूदा दरों से लगभग दोगुना है। ओवैसी ने नोटिस की फोटो भी पोस्ट मे शेयर की।ओवैसी ने कहा कि क्या हज यात्री हज कमेटी के जरिए जाने की सजा भुगत रहे हैं? ये सरासर शोषण है और कुछ नहीं। ज्यादातर हज यात्री अमीर नहीं होते, वे हज पर जाने के लिए सालों तक पैसे जमा करते हैं। उनके लिए यह कोई विलासिता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सर्कुलर को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए और हज यात्रियों से वसूले गए पैसे उन्हें वापस किए जाने चाहिए।

### महिला सुरक्षा और आरक्षण पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को घेरा

## विधानसभा में योगी का विपक्ष पर तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए महिला सुरक्षा, सम्मान और आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया।

मुख्यमंत्री ने 1995 के गेस्ट हाउस कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री मायावती के साथ जो हुआ, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उस समय बसपा नेता का समर्थन किया और दलित बेटी के सम्मान की रक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी ने अपनी जान जोखिम में डालकर मायावती को सुरक्षित किया था। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2014 के बदायूं कांड का जिक्र करते हुए कहा कि यह मामला अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा, लेकिन उस समय की सरकार ने महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा देने के बजाय उसे हतोत्साहित किया। उन्होंने 2016 के बुलंदशहर गैंगरेप कांड सहित अन्य घटनाओं का भी उल्लेख किया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने शाह बानो केस का हवाला दिया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद कांग्रेस ने दबाव में आकर महिला को न्याय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि तीन तलाक के मुद्दे पर भी विपक्ष का रवैया महिला विरोधी रहा है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके नेताओं के कई बयान महिलाओं के प्रति असंवेदनशील रहे हैं। उन्होंने आजम खान समेत अन्य नेताओं के बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे उनकी सोच उजागर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि पूजा पाल जैसे उदाहरण बताते हैं कि किस तरह अपराधियों के सामने विपक्ष नतमस्तक रहा। उन्होंने बदायूं, बुलंदशहर, चिनहट और सुल्तानपुर जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन मामलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं, पिछड़ों और दलितों के प्रति विपक्ष की संवे. दनशीलता केवल दिखावटी है। मुख्यमंत्री ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके आचरण को देखकर षगिरगिट भी सकुचा जाए, क्योंकि वे समय और स्थान के अनुसार अपना रुख बदलते रहते हैं।



■ गेस्ट हाउस कांड में प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री मायावती के साथ जो हुआ, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था

### महिला आरक्षण पर 'जल्दबाजी' नहीं चलेगी: कांग्रेस

**लखनऊ।** महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर बुलाए जा रहे विशेष सत्र पर कांग्रेस ने सरकार की तैयारी और मंशा दोनों पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्पष्ट कहा कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर महज पांच घंटे की चर्चा पर्याप्त नहीं हो सकती। उन्होंने मांग की कि विशेष सत्र का समय बढ़ाया जाए, ताकि महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील और व्यापक प्रभाव वाले मुद्दे पर सभी पक्ष विस्तार से अपनी बात रख सकें। उनका कहना है कि यह केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी-नारी शक्ति-के अधिकारों और भागीदारी से जुड़ा विषय है। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह इस मुद्दे पर जल्दबाजी न करे और पूरे दिन से भी अधिक समय देकर गंभीर और सार्थक चर्चा सुनिश्चित करे।

### निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म

**देवबन्द।** देवबंद क्षेत्र निवासी एक युवती ने मुजफ्फरनगर के थाना कोतवाली क्षेत्र के रोहाना के गांव बेहड़ी निवासी अजीम के खिलाफ निकाह का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी को दारुल उलूम रोड से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी ने बताया कि पीडिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मौ. याकूब पुत्र शरीफ अहमद | श्री ओमी पुत्र रगबीर | गुज्जरवाडा नया |
| 2. | श्रीमति शमा परवीन पत्नी शमशाद | श्री सोनू पुत्र सुल्तान | बडजियाउलहक-नया |
| 3. | श्री रविन्द्र कुमार पुत्र हुकम सिंह, श्रीमति रीतु पुण्डीर पत्नी विश्वदीपक पुण्डीर व श्रीमति राही पुण्डीर पत्नी जितेन्द्र पुण्डीर | श्रीमति सुदेशना पत्नी चन्द्र भान सिंह | शिक्षक नगर -1695/1 |
| 4. | श्रीमति सुदेश पत्नी नरेश कुमार | श्री देवीचन्द पुत्र शिवचरण | लहस्वाडा-1281 |
| 5. | श्री दिनेश कुमार पुत्र सतीश कुमार ऋषि | श्री सतीष कुमार ऋषि पुत्र लभ्भामल | सडक रेल-824 |
| 6. | श्री गोविन्दा पुत्र कन्हैया लाल | श्री सुनील पुत्र श्याम लाल | वाल्मिकी बस्ती -1049 |
| 7. | श्रीमति ममता वर्मा पत्नी अजय कुमार | श्रीमति बीना वर्मा, शशी रानी, रेखा वर्मा, मनोज कुमारी, आभा वर्मा, रेणू वर्मा पुत्री स्व. ओम प्रकाश | कायस्थवाडा-क-148 |
| 8. | श्रीमति अनीता पत्नी स्व. बलदेव धीमान | श्री लक्ष्मीचन्द पुत्र ताराचन्द | नेचलगढ़ - 499 |
| 9. | श्री महताब अहमद पुत्र निसार अहमद | श्री निसार पुत्र रफीक | छिम्पीवाडा- 854 व 856 |
| 10. | श्री नाथीराम, पाथीराम पुत्रगण दयाराम | श्री चमेली देवी पत्नी दयाराम | दुध्धा-150 |
| 11. | श्री संदीप कुमार पुत्र ऋषिपाल | श्री वंश गर्ग पुत्र अनुज कुमार गर्ग | फौलादपुरा - नया |
| 12. | श्रीमति शमा पत्नी मो. नसीम | श्री मो. शाहिद पुत्र मो. असगर, रहमानी पत्नी शाहिद | ख्वाजबख्श - 291 |
| 13. | श्रीमति सीमा पत्नी मौहम्मद अय्याज | श्रीमति शबनम पत्नी मौहम्मद नौशाद | पठानपुरा -क-2393 |
| 14. | श्री जीशान व अलीशान पुत्रगण स्व. मो. इलयास | श्री हबीब पुत्र मखमुल्ला | बडजियाउलहक -297 |
| 15. | श्री जमशेद खां पुत्र खुर्शीद | श्री इसरार पुत्र मौ. हनीफ | पठानपुरा - क-1203 |
| 16. | श्रीमति मेमो देवी पत्नी राजेन्द्र | श्रीमति अनिता पत्नी राजकुमार, बेबी पत्नी अजय कुमार व चन्द्रवती पत्नी सुरेष चन्द | रविदास मार्ग -889 |
| 17. | श्री अताउर रहमान अंसारी पुत्र अब्दुल कलाम अंसारी व श्रीमति अंजुम अताउर रहमान अंसारी पत्नी अताउर रहमान अंसारी | श्रीमति शाहिदा पुत्री मौलाना हामिद मियां पत्नी सैय्यद सलीम उददीन | खानकाह - 1334/1 का जुज भाग |
| 18. | श्री मौ. रिजवान पुत्र शब्बीर अहमद | श्री शब्बीर पुत्र अब्दुल | रविदास मार्ग- 487 |
| 19. | श्री आफाक उर रहमान पुत्र शब्बीर अहमद | श्री मौ. शमशाद पुत्र मौ. मुस्तफा | छिम्पीवाड़ा - 880/1 |
| 20. | श्री मौ. आकिल, मुशर्रफ, मौ. कामिल, मौहम्मद वासिल पुत्रगण स्व. असगर अली | श्री असगम अली पुत्र मौ. कासिम | बडजियाउलहक - 458 |
| 21. | श्री मो. वसीम पुत्र मो. आकिल | श्री मोहम्मद आकिल पुत्र असगर अली | मटकाटा-5/40 |
| 22. | श्रीमति फरहत पत्नी सलाउदीन | श्रीमति कौसर पत्नी शादाब | लहस्वाडा - 874/6 |
| 23. | श्रीमति फरहत पत्नी सलाउदीन | श्री मौ. अली जान पुत्र बाबू | लहस्वाडा-874/6 |
| 24. | श्री विजय कुमार सिंघल पुत्र विरेन्द्र कुमार सिंघल | श्री कृष्णा लाल पुत्र गंगा राम | जनकपुरी - 561 |
| 25. | श्रीमति दुर्गा गुप्ता, स श्री शिवम गुप्ता पत्नी/पुत्र प्रदीप गुप्ता | श्री प्रवोध कुमार पुत्र बारूमल | कायस्थवाडा - क-208 |
| 26. | श्रीमति सारिका शर्मा पत्नी विकास कुमार | श्री नवनीत त्यागी पुत्र देवराज त्यागी | रेलवे रोड-953 का जुज भाग |
| 27. | श्रीमति तबस्सुम पत्नी अब्दुल कदीर | श्री शाहिद खा, कादिर खां पुत्रगण शब्बीर | फौलादपुरा-461 का जुज भाग |
| 28. | श्री सानिया पत्नी मौहम्मद अरशद | श्री मौहम्मद उस्मान पुत्र नूर मौहम्मद | सरायपीरजादगान-411/84 |
| 29. | श्रीमति रिहाना पत्नी मुरसलीन | श्री फुरकान अंसारी पुत्र गफूर अंसारी | किला-440 |
| 30. | श्री सौरभ कुमार पुत्र रामकुमार | श्री चन्द्र भान पुत्र भज्जड | सरायकाहरान-656 |
| 31. | श्री विजय कुमार टंडन पुत्र रामकुमार टंडन | श्रीमति कमलेश पत्नी राजेन्द्र | कायस्थवाडा -क-1106 |
| 32. | श्री मुस्तकीम हसन पुत्र खलील राजा | श्री सन्दीप कुमार, राजेश कुमार | कायस्थवाडा क-678/3, 678/4 |
| 33. | श्रीमति अनीता देवी पत्नी उमेश | श्री अनिल, सुनील, प्रवीण, सन्दीप कुमार व राजेश कुमार पुत्र प्रीमत कुमार | नेचलगढ - 376 का जुज भाग |
| 34. | रूकसाना पत्नी मौ. अय्यूब | हशमत विधवा लतीफ | पठानपुरा घ 181/1 |
| 35. | वाजिद अली पुत्र नसीम अहमद | नफीस पत्नी जरीफ | फौलादपुरा - 451 |

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

## देवबन्द

### युवक को एसओजी ने हिरासत में लिया, हंगामा

## कोतवाली परिसर में धरने पर बैठे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** युवक को एसओजी द्वारा चार दिनों से हिरासत में लिए जाने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बिना कोई कारण बताए युवक को हिरासत में रखने से गुस्साए ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंच पुलिस परिसर में ही धरने पर बैठ गए।

पूर्व ब्लाक प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह और क्षेत्रीय करणी सेना के प्रदेश प्रभारी ठाकुर सुरेंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में रणखंडी गांव के सैकड़ों ग्रामीण कोतवाली पहुंचे और पुलिस अधिकारियों के सामने युवक को गलत तरीके से हिरासत में रखने का गंभीर आरोप लगाया। ठाकुर अनिल सिंह और ठाकुर सुरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि एसओजी ने युवक को किस जुर्म में हिरासत में लिया है, चार दिन गुजर जाने के बाद भी यह जानकारी उसके परि. जनों को नहीं दी गई है। आरोप लगाया कि पुलिस ने युवक को अवैध रुप से हिरासत में रखा हुआ है। पुलिस या तो उसका चालान करे या फिर उसे रिहा करे। इस बीच एसपी देहात मयंक पाठक भी कोतवाली पहुंचे गए। जिन्होंने ग्रामीणों से वार्ता करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने रणखंडी गांव निवासी रवि का चालान कर दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी को चेकिंग के दौरान मंगलौर रोड पुलिस चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से दो पिस्टल और एक तमंचा बरामद हुआ है।



### गोदाम में आग लगने से मची अफरा-तफरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** गोदाम में भयंकर आग लगने से अफरा तफरी मच गई। बताया गया है कि गोदाम एक कबाड़ी का है जिसमें प्लास्टिक का सामान रखा हुआ था। मौके पर पहुंचे लोगो ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

मोहल्ला बेरियान (लाम)में सवेरे करीब पांच बजे एक गोदाम से आग की ऊंची लपटें निकलती देख लोगों में अफरा तफरी मच गई। काफी संख्या में लोग वहां इकट्ठा हो गए। घंटों की मशक्कत के बाद लोगों ने पानी और मिट्टी आदि डालकर आग पर काबू पाया।

दमकल विभाग को इसकी सूचना नहीं दी गई। बताया गया है कि यह गोदाम अरशद नाम के कबाड़ी का है कि जिसने गोदाम में प्लास्टिक आदि का सामान भर रखा है। आग किन कारणों से लगी इसकी जानक. ारी नहीं हो पाई है।

### एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

**देवबन्द।** फैक्टरी में रबड़ जलाए जाने से आस पास फैल रहा धुआं से लोगो को सांस की बीमारी खतरा बना हुआ है। झबीरन गांव निवासी अमरीश त्यागी ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया है। इसमें उन्होंने बताया कि गांव के करीब टायरों से तेल निकालने वाली फैक्टरी लगी हुई है। इसमें रबड़ जलाए जाने से उसका धुंआ लोगों के घरों तक पहुंच रहा है।

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोंहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

### नगरवासियों से सड़कों पर गंदगी न फैलाने की अपील की

**देवबन्द।** नगर पालिका परिषद के ईओ राजपति बैस ने नगरवासियों से गंदगी सड़कों पर इधर उधर न फेंकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर में लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नगरवासियों का सहयोग जरुरी है। इसलिए उन्हें चाहिए कि वे साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और सड़क किनारे कूड़ा न फेंके।

### एंटी रोमियो टीम ने चलाया अभियान

**देवबन्द।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीम ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने नगर के बाजारों और भीडभाड़ वाले इलाकों में महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्हें डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराधों से बचने के गुर भी सिखाए गए।

## चुनाव आयोग इतना पक्षपाती पहले कभी नहीं रहा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** बीते दिन 5 चुनावी राज्यों (पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम, पुडुचेरी) के एग्जिट पोल में अधिकतर अनुमानों में पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी की जीत बताई जा रही है, जबकि तमिलनाडु में डीएमके, केरलम में एलडीएफ और पुड्डुचेरी में बीजेपी गठबंधन सरकार बना सकता है। इन अनुमानों पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल एक रैकेट हैं, वोट देने का अधिकार अब खरते में है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर भी निशाना साधा। जयराम रमेश ने कहा कि इस चुनाव में चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है। आयोग इतना पक्षपाती पहले कभी नहीं रहा।

## छात्रों के बीच फायरिंग के मामले में घायल छात्र सहित 19 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** खेड़ामुगल क्षेत्र के पहुपुर गांव में छात्रों के बीच हुई फायरिंग की घटना के छह दिन बाद पुलिस ने घायल छात्र विधान व अंकुर समेत चार नामजद और 15 अज्ञात युवकों के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस ने यह कार्रवाई पहुपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार, चंदकिरण और शिवपुर निवासी मैनपाल और मनोज की शिकायत पर की है। इसमें गोली के छर्रे लगने से घायल दोनों छात्रों, उनके दो साथी और 15 अज्ञात लड़कों पर मारपीट और फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि इंस्टाग्राम और फेसबुक पर कमेंट के दौरान बच्चों के बीच शर्त लगी और समय रखा गया कि सरकारी ट्यूबवैल पहुपुर के रास्ते पर आ जाना देख लेंगे किसमें कितना दम है। आरोप है कि उनके बच्चों के साथ तमंचे के बल पर मारपीट की गई और एक किशोर पर धारदार हथियार से हमला किया गया। जिसमें वह घायल हो गया था। इस दौरान फायरिंग भी की गई थी।

## पालिका की ट्यूबवैलों पर लगाए गए नए जनरेटर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति की किल्लत से जूझ रहे नगरवासियों को पालिका ने राहत देने का काम किया है। पालिका की ओर से नगर में कई स्थानों पर ट्यूबवैलों पर नए जनरेटर रखवाए गए हैं। ताकि बिजली कटौती होने पर लोगों को पेयजल आपूर्ति की कोई किल्लत न हो।

पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी के कारण लो-वोल्टेज और बिजली कटौती के कारण लोगों को पेयजल की आपूर्ति में परेशानी आ रही थी। नगरवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मोहल्ला नेचलगढ़, किला, शम्बरशेर (भायला रोड) और एचएवी इंटर कॉलेज स्थित ट्यूबवैलों पर नए जनरेटर रखवाए हैं। जिससे अब बिजली गुल होने की स्थिति में लोगों को निर्बाध रुप से पानी की सप्लाई मिलती रहेगी। मोहल्ला नेचलगढ़ के सभासद पति शराफत मलिक ने कहा कि पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग का यह कार्य सराहनीय है, इससे अब लोगों को पानी की किल्लत से जूझना नहीं पड़ेगा। उन्होंने पालिकाध्यक्ष का आभार जताया है।

### भीषण गर्मी से नगरवासियों को राहत देने के लिए पालिका द्वारा उठाया गया कदम

# लाइनमैन की तेज करंट से हालत गंभीर, भाकियू का बिरालसी बिजली घर पर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल ।** थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरगढ़ में बिजली के खंभे पर काम करते समय एक लाइनमैन करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद विभाग द्वारा बरती गई कथित लापरवाही और अब तक मुकदमा दर्ज न होने से आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने बिजली घर पर मोर्चा खोल दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव अकबरगढ़ में एक लाइनमैन बिजली के पोल पर मरम्मत का कार्य कर रहा था, तभी अचानक पोल में करंट उतर आया। करंट लगने से लाइनमैन की हालत बिगड़ गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल लाइनमैन को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी स्थिति चिंता. जनक बनी हुई है।और वह गंभीर रूप से घायल हो चूका है।

**घटना से आक्रोषित भाकियू ने घेरा बिरालसी बिजली घर:** लाइनमैन के साथ हुए इस हादसे और पुलिस-प्रशासन द्वारा इस मामले में अब तक कोई कानूनी कार्रवाई न किए जाने से किसानों में भारी रोष है। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष संजय प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों किसान बिरालसी बिजली घर पर धरने पर बैठ गए हैं।और भाकियू ने आरोप लगाया की जहाँ विभाग की गलती से अनेको लोग काल का ग्रास बन चुके हे वही पूर्व दिनों मे चरथावल निवासी लाइनमेंन नीटू की खम्भे पर चढ़कर तार सही करते हुए दर्दनाक मौत हो गयी थी इसके अलावा भी अनेको घटनाए बिजली विभाग मे हो चुकी हे बावजूद इसके आज तक भी बिजली विभाग के कर्मचारी सही रवेये पर नहीं आए और तार,व अन्य चीजे सही करते हुए क्यों करंट छोड़ा जाता हे जबकि शीटडाउन लिया हूआ होता हे दोषी बिजली कर्मियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी धाराओं मे मुकदमा दर्ज होना चाहिए और दोषी बिजली अधिकारी किसी भी क़ीमत पर नहीं बखशे जाने चाहिए

धरने पर बोलते हुए ब्लॉक अध्यक्ष संजय प्रधान ने विभाग और पुलिस प्रशासन को सीधे शब्दों में चेतावनी दी है। अगर कार्यवाही नहीं होती हे तो वह चक्का जाम कर देंगे। भाकियू ने एक घंटे का समय दिया है। वरना बिरालसी थानाभवन मार्ग को जाम करने की चेतावनी दी। और ज़ब तक दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती तब तक धरने से नहीं हटेंगे बिजली घर पर भारी संख्या में किसान मौजूद हैं और नारेबाजी कर रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के कारण लाइनमैन की जान जोखिम में पड़ी है, लेकिन अधिकारी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। और बिजली विभाग के अधिकारी खुलेआम छोटे कर्मचारियों के जीवन से खेलते हे और जान बूझकर करंट छोड़ने का आरोप लगाते हुए भाकियू ने खूब हंगामा किया मोके पर भारी संख्या मे किसान मौजूद थे और वार्ता जारी थी।

# फर्जी ट्रस्ट के सहारे करोड़ों की संपत्ति पर कब्जे का आरोप

## हसन हुसैन एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव ने अध्यक्ष पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** हसन हुसैन एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े विद्यालयों विशेष रूप से बचपन प्ले स्कूल और ऑक्सफोर्ड स्कूल में बड़े पैमाने पर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ट्रस्ट के आजीवन सदस्य, संस्थापक और सचिव मुदस्सिर हुसैन ने गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है।उन्होंने आरोप लगाया है कि पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट को पारिवारिक ट्रस्ट में बदलकर करोड़ों की संपत्ति को निजी बनाने की साजिश रची जा रही है। मुदस्सिर हुसैन ने मुज़फ्फरनगर प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने, ट्रस्ट व विद्यालयों के सभी वित्तीय लेन-देन की स्वतंत्र ऑडिट कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। गुरुवार को मुदस्सिर हुसैन ने रुड़की रोड स्थित रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रस्ट के नाम पर की जा रही लाखों रुपए की सम्पत्ति हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2011 में स्थापित मूल ट्रस्ट (रजिस्ट्रेशन संख्या 31) के तहत इन विद्यालयों का संच. ालन किया जा रहा था। लेकिन वर्ष 2025 में 17 जुलाई और 28 अक्टूबर को इसी नाम से दो नए ट्रस्टों का गठन कर संस्था की मूल संरचना में बदलाव किया गया। आरोप है कि इन हमनाम ट्रस्टों के गठन में नियमों की अनदेखी की गई और पुराने ट्रस्ट के दस्तावेजों एवं पैन कार्ड का कथित रूप से दुरुपयोग किया गया। मामले में वित्तीय अनियमितताओं का पहलू भी बेहद गंभीर बताया जा रहा है। नवंबर 2025 में केनरा बैंक शाखा में तीन नए खाते खोले गए, जिनमें कथित रूप से फर्जी या परिवर्तित दस्तावेजों के आधार पर लेन-देन किया गया। इतना ही नहीं, विद्यालय की फीस को ट्रस्ट के अधिकृत खातों में जमा कराने के बजाय निजी खातों में ट्रांसफर कराने का भी आरोप है।मुदस्सिर हुसैन का दावा है कि नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच लगभग 15 लाख रुपये की राशि पुराने पीएनबी खाते से निजी खातों में स्थानांतरित की गई। साथ ही आयकर रिटर्न (वित्तीय वर्ष 2023-24) में भी तथ्यों को छुपाकर ट्रस्ट की वास्तविक स्थिति को भ्रामक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त ट्रस्ट से जुड़े करीब 400 गज के प्लॉट के किराये में अनियमितता, अयोग्य व्यक्ति को प्रधानाचार्य नियुक्त करने और प्रशासनिक पारदर्शिता की कमी जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं।



मुजफ्फरनगरः गाड़ियों में लगी आग को बुझाते अग्निशमन पुलिसकर्मी।

# रुड़की चुंगी के पास खड़ी गाड़ियों में लगी आग

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र की चौकी रूडकी चुंगी के निकट काफी समय से खडी पुरान गाडियो में अचानक आग का गोला निकला और आग काफी दूर तक फैल गई। आग की लपटे देखकर आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दी गई सूचना के बाद दमकल विभाग की गाडिया मोके पर पहुंची और काफी देर बाद आग पर काबू पाया।

बता दे कि रूड़की रोड स्थित चुंगी चौकी के पास काफी समय से पुलिस द्वारा कब्जे में ली गई गाडी खडी है। काफी गाडियों की हालत जर्जर हो चुकी है और बरसात के चलते काफी गाडिया खस्ता हालत में हो गई है। इन गाडियों में अचानक ही आग लग गई जहां आसपास के लोगों और चौकी की पुलिसकर्मियों ने इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी। दमकल विभाग की कई गाडी मौके पर पहुंची और काफी देर बाद आग पर काबू पाया। इस समय तक काफी गाडिया जो पहले से खस्ता हालत में थी वह कबाड बन गई। इस आग से लाखों रूपये की क्षति हुई है। दमकल विभाग का कहना है कि किसी पतंगे के कारण यहां आग लगी है।

# शुकतीर्थ में मोरारी बापू की भव्य राम कथा: 2 से 10 मई तक होगा अमृत महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विश्व विख्यात कथा व्यास संत मोरारी बापू के मुख से शुकतीर्थ, शुक्रताल की पावन धरा पर 2 मई से 10 मई 2026 तक भव्य राम कथा का अमृत महोत्सव आयोजित होगा। यह मोरारी बापू की 977वीं राम कथा होगी और शुकतीर्थ में उनका छठा कथा आयोजन है।

**कथा का उद्देश्य और महत्वः** मोरारी बापू की इस राम कथा का मुख्य उद्देश्य मानव मात्र का आत्म-उत्थान एवं स्व-कल्याण है। बापू के लिए शुकतीर्थ में कथा वाचन परमानंद दायक है, क्योंकि यहीं महर्षि शुकदेव ने राजा परीक्षित को पहली बार मद्भागवत कथा



सुनाई थी। बापू इस कथा के माध्यम से शुकतीर्थ के गौरवशाली इतिहास को विश्व पटल पर पुनः स्थापित करना चाहते हैं।

**कथा का समय और स्थानः** 2 मई, शुभारंभः सायं 4 बजे से 7 बजे तक, 3 से 10 मईः प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक , स्थानः शुकदेव आश्रम, शुकतीर्थ, पिछली कथाएंः इससे पूर्व वर्ष 1988, 1991, 1999, 2007 और दिसंबर 2020 में भी बापू यहां कथा कर चुके हैं। बापू के विश्राम के लिए गंगा घाट पर राम कुटीर का निर्माण किया गया है।

**मुख्य यजमान और अंत. रराष्ट्रीय सहभागिताः** इस भव्य समागम के मुख्य यजमान भारतीय मूल के एनआरआई चेतन भाई हैं, जो गुजरात निवासी और युगांडा में रहते हैं। अमेरिका, इंग्लैंड, केन्या सहित अनेक देशों के राम कथा प्रेमी शुकतीर्थ पहुंचेंगे। कथा पूर्णतः निःस्वार्थ है, किसी से कोई चंदा नहीं लिया जाता। सर्व समाज के लोग बिना जातीय भेदभाव के आमंत्रित हैं।

**व्यापक व्यवस्थाएंः-** वातानुकूलित मंडपः प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए विशाल एसी पंडाल- भोजन प्रसादः कथा के बाद शुद्ध सात्विक भोजन, तुलसी भोग के साथ- स्वास्थ्य-सुरक्षाः 24 घंटे अग्निशमन दल, एंबुलेंस, डॉक्टरों की टीम, निःशुल्क दवाएं, - अन्य सुविधाएंः शुद्ध पेयजल, गंगा स्नान, गंगा परिक्रमा, गंगा आरती, 24 घंटे बिजली, स्वच्छ शौचालय, पार्किंग, खोया-पाया केंद्र,- निःशुल्क बस सेवाः मुजफ्फरनगर, जानसठ, मीरापुर, खतौली, पुरकाजी से सामूहिक रूप से आने वाले भक्तों के लिए, सामाजिक कार्यः राम कथा समिति गौ सेवा, श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था, वृक्षारोपण और युवा कथा वाचकों को राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का कार्य कर रही है।

**लाइव प्रसारणः** आस्था, चित्रकूट और विभिन्न आध्यात्मिक चैनलों पर कथा का सीधा प्रसारण होगा। कई विशिष्ट अतिथियों के हेलीकॉप्टर से आने की संभावना है।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि संत मुरारी बापू का शुक्रताल आना हम सबके लिए प्रेरणा और गर्व करने योग्य है। प्रदीप जिंदल ने कहा कि कथा का मुख्य उद्देश्य जन-जन को राममय बनाना है, वहीं दिलीप पुनेवाला ने कहा कि शुकतीर्थ में कथा का मतलब पूरे विश्व को शुकतीर्थ से जोड़ना है। प्रेस वार्ता में सत्यप्रकाश रेशू, अरविन्द कुमार, प्रदीप जिंदल, दिलीप पुनेवाला, जिनेन्द्र गर्ग ने उक्त जानकारी दी।

# धागे से भरा हुआ ट्रक बन गया आग का गोला

**15 लाख रुपये की कीमत का माल हुआ भस्म**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फुगाना/बुढ़ाना।** मेरठ वाया करनाल हाईवे पर बृहस्पतिवार की सुबह उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब फुगाना थाना क्षेत्र में धागे से लदे एक ट्रक में अचानक से भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से भड़की आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते लाखों रुपये की कीमत का धागा जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि चालक ने सूझ बूझ दिखाते हुए समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली।

मिली जानकारी के मुता. बिक पंजाब राज्य के संगरूर जिले से लाखों रुपये की कीमत का धागा लादकर उत्तराखंड के जिला काशीपुर में जा रहा एक ट्रक सुबह करीब 05 बजे फुगाना थाना क्षेत्र में पहुंचा था। इसी दौरान ट्रक के केबिन में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। चिंगारी ने धागे के बंडलों को पकड़ लिया और आग विकराल रूप लेती चली गई। कुछ ही पलों में ट्रक आग के गोले में तब्दील हो गया। आग की लपटें उठती देख ट्रक चालक मुकीम अहमद ने हिम्मत दिखाई और चलते हुए ट्रक से छलांग लगा दी। इसके बाद उसने तुरंत ट्रक मालिक शमशेर को फोन कर हादसे की जानकारी दी। चालक ने बताया कि अगर कुछ सेकंड की भी देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रक मालिक शमशेर के अनुसार ट्रक में करीब 15 लाख रुपये कीमत का धागा लदा हुआ था जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया।

आग इतनी तेज थी कि दूर से ही लपटें और धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक ट्रक और उसमें लदा सारा माल राख हो चुका था। हादसे के चलते मेरठ वाया करनाल हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने क्रेन की मदद से जले हुए ट्रक को सड़क किनारे करवाकर यातायात सुचारू कराया। फुगाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर का भेदी भांजा चोरी में गिरफ्तार

## साढ़े छह लाख की नकदी व जेवर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** घर का भेदी लंका ढहाए, ऐसा ही कुछ ग्राम सुजडू में देखने को मिला जहा रिश्ते के भांजे ने अपने मामा के घर में घुसकर नगदी व जेवर जिनकी कीमत छह लाख रूपये से अधिक बताई गई है, पर हाथ साफ कर दिया था।

पुलिस की भागदौड के बाद घर का भेदी चोरी का आरोपी पुलिस पकड में आ गया है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर और कॉल डिटेल को देखते हुए आरोपी तक पहुंची और गिरफ्तारी के बाद करीब साढ़े लाख की नगदी और सोने के जेवर बरामद कर लिए है।

बताया जाता है कि 29 अप्रैल को थाना खालापार के गांव सुजडू के रहने वाले जुबैर पुत्र खालिद ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि वह पूरे परिवार के साथ 26 अप्रैल से 28 अप्रैल तक किसी प्रोग्राम में रिश्तेदारीमे गया हुआ था

जहां उसकी गैरमौजूदगी में बदमाशों ने घर का लॉकर व अन्य ताले तोडकर करीब सात लाख की नगदी व लाखों के जेवर चोरी कर लिए है। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए कॉल डिटेल को चेक किया इस मामले में नदीम पुत्र नईम निवासी अंबा विहार खालापार को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में बताया कि उसके मामा परिवार सहित बाहर गए हुए थे वह सब कुछ जानता था कि वह नगदी, जेवर कहा रखी है। इसी जानकारी पर उसने चोरी कर ली।




मुजफ्फरनगरः संत मुरारी बापू की श्री राम कथा से जुड़ी जानकारी देते सत्यप्रकाश रेशू।

# किशोर की हत्या में युवक को आजीवन कारावास

**कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर सुनाया फैसला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चार नवम्बर 2022 को कस्बा खतौली के गांव छछरपुर निवासी सतेन्द्र पुत्र सो. हनवीर ने थाने में तहरीर देकर मुक. दमा दर्ज कराया था कि आकाश उर्फ सोनू पुत्र पूरण सिंह ने उसके भाई सूरज की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने इस मामले को धारा 302 आईपीसी व 3/25/27 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने पांच नवम्बर को आरोपी को जेल भेजा। और आरोपी के विरूद्ध छानबीन करके लिखापढी करते हुए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। यह मुक. दमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोस्को एक्ट कोर्ट नम्बर प्रथम की न्यायधीश मंजूला भालोटिया ने गंभीरता पूर्वक किया और सबुत व गवाह के आधार पर आकाश को दोषी पाया। कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर साठ हजार रूपये का अर्थदण्ड भी किया। इस मुकदमे की पैरोकारी एडीजीसी कुलदीप बालियान द्वारा की गई। अधिवक्ता ने भी कोर्ट में घटना से संबंधित सबूत व गवाह पेश किए।



मुजफ्फरनगरः गर्मी से बेहाल युवक सर ढक कर जाता हुआ।

# किशोर से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**पीड़ित किशोर के परिवार की ओर से दर्ज कराया था मामला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली पुलिस ने किशोर को धमकी देकर अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग समय में कुकर्म करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सरवर पीर थाना शामली ने पुलिस को एक तहरीर देकर बताया कि आसिफ पुत्र नौशाद निवासी किदवईनगर खालपार व फरमान पुत्र इरशाद निवासी नियाजीपुरा थाना शहर कोतवाली ने उसके भांजे के साथ अलग-अलग समय में अलग अलग जगह ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

विरोध करने पर उसके भांजे को जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया औरधारा 65(1) 115(2), 351(बीएनएस) व 5/6 पोस्को तहत मामला दर्ज किया। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया और फरमान और आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी की उम्र 35 वर्ष है और दूसरे की 22 वर्ष है। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद दोनो को जेल भेज दिया है।

### आंधी तूफान के बाद शहरकी बिजली गायब

**मुजफ्फरनगर।** गुरुवार शाम तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी ने दस्तक दी, जिससे पूरे जिले में हड़कंप मच गया। कुछ ही मिनटों में सड़कों पर धूल का गुबार छा गया और ख्रश्यता बेहद कम हो गई। लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जाने को मजबूर हुए, जिससे बाजारों और मुख्य मार्गों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उसके बाद रुक रुक कर बारिश होने से मौसम सुहाना बन गया लेकिन आंधी तूफान और बारिश के कारण मुजफ्फरनगर की विद्युत आपूर्ति कई घंटे तक बाधित रही। इस दौरान कई स्थानों पर टीन शेड उड़ गए, होर्डिंग टूट गए और छोटे-मोटे सामान इधर-उधर बिखर गए। ग्रामीण क्षेत्रों में धूल का असर अधिक देखा गया।




मुजफ्फरनगरः बचपन स्कूल ट्रस्ट में भ्रष्टाचार पर जानकारी देते मुदस्सिर हुसैन।

# सांसद हरेंद्र मलिक से भगत सिंह वर्मा ने पृथक राज्य के लिए सहयोग मांगा

■ सभी समस्याओं का एकमात्र हल पश्चिम प्रदेश का निर्माण:भगत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के सहयोग के लिए मुजफ्फरनगर के लोकसभा सांसद हरेंद्र सिंह मलिक से उनके निवास पर मिला। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने सांसद से चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य होने के कारण यहां कानून व्यवस्था चौपट है। पूरा प्रदेश गरीबी महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार गुंडागर्दी व अव्यवस्था की चपेट में है।

उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिवक्ता गणों के 45 वर्षों के लगातार संघर्ष के बावजूद भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज तक हाई कोर्ट की बेंच स्थापित नहीं की गई है। यहां के करोड़ों लोगों को न्याय के लिए 700 किलोमीटर दूर प्रयागराज जाना पड़ता है। जिसमें यहां की जनता को काफी धन और समय खर्च करना पड़ता है। पश्चिम प्रदेश एक विकसित राज्य होगा जहां सभी को शिक्षा और चिकित्सा नि:शुल्क होगी। और प्रति व्यक्ति वार्षिक आय दुनिया के कतर और लक्जमबर्ग देश से भी अधिक होगी। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि सन 1925 से उत्तर प्रदेश के विभाजन की मांग चली आ रही है जिसे के एम पाणिकर और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह ने भी उत्तर प्रदेश को चार भागों में विभाजित करके पृथक पश्चिम प्रदेश के निर्माण की वकालत की है। अब समय आ गया है। कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी सांसदों विधायकों और मंत्रियों को सांसद और विधानसभा में प्रस्ताव पास कराकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण करना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल से वार्ता करते हुए और ज्ञापन लेते हुए मुजफ्फरनगर लोकसभा सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि सहारनपुर मेरठ आगरा में एम्स आईआईटी आई आई एम और शिक्षा और चिकित्सा में सुधार होना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष कृपाल सिंह चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुधीर चौधरी जिला उपाध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ने भी भाग लिया।

# सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक अपराध सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के लिए पुलिस लाइन सभागार कक्ष मे विदाई समारोह का किया गया आयोजन, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए फूल-माला पहनाकर व उपहार भेंट कर दी गयी विदाई। अवगत कराना है कि आज 30 अप्रैल को उत्तर-प्रदेश पुलिस को अपनी सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों के लिए रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को पुष्पमाला पहनायी गयी तथा कर्तव्यों के निर्वहन हेतु उनके द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की गयी। द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गयी। विदाई समारोह के दौरान प्रतिसार निरीक्षक ऊदल सिंह सहित मौजूद रहे।

## महिला को एक माह तक बंधक बनाकर दुष्कर्म कराने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र में महिला को एक माह तक बंधक बनाकर जबरन दुष्कर्म कराने के मामले में मीरापुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, थाना मीरापुर में दर्ज मुकदमे के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों इमरान पुत्र हसीमुद्दीन निवासी भुम्मा रोड ग्राम कैथौड़ा तथा तरन्नुम उर्फ मन्नो पत्नी खालिद निवासी सब्जी मंडी के पीछे खतौली रोड, मीरापुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप, भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट की धारा 67ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## ककराला-मोरना मार्ग पर निर्मित बजरंग धाम में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा शुरू

**मोरना।** गांव ककराला-मोरना मार्ग पर बजरंग धाम का निर्माण किया गया है, जिसमें भव्य मूर्तियों की स्थापना की जा रही है। कमेटी के बालेंद्र सिंह ने बतायाकि बजरंग धाम में मेहंदीपुर बालाजी,दुर्गा, भैरव बाबा, प्रेतराज सरकार, दिवान सरकार, रामदरबार व गोरखनाथ की भव्य मूर्तियों की स्थापना की जा रही है। राजस्थान के सिकंदराबाद से संगमरमर की सवा तीन-तीन फुट उंची मूर्तियां लाई गई है। गुरुवार को पंचाग पूजन व देव स्थापना की गई। शुकतीर्थ के पंडित आचार्य राजीव मिश्र, हर्षित मिश्रा, विवेक मिश्रा, विमनश वाजपेई, पंडित प्रेमदास के द्वारा पूजन कार्य का शुभारंभ किया। शनिवार को बैंड बाजों के बीच गांव में शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसके बाद रविवार को विधिवत रूप से मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। कार्यक्रम में सुरेश पाल, सुनील, ज्ञानेंद्र लगे हुए है।

## प्रेमी संग फरार हुई युवती, साढे तीन लाख रूपये व जेवरात भी साथ ले गई

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र से एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजनों के अनुसार युवती घर से अचानक लापता हो गई और काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पीड़िता के पिता ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री का आलिम पुत्र शादाब के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि योजनाबद्ध तरीके से दोनों ने घर से फरार होने का फैसला किया। इसी दौरान युवती घर में रखे करीब साढे तीन लाख रुपये नकद तथा सोने-चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपी की तलाश में टीम लगाई गई है।

# कॅरियर काउंसलिंग सत्र का हुआ सफल आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर में कक्षा 10 से 12 के विद्यार्थियों हेतु करियर काउंसलिंग सत्र का सफल आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को चिकित्सा एवं अभियांत्रिकी क्षेत्रों में उपलब्ध करियर संभावनाओं के प्रति जागरूक करना था।

मुख्य अतिथि डॉ. विभोर जैन ने सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। आकाश इंस्टीटड्यूट के प्रतिनिधि बादल सिंह ने केवीपीवाई एवं एनटीएसई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी, जबकि अमित वर्मा ने नीट एवं जेईई में सफलता प्राप्त करने की प्रभावी रणनीतियाँ साझा कीं। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रश्नोत्तर सत्र का संयोजन करियर काउंसलिंग सेल की सदस्य रूबी सिंह मलिक द्वारा सुव्यवस्थित रूप से किया गया।यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# मुजफ्फरनगर में ज्ञान भारतम् मिशन के तहत पाण्डुलिपि सर्वेक्षण पर हुई जिला स्तरीय बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

ज्ञान भारतम् मिशन क्या है: बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 'ज्ञान भारतम् मिशन' भारत की समृद्ध ज्ञान परम्परा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय पहल है। इसके तहत देशभर में उपलब्ध पाण्डुलिपियों और दुर्लभ ग्रन्थों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है, ताकि यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्राचीन ज्ञान, दर्शन, साहित्य और संस्कृति की भूमि रहा है और इस अभियान में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सर्वेक्षण का दायरा:** बैठक का संचालन करते हुए डॉ. रणवीर सिंह ने कहा कि मिशन के तहत सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, मठों, मन्दिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी व सार्वजनिक पुस्तकालयों और व्यक्तियों के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों, हस्तलिखित ग्रन्थों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों एवं अन्य दस्तावेजों की पहचान, सर्वेक्षण, कैटालॉगिंग, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण किया जाना है। डिजिटाइज्ड पाण्डुलिपियों को ज्ञान भारतम् पोर्टल के माध्यम से आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

**डीआईओएस का वक्तव्य:** जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्राचीन पाण्डुलिपियां, ताड़पत्र एवं दुर्लभ अभिलेख हमारी समृद्ध ज्ञान परम्परा, सांस्कृतिक विरासत और बौद्धिक चेतना के अमूल्य साक्ष्य हैं। इनका संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों तक हस्तान्तरण हमारा सामूहिक दायित्व है।

**बैठक में उपस्थित गणमान्य:** बैठक में जिला स्तरीय समिति के सदस्य और योजना के क्रियान्वयन में सहयोग हेतु नामित सदस्य उपस्थित रहे।

मुख्य रूप से डॉ. रणवीर सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष, राजकीय जिला पुस्तकालय आशीष द्विवेदी, संग्रहालय प्रभारी ममता रानी, डॉ. राजीव कुमार, प्रवेन्द्र दहिया, डॉ. कीर्ति वर्धन अग्रवाल, डॉ. मनुराधा, संजीव अग्रवाल, प्रोफेसर सचिन कुमार, स्वामी ओमानन्द महाराज के प्रतिनिधि ओमदत्त ने प्रतिभाग किया। सभी सदस्यों ने अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

# श्री राम कॉलेज के छात्र-छात्राओं को किया चयनित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर की इकाई राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में गुरुग्राम की प्रतिष्ठित कम्पनी रुद्रा पावर इंजीनियरिंग प्रा. लि., गाजियाबाद द्वारा बी.टेक., पॉलीटैक्निक, बीएससी, बीसीए0 एवं एमबीए के छात्र/छात्राओं को कैम्पस प्लेसमैंट हेतु आमन्त्रित किया गया। कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकरी ए.के0 त्यागी एवं कम्पनी प्रतिनिधि लाल सिंह व एच0आर0 हैड की संयुक्त टीम ने प्लेसमैंट प्रक्रिया को सम्पूर्ण कराया जिस हेतु बी0टेक0, पॉलीटैक्निक, तथा अन्य विधाओं के छात्र/छात्राओं को सम्मिलित किया गया। इसके उपरान्त ए0के0 त्यागी के माध्यम से विद्यार्थियों को रुद्रा पावर इंजीनियरिंग के ऑपरेशन एण्ड मेंटेनेंस के बारे में बताया कि रुद्रा पावन 'इंजीनियरिंग' तथा 'कॉन्ट्रैक्टिंग' सेवाओं के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम है। लिखित परीक्षा में सफल हुए छात्र/छात्राओं का कम्पनी के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार किया गया।

जिसमें उत्कृष्टता के आधार पर बीटेक के 37, बी0एससी0 के 12, एम0बी0ए0 के 13, बी0सी0ए0 के 7 एवं बी0बी0ए0 के 7 छात्र/छात्राओं का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनकर्ताओं की टीम ने राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के छात्र/छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके ज्ञान का स्तर कम्पनी की मांग के अनु:प है तथा वे सभी छात्र/छात्राएं अनुशासित हैं। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को स्वकेन्द्रित, अनुशासित एवं अपने समय का सदुपयोग करते हुए शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिये।

संस्थान के निदेशक प्रो0 (डॉ.) ए0के0 वशिष्ठ ने बताया कि राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर में इस वर्ष ऑन कैम्पस 18 तथा ऑफ कैम्पस 25 कम्पनियों ने छात्र/छात्राओं का वृहद स्तर पर चयन किया।

# यातायात पुलिस ने 127 के काटे चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात रविन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस मुजफ्फरनगर द्वारा जनपद क्षेत्र में सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत मीनाक्षी चौक से आर्य समाज रोड होते हुए महावीर चौक से प्रकाश चौक तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके। साथ ही नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 127 वाहनों के चालान किए गए। यातायात पुलिस द्वारा यह अभियान जनहित में चलाया गया, जिससे आमजन को जाम की समस्या से राहत मिल सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही यातायात पुलिस ने जनता से यह अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचें। शराब पीकर वाहन न चलाएं।वाहन चलाते समय धैर्य एवं सतर्कता बनाए रखें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।

# भगवंत इंस्टीट्यूट में फेयरवेल समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्यूशंस के फार्मेसी विभाग द्वारा बी.फार्म एवं डी.फार्म अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल-2026 का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामयी वातावरण में किया गया। समारोह में विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन के नए चरण में प्रवेश की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र अपने ज्ञान और कौशल से समाज की सेवा करें तथा संस्थान का नाम रोशन करें।

संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने कहा कि निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। वहीं उपनिदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा ने विद्यार्थियों को पेशेवर जीवन में ईमानदारी और समर्पण बनाए रखने की सलाह दी। जीएम फाइनेंस दुष्यंत कुमार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फार्मेसी विभागाध्यक्ष अंशिका अग्रवाल ने भावुक शब्दों में विद्यार्थियों को विदाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता ही संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि है। समारोह में प्राचार्या नर्सिंग डॉ. विजया डी, प्राचार्य आयुर्वेदा डॉ. संजय गुप्ता तथा एडमिशन मैनेजर डॉ. शीतल राजपूत की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान प्रिंस को मिस्टर फेयरवेल और सुमन शर्मा को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मेघा कटारिया ने किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, स्मृति चिन्ह वितरण और भावुक पलों ने समारोह को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की सफलता में विकास भारद्वाज, रविंद्र, रजत सैनी, आकाश सैनी, विशाल, अंकुर चंद्रा, सुनील, सरिता, हर्षिता, मुस्कान, मोनिका और खुशबू चौधरी सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

# अतिक्रमण से जकड़ा विद्दीबाड़ा बाजार: आक्रोशित व्यापारियों ने खोला मोर्चा



**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** कस्बे के सबसे व्यस्ततम विद्दीबाड़ा बाजार में बढ़ते अतिक्रमण ने अब व्यापारियों की परेशानी को गुस्से में बदल दिया है। गुरुवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम से जुड़े दर्जनों व्यापारियों ने एकजुट होकर पहले कोतवाली पहुंचकर पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग उठाई। इसके बाद व्यापारी नगर पालिका का परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां अधिशासी अधिकारी (ईओ) राजीव कुमार से मुलाकात के दौरान तीखी बहस भी देखने को मिली। व्यापारियों का आरोप है कि बाजार में दुकानदारों और ठेली-फड़ संचालकों द्वारा सड़कों पर अवैध कब्जा लगातार बढ़ता जा रहा है। दुकानों के बाहर सड़क तक सामान फैलाया जा रहा है, वहीं कुछ दुकानदार पैसे लेकर अपने सामने ठेले लगवा रहे हैं। इससे बाजार की मुख्य सड़क संकरी होकर कई जगहों पर पूरी तरह जाम हो जाती है। स्थिति यह है कि ग्राहकों के दुपहिया वाहन भी सड़क पर ही खड़े रहते हैं, जिससे दिनभर जाम की समस्या बनी रहती है। खासकर सुबह और शाम के समय हालात बद से बदतर हो जाते हैं। पैदल राहगीरों, महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

व्यापारियों ने बताया कि यह समस्या पिछले करीब 20 महीनों से बनी हुई है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और नगर पालिका में कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन हर बार बिना मौके पर कार्रवाई किए ही झूठी रिपोर्ट लगाकर शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। इससे व्यापारियों में रोष लगातार बढ़ रहा है। नगर पालिका में ईओ से वार्ता के दौरान कुछ व्यापारियों ने प्रशासन पर जानबूझकर अनदेखी का आरोप लगाया, जिस पर दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया।

व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उन्होंने मांग की कि नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, झूठी रिपोर्ट लगाकर कार्रवाई दिखाने वाले अधिकारियों की भी जांच की जाए।

इस दौरान संजय जैन (दादरी वाले), ऋषभ जैन, पंकज जैन, राहुल जैन, अध्यक्ष अक्षत जैन, सुशील जैन (एलआईसी), रोहित जैन, अजय जैन, अमित जैन, पुनीत जैन, सुबोध जैन, प्रदीप जैन, कृष्णपाल सिंगल, संयम जैन, आयुष जैन, सचिन जैन और संजय शर्मा समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# रात के अंधेरे में शराब की ओवररेटिंग का खेल, आबकारी विभाग बेखबर



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में शराब की दुकानों पर ओवररेटिंग और अवैध बिक्री का खेल लगातार पैर पसारता जा रहा है। दिन के उजाले में ही नहीं, बल्कि रात के अंधेरे में भी खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ प्रशासनिक अधिकारियों की जानकारी में होने के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी कई वाइन शॉप पर चोरी-छिपे शराब की बिक्री की जाती है। खासकर जीटी रोड स्थित दुकानों पर रात दस बजे के बाद भी ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। इस दौरान दुकानों के शटर आधे बंद कर अंदर से शराब बेची जाती है और ग्राहकों से प्रिंट रेट से कहीं अधिक कीमत वसूली जाती है।

जानकारी के अनुसार, बियर की बोतलों पर प्रिंट रेट से करीब 60 रुपये तक अधिक वसूले जा रहे हैं, जबकि व्हिस्की की बोतलों पर 40 से 60 रुपये तक अतिरिक्त रकम ली जा रही है। गुरुवार रात को भी करीब 10 बजे से 12 बजे के बीच यही सिलसिला जारी रहा। ग्राहकों से मनमाने दाम वसूले गए, लेकिन न तो कोई चेकिंग हुई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। ओवररेटिंग और ब्लैक में बिक्री के चलते ग्राहकों और दुकानों के कर्मचारियों के बीच आए दिन विवाद की स्थिति बन जाती है।

कई बार मामूली कहासुनी गाली-गलौज और मारपीट में बदल जाती है। हालात यहां तक पहुंच जाते हैं कि लाठी-डंडे चलने लगते हैं और पथराव जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। पूर्व में रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित वाइन शॉप पर ग्राहकों और सेल्समैन के बीच हुए विवाद में जमकर मारपीट और पथराव हुआ था, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही हैं। बावजूद इसके प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि यदि आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस समय-समय पर सख्त कार्रवाई करे, तो इस तरह की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

कस्बावासियों ने मांग की है कि रात के समय विशेष अभियान चलाकर ओवररेटिंग और ब्लैक में बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं का शोषण रोका जा सके और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे। फिलहाल, जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह अवैध खेल बेखौफ जारी है।

### सूचना

मेरी पत्नी जीनत पुत्री इस्लाम अंसारी निवासी बागोवाली की शादी मुझसे 25 नवम्बर 2014 को हुई थी। मेरे तीन बच्चे है, लेकिन वह काफी समय से मुझसे अलग होकर जावेद पुत्र अब्दुल रहमान निवासी मिमलाना के साथ रहती है। मेरा जीनत पुत्री इस्लाम से पति-पत्नी का संबंध पूरी तरह से समाप्त हो गया है। मुझसे और मेरे परिवार से उनका किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा। उसके किसी भी कृत्य की वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**चांद बाबू पुत्र सलीम**
**निवासी रहमानिया कॉलौनी**
**शाहबुद्दीनपुर रोड, मु.नगर**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार अपने ही मजहब के लडके दिलशाद पुत्र शरीफ निवासी बसीकलां थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर के साथ अपनी मर्जी से बिना किसी जोर दबाव के दिनांक-30.04.2026 को निकाह/विवाह कर लिया है, हम दोनों बालिग हैं तथा अपना अच्छा बुरा सोचने समझने में पूर्ण रूप से सक्षम हैं। आज के बाद हम दोनों शौहर-बीवी के रूप में अपना जीवन व्यतीत करेंगे और हमें एक दूसरे से किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति नहीं है और न ही भविष्य में होगी।

**श्रीमति शबाना**
**पुत्री अमीरूदीन**
**निवासी- मौहल्ला**
**मुन्ना लाल, कस्बा**
**थाना व तहसील मवाना**
**जिला मेरठ (उत्तर प्रदेश)**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र मौ. आरिश का जन्म प्रमाण पत्र नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा पंजीकरण संख्या BNPB- 2014- 000351 दिनांक 05/ 11/ 2014 को जारी किया गया था। जिसका नाम त्रुटिवश मौ. आरिश पुत्र मौ. साजिद दर्ज हो गया था जो कि पूर्ण रूप से गलत है। उसका वास्तविक नाम आरिश अली पुत्र मुहम्मद साजिद (Aarish Ali S/o Muhammad Sajid) है। इसलिए भविष्य में अब इसे इसी नाम से जाना और पहचाना जाएगा।

**प्रार्थी: मुहम्मद साजिद पुत्र अब्दुल सत्तार, मकान नंबर 184, वार्ड नंबर 14, कस्बा बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी।**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री महक का जन्म प्रमाण पत्र नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा पंजीकरण संख्या BNPB- 2014- 00346 दिनांक 30/ 10/ 2014 को जारी किया गया था। जिसका नाम त्रुटिवश महक पुत्री मौ. साजिद दर्ज हो गया था जो कि पूर्ण रूप से गलत है। उसका वास्तविक नाम महक हसन पुत्री मुहम्मद साजिद (Mahak Hasan D/O Muhammad Sajid) है। इसलिए भविष्य में अब इसे इसी नाम से जाना और पहचाना जाएगा।

**प्रार्थी: मुहम्मद साजिद पुत्र अब्दुल सत्तार, मकान नंबर 184, वार्ड नंबर 14, कस्बा बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी।**

# तेज रफ्तार कार चालक ने युवक को मारी टक्कर

■ बुढ़ाना मार्ग पर रेहडी चलाता था मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बडौत वाया बुढ़ाना मार्ग पर प्रेम पैलेस के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से रेहड़ी चला रहा व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक कार समेत फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला खाक. रोबान निवासी सविता पत्नी रामकरण ने बताया कि उनका परिवार मेहनत मजदूरी कर गुजर बसर करता है।

बीते 26 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे उसका जेठ राकेश पुत्र नत्थू सिंह रेहड़ी लेकर खेतों की ओर जा रहा था। जब राकेश बड़ौत रोड पर पहुंचा तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए रेहड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राकेश उछलकर दूर जा गिरा।

हादसे में उसका एक पैर टूट गया। सिर, कमर व शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई। हादसे के बाद कार चालक कार समेत भाग गया। राहगीरों की मदद से परिजनों ने राकेश को सीएचसी बुढ़ाना पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सविता ने बतलाया कि राकेश परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य है। इलाज में काफी खर्च आ रहा है जबकि परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस से आरोपी कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# खेत में कूड़ी डालने को लेकर हुआ विवाद

**रतनपुरी/बुढ़ाना।** खेत में कूड़ी डालने को लेकर शुरु हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि समझौता कराने का भरोसा देकर दूसरे दिन 6 लोगों ने लाठी डंडे सरियों से लैस होकर पीड़ित के घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया। हमले में पिता पुत्र व महिला गंभीर रुप से घायल हो गए। ग्राम भूपखेड़ी निवासी राजेश पुत्र ओमबीर ने बताया कि बीते 27 अप्रैल को उनका बेटा निखिल खेत पर गया था। वहां उसने देखा कि गांव का रोहित पुत्र संजू उनके खेत में कूड़ी डाल रहा है। निखिल के मना करने पर रोहित ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर गांव के लोगों ने बीच बचाव किया और कहा कि कल समझौता करा देंगे। ग्रामीणों की बात मानकर पीड़ित ने उस दिन पुलिस में शिकायत नहीं की। आरोप है कि बीते 28 अप्रैल की शाम जब निखिल खेत में जा रहा था तो रोहित ने फिर उसके साथ मारपीट की। निखिल जान बचाकर चिल्लाते हुए घर में घुस गया। तब रोहित अपने चचेरे भाई अर्जुन, भूरा, भँवर, सन्जू, हरिद्वारी के संग लाठी डंडे, सरिया लेकर घर में घुस गया। तहरीर के अनुसार आरोपियों ने घर में घुसते ही निखिल को हत्या की नीयत से पीटना शुरु कर दिया। जब राजेश व उसकी पत्नी बेटे को बचाने आए तो हमलावरों ने उन पर भी डंडे बरसाए। शोर सुनकर लोग इकठा हो गए जिन्हें देख आरोपी हत्या की धमकी देकर भाग गए। हमले में राजेश, उनकी पत्नी हेमलता व बेटे निखिल को चोटें आई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### जैतपुर गढी में चुनावी रंजिश चरम पर.....

# पूर्व प्रधान और पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप

■ प्रत्याशी अंकुर ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव जैतपुर गढ़ी में चुनावी रंजिश का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी अंकुर बालियान ने गांव के दबंग पूर्व प्रधान नेत्रपाल व भौराकलां पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़ित ने न्याय न मिलने पर लखनऊ में आत्मदाह करने की बात कही है। गांव जैतपुर निवासी अंकुर ने बताया कि वह ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ने का इच्छुक है मगर गांव के पूर्व प्रधान नेत्रपाल नहीं चाहते कि वह चुनाव लड़े क्योंकि नेत्रपाल स्वयं भी प्रधानी का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। अंकुर के मुताबिक एक वर्ष पूर्व नेत्रपाल ने उससे साढ़े 16 लाख रुपये में जमीन खरीदी थी। सौदा होने के बाद नेत्रपाल ने उसके 1 लाख 43 हजार रुपये रोक लिए। जब अंकुर ने बकाया रकम मांगी तब उसे धमकियां मिली।

पीड़ित का आरोप है कि नेत्रपाल ने भौराकलां थाने में तैनात दारोगा आकाश व मयंक के साथ मिलकर उसका कई बार उत्पीड़न करवाया। नेत्रपाल के बेटे विशू, आशू व भतीजे समेत अन्य लोगों ने उसे फोन पर गंदी गालियां दी। अंकुर ने बताया कि दबंगों ने उसके घर में घुसकर हमला किया। घर में रखी लाखों रुपये की नकदी व ज्वेलरी लूट ली व जमकर तोड़फोड़ की। बीते 23 अप्रैल को जब वह बाइक से गेहूं तुलवाने नेत्रपाल के घर के पास से गुजरा तो उस पर हमला किया गया। जान बचाकर वह बाइक छोड़कर भागा। दबंगों ने उसकी बाइक पुलिस को सौंप दी जो अब तक थाने में है। सबसे गंभीर आरोप अंकुर ने पुलिस पर लगाया। उसका कहना है कि अब पुलिस उस पर नशीले पदार्थ बेंचने का झूठा मुकदमा लगाने की फिराक में है। 23 अप्रैल को दारोगा मयंक व आकाश उसके घर पहुंचे और पत्नी सोनिया व



पिता ब्रजपाल संग मारपीट की। जब उसने घटना की वीडियो बनाई तो दोनों दारोगाओं ने उसका मोबाइल तोड़ दिया।

अंकुर का कहना है कि उसने इस उत्पीड़न की शिकायत जिले के आला अधिकारियों व भौराकलां एसओ से फोन पर की लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। पीड़ित ने दावा किया उसके पास दबंगों की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी है जिसमें वे मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्द कह रहे हैं। पीड़ित अंकुर ने साफ शब्दों में कहा कि यदि पुलिस ने दबंग पूर्व प्रधान व दारोगाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो वह मजबूर होकर लखनऊ में आत्मदाह करेगा। फिलहाल ये सब आरोप पीडित अंकुर के हैं। इस मामले में पुलिस का पक्ष अभी सामने नहीं आया है। पुलिस जांच के बाद पूरे मामले की सच्चाई का पता लगेगा। अब देखना होगा कि पुलिस इस संवेदनशील मामले में क्या कदम उठाती है।

# आजाद समाज पार्टी की बैठक में बूथ स्तर तक पकड़ बनाने की रणनीति पर मंथन

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आजाद समाज पार्टी (काशीराम) ने 29 अप्रैल 2026 को खतौली विधानसभा क्षेत्र में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की।



कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा, मुख्य मंडल प्रभारी दीपक राणा, मंडल भाईचारा संयोजक जगदीश पाल और विधानसभा अध्यक्ष गौरव तेजियन सहित जिले व विधानसभा स्तर के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने संगठन की सक्रियता और बढ़ते जनाधार का संकेत दिया। बैठक के दौरान खासतौर पर बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके जमीनी ढांचे में होती है, इसलिए हर कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाना जरूरी है। वहीं, मुख्य मंडल प्रभारी दीपक राणा ने संगठनात्मक अनुशासन और सक्रियता पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाए। मंडल भाईचारा संयोजक जगदीश पाल ने सामाजिक समरसता को संगठन की ताकत बताते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की बात कही। विधानसभा अध्यक्ष गौरव तेजियन ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं और लक्ष्य आधारित कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में पिछली गतिविधियों की समीक्षा भी की गई, जिसमें कमियों को चिन्हित कर उन्हें दूर करने के लिए सुझाव लिए गए। साथ ही सदस्यता अभियान को तेज करने, युवाओं को जोड़ने और आगामी चुनावों के मद्देनजर रणनीति तैयार करने पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और पार्टी को क्षेत्र में मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### बुढ़ाना में पुलिस का अतिक्रमण पर चला हंटर

**बुढ़ाना।** कस्बे में जाम व अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली। लगातार बढ़ रहे अवैध कब्जों व अव्यवस्थित यातायात पर नकेल कसने के लिए बुढ़ाना पुलिस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में पुलिस ने महावीर तिराहे समेत मुख्य बाजारों व मार्गों पर पैदल गश्त कर अतिक्रमण हटवाया। अभियान के दौरान पुलिस ने सड़क किनारे बेतरतीब लगे फल विक्रेताओं के फड़ और खड़े हुए ई रिक्शा को हटवाया। चालकों और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि वे सड़क घेरकर कारोबार न करें और वाहन निर्धारित स्थान पर ही खड़े करें। पुलिस ने बाजार में तिरछी व आड़ी तिरछी खड़ी बाइकों को सीधा करवाया। नियम तोड़ने वाले कई वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस की अचानक कार्रवाई से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया। कई लोग अपना सामान समेटकर भागते नजर आए। कुछ को मौके पर कड़ी चेतावनी देकर छोड़ा गया जबकि कई के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की गई। बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने कहा बुढ़ाना की सड़कों पर किसी भी सूरत में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### महिला पर जानलेवा हमले के आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव बलवाखेड़ी की महिला रचना ने थाना चरथावल मे मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया की गांव के ही दबँग व्यक्तियों ने महिला उसके पति और ससुर पर जानलेवा हमला किया था और यह दबँग लोग पूर्व मे भी महिला के परिवार पर हमला कर चुके हेस तीन दिन पूर्व भूसे की ट्राली उतारने को लेकर हुई कहासुनी के बाद हितेश, आकाश, अर्जुन, दीपांशु ने इकठ्ठा होकर महिला रचना उसके पति जसवीर और ससुर पर हमला कर दिया था और महिला रचना के गले मे फंदा डालकर उसे जान से मारने का प्रयास किया था जिसके बाद महिला ने थाना चरथावल पर तहरीर देकर आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा घायलों का मेडिकल कराकर मामले मे कार्यवाही शुरू कर दी थीस महिला की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी हे और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा आरोपियों पर हुई कार्यवाही से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली हे वही थाना प्रभारी ने कहा की किसी भी व्यक्ति को कानून तोड़ने पर बक्शा नहीं जायेगा हर हाल मे कानून का पालन होगा।

# दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लगाए आरोप, रिपोर्ट दर्ज

## ग्राम वैल्ली में दो पक्षों के बीच चल रही है पुरानी रंजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव वैल्ली में पुरानी रंजिश में एक परिवार पर हमला किया गया। दूसरे पक्ष ने भी हमले का आरोप लगाया है। पहले पक्ष के अनुसार बीमार पिता को अस्पताल से छुटी कराकर घर लौट रहे बेटे पर पहले से घात लगाए बैठे दबंगों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया।

हमले में गृहणी हरबीरी, उसका बीमार पति रतन व बेटा गौतम घायल हो गया। सबको जिला अस्पताल रेफर किया गया। ग्राम वैल्ली की हरबीरी ने बताया कि उसका पति रतन कई दिन से बीमार था और एक हस्पताल में भर्ती था।

बेटा गौतम उनकी देखरेख कर रहा था। गत दिनों गौतम अपने पिता को अस्पताल से छुटी दिलाकर जैसे घर पहुंचा तो पहले से घात लगाए बैठे पड़ोसी अविनाथ आदि घर में घुस आए। सबने गौतम को पकड़कर लात घूंसों से पीटा। निशांत ने फावड़े से गौतम के सिर पर जानलेवा वार किया जिससे उसका सिर फट गया और बेहोश हो गया। आरोपियों ने मकान की छत से ईंटें बरसानी शुरु कर दी। ईंट लगने से हरबीरी का कान फट गया।

जब बीमार रतन अपनी पत्नी को बचाने आया तो उस पर भी हमला हुआ। ग्रामीण मौके पर पहुंचे बीच बचाव कर परिवार की जान बचाई। दूसरे पक्ष पर्मिला ने गौतम आदि पर हमला करने का आरोप लगाया है। प्रमिला ने बताया पुराने मुकदमे की रंजिश को लेकर गौतम आदि ने उनके घर के बाहर आकर उस पर व उसकी पुत्री पर हमला कर दिया। उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# भूसा भरवाने से मना करने पर युवक पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भौराकलां/बुढ़ाना।** पुरानी रंजिश मे एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। भूसा भरवाने से मना करने पर 2 युवकों ने अर्धरात्रि मे छत पर सो रहे युवक पर सरिये व डंडे से हमला बोल दिया। हमले में युवक घायल हो गया। पीड़ित की मां ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

कस्बा सिसौली निवासी बोहती देवी पत्नी स्व. काला कश्यप ने भौराकलां पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 28 अप्रैल की रात करीब 1 बजे उनका पुत्र सतीश घर के पास स्थित कश्यप चौपाल की छत पर सो रहा था। इस दौरान गांव के सोनू व बिरेन्द्र पुत्रगण महेन्द्र अपने हाथों में सरिया व डंडे लेकर वहां पहुंचे। दोनों ने सतीश से भूसा भरवाने को कहा। सतीश के मना करने पर दोनों आगबबूला हो गए व गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने सरिया व डंडों से सतीश के सिर, हाथ पैर पर ताबड़तोड़ वार किए। शोर सुनकर बोहती देवी व मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और सतीश को हमलावरों से बचाया। जाते जाते आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। धमकी दी कि अबकी बार इसे जान से मारेंगे।

हमले में सतीश को गंभीर चोटें आई हैं। परिजन उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। बोहती देवी ने बताया कि बेटे के सिर में गहरी चोट है। पीड़िता बोहती देवी ने भौराकलां थाने पहुंचकर आरोपियों सोनू व बिरेन्द्र उर्फ प्रविन्द्र के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# राजमाता अहिल्याबाई होल्कर डिग्री कॉलेज को मिली मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र में उच्च शिक्षा को नया आयाम मिलने जा रहा है। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर डिग्री कॉलेज को शासन से मान्यता का पत्र प्राप्त हो गया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। सामाजिक कार्यकर्ता अमित गोयल व रविंद्र पाल ने कॉलेज के संस्थापक डॉक्टर सत्येंद्र पाल व पुष्पेंद्र बालियान को बधाई दी। डॉक्टर सत्येंद्र पाल कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कॉलेज शाहपुर के प्रबंधक हैं और लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय हैं वहीं पुष्पेंद्र बालियान चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज गोयला से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हरबीर सिंह के पुत्र हैं। दोनों ने मिलकर क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा की सुविधा देने का बीड़ा उठाया है। डिग्री कॉलेज को मान्यता मिलने से बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा जगत में डॉक्टर सत्येंद्र पाल के नाम एक नई उपलब्धि जुड़ गई है। अब क्षेत्र के छात्र छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा जो संसाधनों के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती थी।

मान्यता पत्र मिलने की खबर पर अमित गोयल व रविंद्र पाल ने डॉक्टर सत्येंद्र पाल व पुष्पेंद्र बालियान से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। उन्होंने कहा यह कॉलेज क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। यहां पढ़ने वाले युवा देश प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। डॉक्टर सत्येंद्र पाल ने बताया कि शासन से मान्यता मिलने के बाद अब बीए व बीएससी आदि पाठ्क्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरु की जाएगी। कॉलेज में अनुभवी शिक्षकों की नियुक्ति व आधुनिक सुविधाएं दी जाएंगी। उनका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर ग्रामीण अंचल के बच्चों का भविष्य संवारना है। कॉलेज को मान्यता मिलने से अभिभावकों व छात्र छात्राओं में खासा उत्साह है। लोगों ने इस पहल के लिए डॉक्टर सत्येंद्र पाल व पुष्पेंद्र बालियान का आभार जताया है।

### बुढ़ाना में बदला मौसम का मिजाज......

# अचानक से हुई बारिश से किसान हुए बेहाल

**( नसीम कुरैशी/महक कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** क्षेत्र व कस्बा बुढ़ाना में गुरुवार को मौसम ने अचानक पलटी मारी और दोपहर के समय हल्की बारिश शुरू हो गई। सुबह से खिली धूप और सामान्य चल रहे मौसम के बीच अचानक घिरे काले बादलों और बारिश ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दी। इस बेमौसम बारिश से खेतों में कटकर पड़ी गेहूं की फसल और खुले में रखे भूसे को भारी नुकसान की आशंका है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र में इन दिनों गेहूं कटाई का काम जोरों पर है। अभी भी कुछ किसानों की फसल कटकर खेतों में ढेर के रूप में पड़ी है। कई किसानों ने गेहूं निकालकर भूसा भी खेतों में ही खुले में छोड़ रखा है। मौसम विभाग की कोई चेतावनी न होने के कारण किसान बेफिक्र थे लेकिन दोपहर में ही अचानक से शुरू हुई हल्की सी बारिश ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। आसपास के किसान यूसूफ, नीटू, सजू, जाकिर, नौशाद और मजाहिर आदि किसानों ने बताया कि बारिश से खेत में पड़ा गेहूं भीग गया है। यदि धूप नहीं निकली तो गेहूं में नमी बढ़ने से दाने काले पड़ जाएंगे और मंडी में भाव नहीं मिलेगा वहीं भीगा हुआ भूसा सड़ जाता है और पशुओं के खाने लायक नहीं रहता। इससे दोहरी मार पड़ेगी। किसानों का कहना है कि सालभर की मेहनत एक झटके में बर्बाद होने के कगार पर है। लागत तक निकलना मुश्किल हो जाएगा। उधर भारतीय किसान यूनियन के बुढ़ाना नगर अध्यक्ष और गांव सफीपुर पटी से प्रधान पद के उम्मीदवार इसरार अहमद ने यहां के स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजकर नुकसान का आंकलन कराया जाए। प्रभावित किसानों को मुआवजा और सरकारी खरीद केंद्रों पर भीगे गेहूं की खरीद में छूट दी जाए। उधर मौसम के जानकारों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले 24 घंटे में भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। ऐसे में किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

# शुकतीर्थ के महंत स्वामी राजगिरी महाराज को बनाया महामंडलेश्वर

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ ओम धाम आश्रम के महंत स्वामी राजगिरी महाराज को षड दर्शन साधु-समाज अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति हरिद्वार ने महामंडलेश्वर बनाया है। जिसके बाद साधु-संतों ने विधि-विधान से उनकी चादर पोसी की। शुकतीर्थ नगरी के व्यास कालोनी स्थित ओमधाम आश्रम के राजवीर महाराज ने अपने गुरु मंहत चेतानंद गिरी महाराज से सन्यास दीक्षा ली थी, जिसके बाद वह महंत स्वामी राजगिरी महाराज बन गए थे। गुरुवार को हरिद्वार कनखल ओम धाम आश्रम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें षड दर्शन साधु-समाज अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति हरिद्वार के अध्यक्ष गोपाल गिरी महाराज, उपाध्यक्ष स्वामी चेतानंद गिरी महाराज, मनीश गिरी महाराज, महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज, महामंडलेश्वर रूद्रानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर राजराजेश्व. री देवी ने सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने के लिए महंत स्वामी राज. गिरी महाराज को विधि-विधान से महामंडलेश्वर की चादर पोसी की। इस दौरान स्वामी प्रशांत पुरी, सुमित, आशीष, कुलदीप, कृष्णपाल मौजूद रहे। नगरी में पहुंचने पर संतों ने उनका भव्य स्वागत किया।



# खतौली के सेंट थॉमस स्कूल ने रचा कीर्तिमान, आईएससी बोर्ड में 100 प्रतिशत परिणाम से बढ़ाया मान

## 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले रहे दर्जनों छात्र, जश्न में डूबा स्कूल परिवार

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेंट थॉमस स्कूल, खतौली ने इतिहास रच दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 की आईएससी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल व्याप्त है। इस शानदार सफलता के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सतत सहयोग प्रमुख रहा।



**दसवीं में दमदार प्रदर्शन:** कक्षा दसवीं में कुल 99 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए और सभी ने सफलता हासिल की। आरव उपाध्याय ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। सुहाना सिंह 97.8प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अनुष्का अहलावत ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। खास बात यह रही कि 23 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की गुणवत्ता को साबित किया।

**बारहवीं में भी लहराया परचम:** कक्षा बारहवीं के परिणाम भी उतने ही शानदार रहे। कुल 57 विद्यार्थियों में सभी ने सफलता प्राप्त की। वत्सल गोयल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। सोफिया नाज 97.75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और रविकांत ने 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। आस्था मोतला पुत्री विकास मोतला ने भी 95 प्रतिशत अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज कराई। इस कक्षा में 27 छात्रों ने 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

**जश्न और गर्व का माहौल:** परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। हर ओर सफलता का उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला।

**सर्वांगीण विकास बना सफलता की कुंजी:** विद्यालय में केवल पाठ्क्रम तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। आधुनिक शिक्षण पद्धति, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सह-पाठ्क्रम गतिविधियों का संतुलन विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर थॉमसन थॉमस ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास को दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊन शुगर मिल से ट्रैक्टर-ट्रॉली में चीनी से भरे कट्टे लादकर करनाल जा रहे पिता-पुत्र गुरूवार को सड़क हादसे का शिकार हो गए। गंगारामपुर के पास तेज रफ्तार के चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे खेत में पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर चौकी प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुँचें और एम्बुलेंस से घायल पुत्र को अस्पताल मे भतक्त कराया गया। पुलिस ने पीडितो के परिजनो को हादसे की जानकारी दी।

जलालाबाद निवासी मुकीम अपने पुत्र फिरोज के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में चीनी के कट्टे लादरकर करनाल की ओर जा रहे थे। जैसे ही चीनी से लदा ट्रैक्टर-ट्रॉली गंगारामपुर के जंगल में पहुंचा तो अचानक तेज गति और असंतुलन के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क से नीचे से गहरे खेत मे जा गिरा। बताया गया है कि खेत सड़क से करीब 7-8 फीट नीचे था, जिससे पलटने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पूरी तरह उलट गया और दोनों पिता-पुत्र उसके नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों और मजदूरों ने दौड़कर दबे पिता पुत्र को बचाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक मुकीम की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल फिरोज को तुरंत उपचार के लिए सीएचसी मे भतक्त कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को करनाल के कल्पना चावला अस्पताल मे रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल युवक के इलाज की व्यवस्था कराई गई है। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदे चीनी के कट्टे खेत में बिखर गए। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए।

## प्लॉट बेचने के नाम पर महिला से ठगी का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र की जनता कॉलोनी निवासी इसराना पत्नी इरफान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने बागपत जनपद के थाना बड़ौत क्षेत्र के गांव फर्खपुर शेखपुरा निवासी मौसम अली से देहात क्षेत्र में प्लॉट संख्या 775 व 776 खरीदने का सौदा किया था। आरोप है कि व्यक्ति ने उक्त प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति के नाम होने की बात कहते हुए बैनामा कराने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली थी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने प्लॉट का सौदा तय होने पर उससे 50 हजार रुपये नकद ले लिए थे तथा बाद में 10 जून 2026 तक 2.50 लाख रुपये में प्लॉट का बैनामा कराने का आश्वासन दिया था। महिला का कहना है कि आरोपी ने बाद में उक्त प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया और न तो उसके रुपये वापस किए।

# बाइकों के बाद एक ही नंबर की दो गाडियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र में एक ही नंबर प्लेट के वाहनों का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। पूर्व में भी कस्बे में एक ही नंबर की दो बाइकों का मामला सामने आया था वहीं अब थाना भवन क्षेत्र में एक ही नंबर की दो वेन्यू कार मिलने से सनसनी फैल गई है।




जानकारी के अनुसार थाना भवन क्षेत्र के गांव सोहजनी निवासी युवक थाना भवन में किसी कार्य से आया था तो उसने देखा की उसकी गाड़ी के नंबर पर दूसरी वेन्यू कार को चलते देखा। शक होने पर युवक ने गाड़ी को रुकवाकर चालक से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि चालक भी थाना भवन क्षेत्र के ही गांव भैसानी इस्लामपुर का रहने वाला है। इसी दौरान मौका पाकर वह अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया। पीड़ित द्वारा थाना भवन थाने में तहरीर दी गई है। साथ ही पूरे मामले को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर भी साझा किया गया है जिससे यह मामला और अधिक चर्चा में आ गया है। कादरगढ़ चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। उच्च अधिका. रियों के निर्देश पर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ही नंबर प्लेट पर दो वाहनों का चलना बेहद गंभीर विषय है। यदि इस नंबर से पहले कोई घटना हुई है तो उसकी भी गहन जांच होनी चाहिए ताकि किसी निर्दोष को परेशानी न हो और असली दोषी पर कार्रवाई हो सके।बताया जा रहा है कि इस मामले को गांव सोहजनी निवासी आरिफ द्वारा सोशल मीडिया पर उठाया गया है।

## पड़ोसी पर मारपीट व धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी पप्पी दास बताया कि उसका पड़ोसी काफी समय से पीड़ित सहित परिवार से रंजिश रखता है।

आरोप है कि उसका पुत्र रितेश कुमार 10वीं का छात्र है पड़ोसी व्यक्ति का पुत्र मुकुल आए दिन उसके पुत्र को परेशान करता है। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की तथा विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि पूर्व में भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो चुकी है।आरोपी पक्ष लगातार दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है।

# घर में घुसकर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना क्षेत्र के ग्राम दभेड़ी खुर्द में घर में घुसकर मारपीट व जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, बुधवार को ग्राम दभेड़ी खुर्द निवासी तसव्वर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि उसके चचेरे भाइयों सरवर और असलम के घर में घुसकर अफसरून, कौसर, नौशाद उर्फ सादा और मोनिश ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को थाना कैराना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों अफसरून पुत्र फैय्याज और कौसर पुत्र फैय्याज निवासी दभेड़ी खुर्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बल्कटी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गौरव चौहान, हेड कांस्टेबल ज्योति प्रकाश, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार और कांस्टेबल भानू शामिल रहे।

## तीन तलाक की धमकी देकर विवाहिता को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी हुस्न ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह हरियाणा के पानीपत की विद्या नंद कॉलोनी निवासी नौशाद के साथ हुआ था।

आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में पति का व्यवहार बदल गया और वह आए दिन गाली-गलौज व मारपीट करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पति ने उसके साथ मारपीट की और विरोध करने पर तीन तलाक देने की धमकी दी। इतना ही नहीं, कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया। किसी तरह वह अपने मायके पहुंची और परिजनों को पूरी जानकारी दी। पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी। पुलिस मैं पीड़ित विवाहित महिला को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की छांव में शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# गढ़ी हसनपुर में रास्ते में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने को लेकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गढी हसनपुर में बीतीरात्रि दो पक्षो के मध्य मार्ग अवरूद्ध करने व गाली गलौच को लेकर विवाद हो गया। सूचना पर भारी पुलिस के साथ सीओ सीटी मौके पर पहुँचें और ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को शांत किया गया। रातभर पुलिस बल गांव मे तैनात रहा।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव गढी हसनपुर में एक पक्ष द्वारा सडक पर ट्रैक्टर-ट्राली लगाकर भूसा घेर मे उतारा जा रहा था। तभी उसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो युंवक आये और टैक्टर-ट्राली को एक ओर हटाने की मांग करने लगे। जिसका विरा.ेध हुआ तो आरोप है कि बाइक सवारो ने अभद्रता करते हुए गाली गलौच शुरू कर दिया। इसके बाद दोनो मारपीट हो गई। बाइक सवारो ने अपने घर पहुँचने पर बिरादरी के अन्य लोगो को एकत्र करके विरा.ेध किया।

प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया दोनो पक्षो के सैक्डो लोग आमने सामने आ गए। बाइक सवारो ने डायल 112 को अनावश्यक सूचना दे दी। वायरलेस फ्लैस होते ही भारी पुलिसबल मौके पर पहुँचा और दोनो पक्षो के सैक्डो लोगो को तितर बितर किया गया। जानकारी मिलते ही सीओ जितेंद्र यादव मौकें पर पहुँचें और मामले की जानकारी लेते हुए शान्ति व्यवस्था बनाई।

चौकी प्रभारी संदीप यादव ने झगडा करने वाले दोनो पक्षो को कडी चेतावनी दी। वही रातभर पुलिसबल की तैनाती गांव मे बनी रही।

## पुलिस ने छुरों के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपदभर में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने मोहल्ला खैल निवासी इसरार पुत्र स्व. सईद तथा हसीम पुत्र नईम को गिरफ्तार किया।

तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से एक-एक अवैध छुरा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ थाना कांधला में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और दोनों का चालान कर दिया है।

# खोखरी नदी का एसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** खोखरी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड मे है। उपजिलाधिकारी ऊन राजस्व टीम के साथ चौसाना पहुँचें और लक्ष्मीपुरा से सकौती तक खोखरी नदी तक स्थलीय निरीक्षण किया गया। जहाँ अवैध कब्जाधारियों को कब्जा मुक्तकरने के निर्देश दिए। आगामी तीन मई को जिला. धिकारी खोखरी नदी से सम्बंधित विभागो के साथ बैठक करेगे,जिससे पूर्व ही अधिकारियों ने तैयारियाँ शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी आलोक यादव ने बुधवार को खोखरी नदी से सम्बंधित अलग अलग विभागो के साथ की गई बैठक कर नदी के जीर्णोद्धार करने के लिय



कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए है। इसके बाद गुरूवार की सुबह उपजिलाधिकारी विनय प्रताप सिंह भदौरिया राजस्व लेखपालो के साथ चौसाना पहुँचें जहाँ उन्होने लक्ष्मीपुरा से सकौती तक खोखरी नदी का स्थलीय निरीक्षण किया। बता दें कि एसडीएम ऊन की नवीन तैनाती हुई है। जिस कारण स्थलीय किया गया ताकि भौगोलिक स्थिति को समझा जा सके और खोखरी नदी के जीर्णोद्धार के लिए उचित कदम उठाये जा सके। वही बताया गया है कि आगाती तीन मई को जिला. धिकारी सम्बंधित विभागो के संग बैठक कर जीर्णोद्वार के लिए चर्चा करेगें। इसके लिए अधीनस्थ विभागो के अधिकारियो ने कमर कस ली है। वही दूसरी ओर स्थलीय निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कब्जाधारियों को कब्जा मुक्तकरने के निर्देश दिए है।

### 40 से अधिक लोगों को जारी किए जा चुके हैं नोटिस

**चौसाना।** एनजीटी मे दायर याचिका की सुनवाई एवं इसकें बाद जीर्णोद्वार के लिए एनजीटी के दिशा निर्देशों के बाद सहारनपुर व शामली के जिला प्रशासन अपनी कार्यवाही मे लगा हुआ है। इसके लिए नदी पर हुए अतिक्रमण को मुक्तकराने के लिए चौसाना के आठ ग्रामीण परिवारो एव सकौती के 32 परिवारो को कब्जामुक्तिके नोटिस राजस्व व ड्रेनेज विभाग द्वारा दिए गए थे। लेकिन प्रभावी कार्यवाही नही होने के कारण कब्जामुक्ति नही हो सकी। जिलाधिकारी आलोक यादव की तैनाती के बाद अधिकारियों के साथ बैठक मे खोखरी नदी का मुददा प्रमुख रहा। जिस कारण माना जा रहा है कि खोखरी नदी के सम्बंध मे प्रभावी कार्यवाही होगी।

## स्मार्ट मीटर को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के सुभाष चौक स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर गुरुवार को स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं और व्यापारियों ने बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग से मुलाकात कर समाधान की मांग उठाई। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर धारकों की बिजली अचानक काट दी जाती है और बिल जमा करने के बाद भी कई-कई दिनों तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की जाती, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने कहा कि बिना बिजली के अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है और विभागीय कर्मचारी भी उपभोक्ताओं का सहयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं का स्थाई समाधान कराने की मांग की।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। इसके बाद उन्होंने एमडी रविंदर कुमार से वार्ता कर उपभोक्ताओं की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर के व्यापारी और स्मार्ट मीटर उपभोद्रा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने मांग की कि एक किलोवाट से छह किलोवाट तक के स्मार्ट मीटर उपभोद्राओं को कम से कम एक माह की राहत दी जाए, ताकि उपभोक्ता बकाया बिल जमा कर अपनी विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रख सकें। इस दौरान महेश वर्मा, ऋषभ संगल, प्रमोद वर्मा, अरुण संगल और नितिन गर्ग मौजूद रहे।

## चार बच्चों की मां को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही दो भाइयों और एक महिला पर उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी घर से हजारों रुपये की नगदी और जेवरात भी साथ ले गई। मामले में पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है।गुरुवार को पीड़ित अपने चार बच्चों के साथ थाने पहुंचा। उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। आरोप है कि गांव के ही दो भाई और एक महिला उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी घर में रखी नगदी और जेवरात भी साथ ले गई है। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी पत्नी का कहीं सुराग नहीं लग रहा है।मां के अचानक घर से चले जाने के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की माओग करते हुए पत्नी की बरामदगी की मांग की है।

## घर में घुसकर मारपीट में तीन नामजद

**बिडौली।** क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित शाहरुख पुत्र शहादीन ने थाना झिंझाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शाहरुख ने बताया कि बुधवार देर शाम उसके रिश्तेदार रिफाकत पुत्र सादीन निवासी मुंडीगढ़ी उसके घर आ रहे थे। रास्ते में कुछ युवक बीच सड़क पर खड़े थे। रिफाकत ने उन्हें हटने के लिए कहा, लेकिन आरोपियों ने रास्ता देने की बजाय गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर शाहरुख की मां समूना भी मौके पर पहुंची और रास्ता खाली करने को कहा, तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की। पीड़ित के अनुसार, इसके बाद रिफाकत और उसकी मां घर लौट आए, लेकिन कुछ ही देर में आरोपी अपने कई साथियों के साथ उनके घर पहुंच गए और रिफाकत व उसकी मां के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# महिलाओं के आरक्षण को लेकर सपाइयों ने किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरुवार को समा. जवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर लखनऊ में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान शामली एमएलसी किरणपाल कश्यप ने सहित अन्य नेताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और महिलाओं के अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद की।



शामली एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि देश की आधी आबादी यानी महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बेहद जरूरी है, लेकिन केंद्र सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यदि जल्द महिला आरक्षण लागू नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किरण पाल कश्यप ने मांग की कि महिला आरक्षण सभी राजनीतिक दलों में समान रूप से लागू किया जाए। साथ ही इसमें सभी वर्गों और सभी धर्मों की महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व दिया जाए, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को भी उचित भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# प्रेमी संग फरार हुई युवती, घर से नकदी व जेवर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे में एक युवती के प्रेमी के साथ घर छोड़कर जाने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवती घर में रखी नकदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई। उन्होंने युवक समेत उसके परिजनों पर सहयोग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री का मोहल्ले के ही युवक के साथ प्रेम संबंध था। इसकी जानकारी होने पर दोनों पक्षों को पहले समझाया गया था, जिस पर युवक और उसके परिजनों ने भविष्य में ऐसा न करने का भरोसा दिया था। आरोप है कि 28 अप्रैल की सुबह करीब 10रू30 बजे, जब वह और उसका पति मजदूरी के लिए बाहर गए थे, तभी उक्त युवक उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया ।परिजनों के अनुसार युवती घर में रखे करीब 1.30 लाख रुपये नकद, चांदी की पाजेब, अन्य चांदी के आभूषण और सोने के जेवर भी साथ ले गई, जो दूसरी पुत्री की शादी के लिए रखे गए थे। घटना की जानकारी छोटी पुत्री और मोहल्ले के अन्य लोगों ने दी, जिन्होंने युवती को युवक के साथ जाते देखा था। परिजनों का आरोप है कि युवक के परिजनों ने भी इस मामले में सहयोग किया। जब वे आरोपी के घर पहुंचे तो वहां कोई नहीं मिला। इसके बाद पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और आरोपी पक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं0 6802/20.06.2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे पुत्र का नाम दर्ज नहीं हो पाया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अहमद दानियाल है। पंजीकरण हेतू आवेदन पत्र संबन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**शाहिद**, मोहल्ला अमानत अली जलालाबाद (शामली) मो0 7820049020.

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं0 218/27.04.2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे पुत्र का नाम दर्ज नहीं हो पाया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम Azlan / अजलान है। पंजीकरण हेतू आवेदन पत्र संबन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मुकीम अहमद**, मोहल्ला करीम बख्श जलालाबाद (शामली) मो0 +91 9760794208.

## पुलिस विभाग के चेकिंग अभियान से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर में यातायात व कोतवाली पुलिस द्वारा नगर में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें नगर के अजंता चौक, विजय चौक, फव्वारा चौक, एस तिराहा सहित अन्य स्थानों पर चे.कंग अभियान चलाया गया। चे.कंग अभियान में वाहन चालकों के कागजों की जांच की गई तथा वाहन कागजों की अनियमित्ता पाए जाने पर चालानी कार्रवाई को किया गया।

# सकोती के भूमि विवाद मे हुई मारपीट के 48 घंटे बाद मुकदमा दर्ज, आरोपी भूमिगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सकौती गांव मे दो दिवस पूर्व भू-विवाद में हुए जानेलवा हमले मे घटना के तीसरे दिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी भूमिगत हो गए है। पुलिस ने आरोपियो को पकडने के लिए दबिश दी लेकिन सफलता नही मिली। वही घायलों की हालात संतोषजनक बताई गई है।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव सकौती में तेजपाल व महक पक्ष मे भू विवाद के चलते धारदार हथियार चले थे। जिसमे दो लोगो को गम्भीर चोटे आई थी। जिनको सीएचसी ऊन पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था।

घटना के बाद पीडितो के पिता महक सिंह ने तेजपाल व उसके दो बेटो को आरोपी बनाते हुए पुलिस को मामले की शिकायत की थी। पुलिस ने पीडितो की शिकायत पर मुकदमा दर्ज नही किया था। इसके बाद पीडितो ने पुलिस का विरोध शुरू कर दिया था। बैकफुट पर आई पुलिस ने घटना के दो दिनो के बाद मामले मे मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आरोपियों मे गम्भीर धाराओ मे मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियो को पकडने के लिए दबिश दी लेकिन आरोपी भूमिगत हो गए। पुलिस मामले मे जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तैयारियां तेज, अधिकतम वाद निस्तारण के निर्देश

**कैराना।** आगामी 9 मई 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन और अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अक्षयदीप यादव ने की।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए सचिव ने निर्देश दिए कि लोक अदालत में अधिकाधिक लंबित वादों का अंतिम निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर ऐसे मामलों को चिन्हित करें, जिनका निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से संभव है, ताकि वादकारियों को त्वरित राहत मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत आमजन को सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे में संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मामलों के निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में शौदान सिंह आपूर्ति विभाग, सुदेश भारती सीडीपीओ, समीर कश्यप नगर पालिका कैराना अधिशासी, शोभा शर्मा प्रोबेशन विभाग, जिला कृषि अधिकारी प्रदीप यादव, रमेश लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), वीके चंदेल मंडी परिषद, जीपी दिवेंद्र बाट-माप विभाग तथा अमित गुप्ता एसडीओ बिजली विभाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में सचिव ने सभी अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देने का आहवान किया।

# भाकियू चढ़ूनी ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष चौ. निखिल खैवाल के नेतृत्व में देश की राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित विभिन्न ट्रेड डील और मुक्त व्यापार समझौतों का विरोध जताया। किसान नेताओं का कहना था कि भारत सरकार द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए जा रहे अथवा प्रस्तावित व्यापार समझौते किसानों के हितों के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि देश का किसान पहले से ही बढ़ती लागत, फसलों के उचित मूल्य का अभाव, प्राकृतिक आपदाओं और कर्ज के बोझ जैसी



समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में यदि विदेशी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में प्रवेश दिया गया तो इससे भारतीय किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। विद. `शों में खेती व्यापार के रूप में की जाती है, जबकि भारत में खेती किसानों की आजीविका का मुख्य साधन है। सस्ते आयातित कृषि उत्पादों के बाजार में आने से किसानों की उपज के दाम गिर जाएंगे, जिससे उनकी आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। किसान नेताओं ने आशंका जताई कि ट्रेड डील के जरिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बढ़ावा मिलेगा और कृषि क्षेत्र में निजीकरण तथा कॉर्पोरेट नियंत्रण बढ़ेगा, जिससे देश की खाद्य सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है। भाकियू पदाधिका. रियों ने मांग की कि कृषि, डेयरी, पोल्ट्री और किसानों से जुड़े सहायक व्यवसायों को किसी भी मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा जाए। साथ ही एमएसपी की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर ऐसे समझौते करती है तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# आईसीएसई बोर्ड का रिजल्ट हुआ घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आईसीएसई बोर्ड विद्यालयों का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। परीक्षा परिणाम देखने के बाद विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। हाईस्कूल वर्ग में आदित्य गुप्ता ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया, जबकि इंटरमीडिएट में अभय मलिक ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया।

इंटरमीडिएट परीक्षा में अभय मलिक ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। अराध्या जैन ने 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्पित चंद्रा 97 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। तनवी चौधरी ने 96.75 प्रतिशत, अर्जुन बालियान ने 96.5 प्रतिशत और लक्ष्य सिंह ने 94.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा भव्य शर्मा ने 93.75 प्रतिशत, अरव संगल, वंशिका चौधरी और कुमुद ने 93.5 प्रतिशत अंक हासिल किए। आक. श शर्मा और यशुदेव निर्वाल ने 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को मुबारकबाद थी और मिठाईयां खिलाई। परिजनों ने टॉपर छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराते हुए खूब शुभआशीषा दिया। वही सोशल मीडियों पर छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को शुभकामनाऐं दी और रेस्तरां, होटल में जाकर जश्न मनाया गया। सेंट फ्रंसिस स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल परीक्षा में भी बेहतर अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त का छात्र



आदित्य गुप्ता ने जिला टॉप किया। इसके अलावा अविनी मित्तल और वंशिका मित्तल ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। देवांश गर्ग और ध्रुव चौधरी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। लव भारद्वाज और वैष्णवी चौधरी ने 96.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। तपस्या, अनुश्री तायल और अदिति पांडे ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाशु गुप्ता और हर्ष प्रीत ने 95.4 प्रतिशत, माही तोमर ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जतिन संगल और मलविक ने 94.8 प्रतिशत, शिवम ने 94.6 प्रतिशत, अमन ने 94.4 प्रतिशत तथा वाणी खोकर ने 94 प्रतिशत अंक हासिल किए।परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालयों में उत्साह का माहौल रहा और छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का जश्न मनाया। छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रय अपने गुरू जनों और अभिभावकों को दिया है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर ईओ का ट्रांसफर रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बार-बार तबादला करने को कर्मचारी का उत्पीड़न माना है । जलालाबाद नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जयवीर शर्मा के मामले में कोर्ट ने नगर विकास विभाग के उस ट्रांसफर आदेश को रद्द कर दिया है जिसमे विभाग ने केवल ढाई साल की सेवा अवधि मे पांचवा ट्रांसफर कर दिया गया था जिसे लेकर नगर पंचायत के अधिषासी अधिकारी ने इसे उनके साथ अन्याय एवं नियम कानूनो का उलंघन बताते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय मे वाद दायर किया था। तबादला आदेश रदद होने के बाद गुरूवार को फिर से ईओ द्वारा जलालाबाद नगर पंचायत का कार्यभार गृहण कर लिया।सालो से रिक्तव अस्थाई अधिकारी जितेन्द्र राणा के भरोसे चली आ रही जलालाबाद नगर पंचायत मे आठ माह पूर्व 8 अगस्त 2025 मे कस्बे के लोगो की शासन से लगातार मांग पर अधिशासी अधिकारी जयबीर शर्मा की नियुक्तिकी गई थी विगत 22 अप्रैल को एकाएक नगर विकास विभाग द्वारा अचानक उनका तबादला कर फिर से जलालाबाद नगर पंचायत को रिक्तकरते हुए अस्थाई चार्ज जितेन्द्र राणा को दे दिया गया था। विभाग के आदेश को अधिशासी अधिकारी ने विभाग के कायदे कानून व निजी रूप से अपने उपर अन्याय बताते हुए 23 अप्रैल को इलाहाबाद हाईकोर्ट मे याचिका दाखिल करते हुए बताया कि 2023 मे ज्वाइन करने के बाद से मात्र ढाई साल मे उनका यह पांचवा तबादला अलग अलग मण्डलो मे किया गया है जबकि



पास की नगर पंचायत मे एक अधिकारी आठ साल से नियम विरूद्ध एक ही मण्डल व तीन साल से एक जिले मे जमे हुए है। जिन्हे स्थाई अधिशासी को हटाकर अलग अलग अस्थाई चार्ज दिये जा रहे है। उक्तयाचिका पर माननीय न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा 29 अप्रैल को सुनवाई करते नगर विकास विभाग के उस 22 अप्रैल के स्थानान्तरण आदेश को रदद कर दिया कोर्ट ने अपने आदेश मे साफ तौर से बताया कि स्थानात्रण आदेश मे गलत तरीके से किया गया है स्थानांतरण का कारण नही दिया गया है उक्तअधिकारी द्वारा पूर्व मे किये गये सभी चारो तबादला आदेशो का पालन किया गया है वही जनगणना 2026 मे उन्हे चार्ज अधिकारी बनाया गया है। इसी को लेकर 11 मार्च 2026 को जारी नोटिफिकेशन के अनुसार अधिकारी का ट्रांसफर नही होना चाहिये था। कोर्ट के तबादला आदेश रदद करने के बाद जलालाबाद नगर पंचायत मे जयबीर शर्मा द्वारा फिर से 30 अप्रैल को पदभार गृहण कर लिया । अधिशासी अधिकारी ने इस पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी है उनका कहना है कोर्ट से उन्हे न्याय मिला है। जलालाबाद नगर पंचायत मे फिर से पदभार गृहण करने पर चेयरमैन जहीर मलिक सभासदो राकेश शर्मा, सुनहरा कोरी, विजय, राशिद मंसूरी, धर्मवीर सैनी, रोमिल मित्तल व नगर पंचायत कर्मचारियो द्वारा स्वागत किया गया।

# मामूली कहासुनी में जमकर चले लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल खालापार में मामूली कहा. सुनी के बात दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व पत्थर बाजी हुई पथराव में नसीम और उसका पुत्र जुनैद गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से जुनैद की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी जुनैद ने बताया कि बुधवार की देर रात्रि कुछ लोग उसके ताऊ के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। जब वह बीच-बचाव करने के लिए बाहर आया तो आरोप है कि विरोधी पक्ष के लोगों ने मकान की छत से ईंटें फेंकनी शुरू कर दीं। इसी दौरान एक ईट



उसके सिर में लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। वहीं दूसरी ईंट उसके पिता नसीम को लगी, जिससे वह भी घायल हो गए। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट व पत्थर बाजी से मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। और घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कई लोगों के खिलाफ मारपीट और पथराव करने की शिकायत दर्ज कराई है।

# विधायक ने मंदिर जीर्णोद्धार की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन विधायक ने पर्यटन मंत्री से मिलकर जलालाबाद स्थित प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण का कार्य कराये जाने की मांग की।

विधानसभा क्षेत्र थानाभवन के अंतर्गत कस्बा जलालाबाद में बाजार स्थित अति प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण कराये जाने के संबंध में विधायक अशरफ अली खान ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से मिलकर अवगत कराया कि जलालाबाद कस्बे एवं क्षेत्रवासियों द्वारा हस्ताक्षरयुक्त संलग्न प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए अति प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर में हजारों श्रद्धालु अपनी मनोकामना



लेकर भक्तिभाव से दर्शन करने आते हैं यह मंदिर अति प्राचीन होने के कारण जीर्ण -शीर्ण स्थिति में हो गया है। उन्होंने कहा कि जलालाबाद क़स्बा हमारे पूर्वजों से ही आपसी सद्भाव एवं भाईचारा एवं एकता का प्रतीक रहा है। श्री राधा कृष्ण मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है। अति प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने की मांग की इस दौरान पूर्व चेयरमैन जलालाबाद अब्दुल गफ्फार भी उनके साथ मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण में देरी से जनता परेशान

**शामली।** कैराना रोड पर चल रहा सडक निर्माण समय से पूरा न होने से आसपास के दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। शहर के कैराना रोड की खस्ताहाल और आये दिन होने वाले जलभराव की समस्या को देखते हुए उद्यमियों और व्यापारियों ने निवर्तमान जिलाधिकारी से सडक निर्माण कराये जाने की मांग की थी, जिसके बाद डीएम अरविन्द कुमाार चौहान ने उद्यमियों और पीडब्लयूडी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर 70 लाख रूपये के बजट से सडक का निर्माण कराने का प्रस्ताप पास किया था। उक्तसडक निर्माण को करीब 6 माह बीत गए है, लेकिन विभाग अभी भी आधी अधूरी सडक ही बना सका है। लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल ने बताया कि करीब दो माह पूर्व डीएम से मुलाकात कर अधूरे सडक निर्माण को पूरा कराने की मांग की थी। जिसमें 20 दिनों में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया था, लेकिन दो माह बीत जाने के बावजूद सडक का निर्माण पूरा नही हो सका। जिस कारण आये दिन सडक हादसे हो रहे है। सडक ऊंची नीची होने के आये स्कूटी, बाईक और वाहन सवार लोग गिरकर चोटिल हो रहे है। यही नही आसपास के दुकानदारों को उडती धूल के कारण भारी दुश्वारियां हो रही है और दमा जैसी बीमारियां होने लगी है। उद्यमियों और व्यापारियों ने शीघ्र सडक का निर्माण पूरा कराने की मांग की है।

# टैक्सेशन बार एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** टैक्सेशन बार एसोसिएशन की एक बैठक झिंझाना रोड स्थित राज्य कर कार्यालय के बार रूम में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एडवोकेट विचित्र विजय गुप्ता को एक बार फिर नए सत्र के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इसके अलावा विवेक जैन एडवोकेट को महासचिव, श्रवण संगल को कोषाध्यक्ष तथा निखिल संगल को आयकर सचिव नियुक्तकिया गया। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट सतपाल सिंह ने की। नवनियुक्तअध्यक्ष एडवोकेट विचित्र विजय गुप्ता ने



कहा कि संगठन का बार और बेंच के बीच मधुर संबंध बनाए रखना प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्य मिलकर कार्य करेंगे और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। बैठक में अनिरुद्ध गर्ग, श्यामलाल, रमन चौहान, कदम सिंह, मयंक गोयल, प्रवीण गर्ग, निर्भय संगल, नितिन शर्मा, गौरव मित्तल, विनोद गोयल, रजनीश, दीपक मित्तल, पियूष बंसल, नितिन सैनी और अंकित गुप्ता मौजूद रहे।

## अवैध खनन करते दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस के मुताबिक बुधवार को उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रामड़ा के जंगल में यमुना किनारे जेसीबी मशीन से अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखते ही खनन में जुटे लोग भागने लगे, लेकिन सतर्कता दिखाते हुए दो आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया गया।

पूछताछ में उन्होंने अपने नाम नसीर पुत्र शहीद निवासी थाना सनौली, जिला पानीपत और शहजाद पुत्र साकिर निवासी राणा माजरा, थाना सनौली, जिला पानीपत (हरियाणा) बताए। आरोपियों ने कबूल किया कि वे जेसीबी से यमुना से रेत निकाल. कर डंपर में भरते थे और हरियाणा में ऊंचे दामों पर बेचते थे। पुलिस ने मौके से रेत से भरा डंपर एचआर 58 बी 3859 और जेस. ीबी एचआर 60 क्यू 9068 बरामद कर लिये है। जांच में सामने आया कि आरोपियों के पास खनन से संबंधित कोई वैध लाइसेंस, रॉयल्टी या वाहन के कागजात नहीं थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं जिला खनन अधिकारी को मौके पर बुलाकर डंपर और जेसीबी को सीज कराया गया।

# अप्रैल माह में 3615 वाहनों के चालान, 29 वाहन सीज

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन एवं यातायात मुख्यालय लखनऊ के आदेश के क्रम में थाना झिंझाना पुलिस ने यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में सीसी टीम झिंझाना द्वारा पूरे अप्रैल माह में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए कुल 3615 वाहनों के चालान किए गए। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 15 पटाखा बुलेट मोटरसाइकिलों को सीज किया गया। इसके अलावा प्रेसर हॉर्न व बिना नंबर प्लेट के संचालन में पाई गई 14 स्प्लेंडर बाइक को भी सीज किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा और दिनभर चेकिंग के दौरान कई स्थानों पर चालकों की भीड़ देखी गई। सीसी टीम झिंझाना द्वारा अभियान को दो चरणों में संचालित किया जा रहा है। टीम सुबह के समय गांव व कस्बे में पहुंचकर आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करती है, वहीं दोपहर बाद सख्ती के साथ चेकिंग कर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाती है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करें और निर्धारित नियमों




का पालन कर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## कच्ची शराब व जुआ सामग्री के साथ दो गिरफ्तार

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए कच्ची शराब और जुआ सामग्री के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि कैराना मार्ग पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति खड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक सुनील दत्त पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर दो लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम नरेश निवासी मोहल्ला शेखजादगान बताया।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।दूसरे आरोपी ने अपना नाम सावेज निवासी मोहल्ला खेल बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से जुआ खेलने की सामग्री बरामद की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि नगर एवं क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जाएगी और उन्हें जेल भेजा जाएगा।

# मंदिर में मूर्ति स्थापना व भंडारा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सहारनपुर -दिल्ली रोड स्थित माता वाले बाग मंदिर में एक सप्ताह से चल रहे मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आज विधि विधान और वैदिक मंत्रोचार के साथ समापन हो गया। मंदिर प्रांगण में नई मूर्तियां की स्थापना गणमान्य व्यक्तियों एवं मंदिर कमेटी के सदस्यों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न कराई गई। मूर्ति स्थापना के उपरांत मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिऔर उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम को



सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर संदीप जिंदल, सनी जिंदल, गोल्डी जिंदल, शिवम गोयल, हर्ष जिंदल, आशीष सिंघल, नीरज गोयल, अंकुर शर्मा, अंकुर सैनी, कविराज,रूबी जिंदल, विजय लक्ष्मी जिंदल, सहित सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर कमेटी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# ओलावृष्टि के साथ झमाझम बारिश से कैराना में तपती गर्मी से मिली बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कई दिनों से भीषण गर्मी और तेज धूप से जूझ रहे लोगों को गुरुवार को अचानक बड़ी राहत मिली, जब मौसम ने करवट लेते हुए तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू कर दी। इस दौरान क्षेत्र के कई हिस्सों में ओलावृष्टि भी हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। दोपहर तक जहां तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोग घरों में कैद रहने को मजबूर थे, वहीं अचानक आसमान में काले बादल छा गए।



कुछ ही देर में तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई, जिसने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। बारिश के साथ गिरे ओलों ने गर्मी से बेहाल लोगों को राहत का अहसास कराया। बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया और मौसम सुहावना हो गया। लोग घरों से बाहर निकलकर ठंडी हवा का आनंद लेते नजर आए। वहीं, बच्चों ने भी बारिश और ओलों के बीच जमकर मस्ती की। हालांकि, ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि अगर इसी तरह मौसम में बदलाव जारी रहा, तो फसलों पर इसका असर पड़ सकता है।

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी मौसम के ऐसे ही बदले रहने की संभावना जताई है, जिससे लोगों को फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

# ट्यूबवेल चोर गिरोह का खुलासा, 5 शातिर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ छुटमलपुर।** फतेहपुर में अपराध नियंत्रण और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत थाना फतेहपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

एसपी देहात मयंक पाठक ने पुलिस लाईन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम, जिसमें उपनिरीक्षक मशकूर अली, बबलू कुमार और बिजेन्द्र सिंह शामिल थे क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रहे थे तभी मुखबिर की पुख्ता सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कस्बे के ईदगाह के पीछे घेराबंदी कर पांच अभियुक्तों अमजद उर्फ उर्मिला वंश नौमान आकाश उर्फ काशी और रहीश को गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए ये सभी आरोपी थाना फतेहपुर क्षेत्र के ही निवासी हैं जिनके कब्जे से पुलिस ने 25 मीटर सबमर्सिबल केबल एक वेल्डिंग मशीन टूल बॉक्स, गिलैंडर, ड्रिल मशीन, ढाई किलो तांबे का तार और दो अर्थिंग रॉड जैसे भारी मात्रा में चोरी के उपकरण बरामद किए हैं।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे आपस में गहरे दोस्त हैं और अपनी नशे की लत व आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए सुनसान जंगलों में स्थित ट्यूबवेलों तथा खाली पड़े मकानों व दुकानों को निशाना बनाकर वहां से कीमती सामान चोरी करते थे और बाद में उसे अनजान कबाड़ियों को बेच देते थे इस महत्वपूर्ण गिरफ्तारी से क्षेत्र की तीन बड़ी चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण हुआ है, जिनमें 29 अप्रैल को संजय कुमार के खेत से तार चोरी, 27 फरवरी को सावेज की दुकान से मशीनरी चोरी और 16 अप्रैल को फतेहपुर विद्युत उपकेंद्र से 13 अर्थिंग रॉड की चोरी शामिल थी।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में से अमजद, आकाश और नौमान का पहले से ही लंबा आपराधिक इतिहास रहा है, जिसके आधार पर पुलिस ने सभी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है, वहीं एसपी देहात ने थाना फतेहपुर पुलिस टीम के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है

# एफआईआर दर्ज न करने पर जताया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव बडूली में 6 दिन पूर्व डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एक खेत मे मिलने के मामले में पुलिस द्वारा अब तक प्राथमिकी दर्ज न किए जाने से आज ग्रामीण बड़ी संख्या में थाने पहुंचे और विरोध जताते हुए इस मामले मे प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।

थाना आये ग्रामीणों का कहना है कि यह किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज की आस्था से जुड़ा मामला है। ऐसे कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। उल्लेखनीय है कि गत शनिवार सुबह बाबू कश्यप के खेत में फाइबर की डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पड़ी मिली थी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रतिमा को कब्जे में लिया और जल्द ही आरोपी की पहचान कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था।ग्रामीणों ने उसी समय अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर भी दी थी, लेकिन आरोप है कि घटना के छह दिन बाद भी पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न ही किसी तरह की ठोस कार्रवाई की।

नाराज ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उधर थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की पड़ताल की जा रही है और दोषियों के नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। तब कही जाकर ग्रामीण वापस लौटे।

# छात्र, छात्राओं को अधिकारों की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 विशेष जागरूकता अभियान के तहत एस आर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम में छात्र व छात्राओं को उनके अधिकारो की जानकारी दी गई।

गुरुवार को गागलहेड़ी में एस आर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम किया गया जिसमें महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0,के तहत एंटी रोमियो टीम महिला उप निरीक्षक रश्मि वआरक्षी नीतू चौधरी आरक्षी शिवांगी चौहान आरक्षी निशु कुमारी ने कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं और महिलाओं से उनकी समस्याएं सुनीं व सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं बाल विवाह रोकथाम अभियान, विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं और बाल मजदूरी रोकने के बारे में जानकारी दी। साथ ही गुड टच और बैड टच की पहचान और उससे बचाव के तरीके समझाए गए। बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचने के लिए भी जागरूक किया गया, जिसमें डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड, फर्जी कॉल और अनचाहे लिंक से सतर्क रहने की सलाह दी गई।

## चोरी की गुत्थी सुलझी

**नकुड़।** घर में हुई चोरी की गुत्थी सुलझी, तो दूसरी तरफ कानून को ठेंगा दिखाकर इलाके में घूम रहे जिला बदर अपराधी को भी पकड़ लिया गया।

बुधवार की मध्य रात्रि को थानाध्यक्ष सुरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहले चोरी के मामले में दबिश दी। सटीक सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ में घर में घुसकर चांदी के आभूषण चोरी करना कबूल किया। उसकी निशानदेही पर दो बड़ी, दो छोटी पाजेब, एक मर्दानी अंगूठी और चांदी की बिछिया बरामद हुई। इसी बीच पुलिस ने जिला बदर आदेश तोड़कर छिपे बैठे एक शातिर अपराधी को भी धर दबोचा। उस पर कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

# मुख्यद्वार के सौन्दर्यकरण का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** देवबंद मार्ग स्थित विकास खंड कार्यालय में मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती चांदनी राणा द्वारा मुख्य द्वार का उद्घाटन किया गया, साथ ही मीटिंग हॉल में समीक्षा बैठक का आयोजन भी किया गया।

गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती चांदनी राणा ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता रही है और अपने कार्यकाल में उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्य कराए हैं। उन्होंने बताया कि खंड विकास कार्यालय में टाइलिंग एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया है, साथ ही मुख्य द्वार का निर्माण भी करवाया गया है। इस अवसर पर खण्ड विकास परिसर मे एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे उपस्थित लोगो से ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर चर्चा कि गयी ओर विकास कार्यो मे तेजी लाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये।

खंड विकास अधिकारी सो. निका चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय के सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है और इसी क्रम में मुख्य द्वार का उद्घाटन कराया गया है।

इस अवसर पर वर्तमान मंडल अध्यक्ष विजयपाल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, अरविंद राणा (माजरा), संजू राणा (खुडाना), शालू प्रधान (जड़ौदा पांडा), सोनू चेयरमैन (बड़गांव), अमर सिंह खुडाना, टीटू प्रधान (कचराई), रविंद्र राणा (भारी), वेद राणा (खुडाना), जगबीर फौजी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मूर्तियां स्थापना को चल रहा अनुष्ठान सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लखनौती मार्ग पर श्री बाला जी कालोनी में स्थित मंदिर में स्थापना होने वाली मूर्तियों की स्थापना के लिए चल रहा अनुष्ठान कार्यक्रम संपन्न हो गया। गुरुवार को जन कल्याण यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

श्री बाला जी कमेटी व सोशल वैलफेयर ट्रस्ट के प्रबंधन द्वारा मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति की स्थापना की गई है, इसके लिए 24 अप्रैल से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चल रहा था। गुरुवार को अनुष्ठान कार्यक्रम श्रद्धा के साथ संपन्न हो गया। गुरुवार को कार्यक्रम का आरंभ पूजा पाठ से किया गया।

शिव परिवार, मां दुर्गा, हनुमानजी, राधाकृष्ण, शिवलिंग, नंदीजी की मूर्ति को स्थापित किया गया। आचार्य संदीप वशिष्ठ व रोहित वत्स के निर्देशन में विद्वानों की टीम ने यज्ञ का कार्य संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने जन कल्याण के प्रार्थना की गई। सचिन सैनी, ओमपाल जांगड़ा, चंद्रपाल कोरी, नरेश फौजी यजमान रहे। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बारिश के बावजूद तीसरे पहर तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राकेश आर्य, अंकुर प्रजापति, शशांक गोयल, अनिल, राजेश, पप्पू, बृजपाल, सोनम, अरविंद, पंकज, आंचल, यशोदा, मंजू, कुसुम, अनिता आदि शामिल रहे।

## पूर्व प्रधान का निधन

**गंगोह।** रविदास मंदिर कमेटी के पूर्व प्रधान का बुधवार को अचानक निधन हो गया। इस दुखद घटना के बाद पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है।

गंगोह के मोहल्ला टाकान निवासी 60 वर्षीय महेंद्र कुमार का बुधवार को अचानक निधन हो गया। वह रोज की तरह रविदास मंदिर के सामने अपनी रेहड़ी पर सामान बेच रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह नीचे गिर पड़े। बताया जा रहा है कि उनके मुंह से खून भी आने लगा। मौके पर मौजूद लोगों और परिजनों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि महेंद्र कुमार लंबे समय से बीमार थे।

# स्कूल में लोकतंत्र की विशेषता बताई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद के विभिन्न पदों के लिए आयोजित चुनाव प्रक्रिया में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

चुनाव में हेड, वाइस हेड, डिसिप्लिन इंचार्ज, कल्चरल हेड तथा स्पोर्ट्स कैप्टन (बॉय एवं गर्ल) जैसे महत्वपूर्ण पदों के लिए मतदान कराया गया। प्रधानाचार्य रजनी राजपूत व प्रबंधक पंकज राजपूत ने लोकतंत्र की विशेषता बताइए। चुनाव में रितिका, इब्राहिम, वंशिका, आराध्या सहित कई विद्यार्थियों ने प्रत्याशी के रूप में भाग लिया और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का परिचय दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं। चुनाव प्रभारी संदीप ने सबका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सचिन, आकांक्षा, नंदिनी, प्रियंका, गौरव, बाबर आदि मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

सी.एन.पी. डिग्री कालेज ग्राम आभा, परगना हरौडा, सहारनपुर कालेज कोड (226) में स्नातक बी.ए. पाठ्यक्रम में शैक्षणिक स्टॉफ की आवश्यकता है। प्राचार्य- 01, विषय-अंग्रेजी-01, अर्थशात्र-01, हिन्दी विषय-1 सम्पर्क करें- 9897377006, 7895300276

## एक नजर

### भाई को घायल करने का लगाया आरोप

**रामपुर मनिहारान।** एक युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुए चार नामजद व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ अपने भाई पर धारदार हथियारों से हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाही की माँग की है। मौहल्ला महल निवासी रहमान पुत्र शमशाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो दिन पूर्व उसका भाई समीर पुत्र शमशाद टाल चौक पर जावेद जूस वाले की दुकान पर बैठा हुआ था तभी अदनान पुत्र इकबाल, शाउन पुत्र शराफत,साहिल पुत्र शाहिद व सोनू पुत्र इकराम निवासीगण मौहल्ला इकराम वहाँ आए और समीर को जबरदस्ती उठाकर काले रंग की थार गाड़ी में ले गए।उस समय उनके साथ कुछ अन्य लोग और भी थे।सभी समीर को मौहल्ला इकराम में ले गए जहाँ पर उन्होंने समीर पर हथौडियों और कुल्हाड़ी से हमला किया।जिससे समीर को गम्भीर चोटें आई और वह अधमरा होकर बेहोश होकर गिर गया।जिसके बाद हमलावर वहाँ से चले गए रहमान ने बताया कि उसके भाई समीर की हालत नाजुक बनी हुई है।रहमान ने विपक्षियों से जान माल का खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही की माँग की है।

### रजवाहे में मिला अज्ञात शव

**रामपुर मनिहारान।** थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव राजबाहे में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कुछ जानकारी नहीं मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम रेहड़ीमलकपुर के पास से निकलने वाले रजवाहे में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुरुष उम्र लगभग 45 /50 वर्ष के बीच,ऊपर प्रिंट टी-शर्ट नीचे कैपरी पहने हैं। सीधे हाथ पर टैटू का निशान है। कड़ा हाथ में पहने है और चेहरे पर दाढ़ी है। शरीर पर कोई जाहिरा चोट दिखाई नहीं दे रही है। यह रजवाहा पूर्वी यमुना नहर से ग्राम रेडी मलकपुर से निकलता है जो कि रामपुर मनिहारन को जाता है।नहर के किनारे ही जहाँ से रजवाहा निकलता है उसी के पास यह शव नहर से बहता हुआ निकल कर आया है। मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

### मिलीभगत से काटे पेड़ व फसल

**चिलकाना।** क्षेत्र के ग्राम ग्यासुददीनपुर निवासी पीड़ित किसान रामपाल पुत्र रामसिंह ने एसएसपी के यहां प्रार्थना पत्र देकर विपक्षी किसानों पर हल्का लेखपाल की मिली भगत के चलते पीड़ित के खेत से गेंहू की फसल व पोपुलर के पेड़ काटने का आरोप लगाया। पीड़ित ने जानकारी देते हुए बताया कि वह गाटा संख्या 603, 604, 605 में संक्रमणीय भूमिधर है। पीड़ित का विपक्षियों के साथ जमीन के मालिकाना हक के लिए मुकदमा चल रहा था, जिसमें दो वर्ष पूर्व डी.डी.सी. स्तर पर पीड़ित को मालिकाना हक मिल गया था।

# मस्जिदों को बनाएं शिक्षा का केन्द्रः मौलाना सूफियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** खानकाह ए मोहम्मदिया शेरअली मस्जिद में कारवां ए गंगोह द्वारा एक दिवसीय अजमते मुस्तफा, शैक्षिक जागरूकता एवं समाज सुधार सम्मेलन आयोजित हुआ।

अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सुफियान ने कहा कि कौम की तरक्की और सुधार मस्जिदों को शिक्षा का केंद्र बनाने से ही संभव है। समाजमें भलाई शिक्षा का सिलसिला जारी रहने तक ही टिकी रहेगी। वक्ताओं ने समाजमें बढ़ती कुरीतियों दहेजप्रथा, नशाखोरी, और शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची पर गहन चिंता व्यक्त की। आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर बल दिया। शहर काजी सहारनपुर नदीम अख्तर ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाएं मानवता का मार्गदर्शन हैं। मुफ्ती मोहम्मद अब्बास कासमी ने समाज से अपने जीवन को सुन्नत के अनुरूप ढालकर शिक्षा की अलख जगाने को कहा। कार्यक्रम में हकीम सैय्यद सलमान, सैय्यद ओसामा सहारनपुरी, रईस अंसारी, फैसल कुदुसी, डॉ. आसिम कुदुसी, मुफ्ती दानिश आदि रहें।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी सम्पति से सम्बन्धित एक मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री बही नं0 1 जिल्द 3603 पैज 7 से 12 द0 सं0 14492 दिनांक 24.11.1990 जो अतर सिंह ने आशा रानी के हक में किया था व दूसरा मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री बही नं0 1 जिल्द 480 पेज 655 से 666 द0 सं0 3885 दिनांक 04.12.2001 जो आशा रानी आदि ने जगन्नाथ वधवा के हक में किया था व तीसरा बैनाया जिसकी रजिस्ट्री बही नं 1 जिल्द 962 पेज 317 से 334 द0 सं0 1816 दिनांक 03.04.2006 जो जगन्नाथ वधवा ने सीमा वर्मा उर्फ शिमला के हक में किये थे जो सब रजिस्ट्रार सहारनपुर के यहां पंजीकृत थे तीनों मूल बनायें कलैक्ट्रेट कचहरी के पर फोटो कॉपी कराने के लिये आया था वहाँ कहीं गुम हो गये हैं जिसके सम्बध में थाना सदर बाजार को सूचना दे दी गयी है।

प्रार्थी
**आशुतोष गौतम पुत्र श्री इलमचन्द**
निवासी-बी 54 N.T.P.C.
जमथल, बिलाशपुर (हि0प्र0)
हाल निवासी:- श्रीराम वाटिका कॉलोनी, दिल्ली रोड, सहारनपुर।
मो0- 9473196693.

# भगवान बुद्ध की जयंती मनाई



**गंगोह।** श्री राम बाग सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष संस्कार ध्येय प्रतीक के अंतर्गत भगवान बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

भगवान बुद्ध के चित्र पर प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा व अतिथियों के पुष्पार्चन उपरान्त मुख्य वक्ता आचार्या सरला ने भगवान बुद्ध को भगवान विष्णु का नवम्अ वतार बताते हुए उनके जीवन से जुड़ी घटनाएं बताई और उनके जीवों पर दया करों, दुसरों को कष्ट न पहुंचाओं, सरीखे जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने की सीख दी। उमर, सायान, चीनू, अनमोल, वंशु, प्रिंस, विराट, रुद्र, अभिनव, अविका, परिधि ने भगवान बुद्ध के जीवन संस्मरण सुनायें। संचालन रक्षिता ने किया।

## दुघर्टना में बाल-बाल बचा परिवार

**अंबेहटा।** आर्य समाज के प्रधान सुधीर मित्तल का पूरा परिवार गुरुवार सुबह एक भयानक कार दुर्घटना में बाल-बाल बच गया। सुधीर मित्तल अपने परिवार के साथ सुबह-सवेरे सहारनपुर जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी खेड़ा अफगान में तेल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप की ओर मुड़ी, सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक गाड़ी ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि सुधीर मित्तल की गाड़ी काफी दूर तक घिसटती चली गई। मौके पर चीख-पुकार मचने पर लोगों की भीड़ जुट गई और उन्होंने किसी तरह सुधीर मित्तल, उनकी पत्नी अंजलि मित्तल तथा पुत्र कुसाग्र मित्तल को गाड़ी से बाहर निकाला। तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुधीर मित्तल और उनकी पत्नी अंजलि मित्तल को बेहतर इलाज के लिए सहारनपुर रेफर कर दिया है, जबकि पुत्र कुसाग्र मित्तल का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। तेज रफ्तार गाड़ी का चालक अपनी गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

**कार्यालय नगर पंचायत अम्बेहटा, जनपद सहारनपुर**

पत्रांक : 46 / न0पं0अ0/ निर्माण / ई - निविदा सूचना / 2026-27 दिनांकः 30 अप्रैल, 2026

**ई-टैण्डर आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अम्बेहटा जनपद सहारनपुर राज्य वित्त आयोग / नगर निधि के अन्तर्गत निम्न नाला एवं तालाब सफाई कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 02-05-2026 से 23-05-2026 तक वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, निविदाये अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 23.05.2026 की दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। पोर्टल पर निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि FDR/NSC/TDR अधिशासी अधिकारी नगर पंचातय अम्बेहटा के पदनाम से बन्धक कराकर जमा करानी होगी एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि RTGS/NEFT द्वारा नगर पंचायत अम्बेहटा के भारतीय स्टेट बैंक अम्बेहटा में खुले खाता संख्या-38961439624 जिसका आई०एफ० एस० सी० कोड SBIN0011464 है में जमा कराते हुए, मय यू०टी०आर० नम्बर सहित इसकी प्रतिलिपि अपलोड की जानी है। डाली गयी निविदा को पोर्टल से प्रिंट कराकर मूल FDR/ NSC के साथ संलग्न कर कार्यालय मे दिनांक 23-05-2026 को दोपहर 02:00 बजे तक टैण्डर बॉक्स में डाले जाने आवश्यक है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 23-05-2026 की सायंकाल 04:00 बजे नगर पंचायत अम्बेहटा कार्यालय में खोली जायेगी, यदि निविदा खुलने के दिन अवकाश रहता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सक्षम प्राधिकारी मे निहित होगा। अन्य समस्त नियम व शर्ते यथा कार्य का नाम आगणन धनराशि निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर धनराशि निविदा प्रपत्र पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है-

| | |
|---|---|
| Tender Reference | /E-Tender/2026-27 |
| Publish and time for REF<br>Last Date and time for submission to E-tender | 02-05-2026 को दोपहर 02:00 बजे से।<br>23-05-2026 को दोपहर 02:00 बजे तक। |
| Date and time of E-Tender Submit in Tender Box | 23-05-2026 को सायं 02:00 बजे। |
| Opening E-Tender Date & Time<br>Place of opening of E-Tender | 23-05-2026 को सायं 04:00 बजे।<br>Executive Officer Nagar Panchayat Ambehta |
| E-Tender security<br>E-Tender fees | 10% of Tender value.<br>As per tender list. |

(अनिल कुमार भास्कर)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अम्बेहटा, सहारनपुर।

(रेशमा)
अध्यक्ष
नगर पंचायत अम्बेहटा, सहारनपुर।

# ईरान ने एशियन बीच गेम्स में पुरुषों का सॉकर खिताब जीता

**सान्या, वार्ता।** दुनिया की नम्बर 5 टीम ईरान ने बुधवार को ओमान को 6-2 से हराकर छठे एशियन बीच गेम्स में अपना तीसरा पुरुषों का बीच सॉकर टाइटल जीता।

ईरान को 1-0 की बढ़त लेने में सिर्फ 49 सेकंड लगे, जिसमें गोलकीपर सैयदमोहम्मद दास्तान ने एक शानदार लॉन्ग-रेंज वॉली से बराबरी तोड़ी। पहले पीरियड के आखिरी मिनट में, दावूद शोक. री और मोवाहेद मोहम्मदपुर ने एक-एक गोल किया, जिससे ईरान को पहले ब्रेक तक 3-0 की बढ़त मिल गई।

दूसरे पीरियड के शुरुआती मिनट में सलीम सौती अब्दुल्ला ने ओमान के लिए एक गोल किया, लेकिन मोहम्मदपुर ने दो मिनट बाद ही ईरान के लिए चौथा गोल कर दिया। दोनों टीमों ने कई मौके बनाए और गंवाए, जिससे ओमान आखिरी पीरियड में 4-1 से पीछे चल रहा था। ईरान कंट्रोल में रहा क्योंकि शोकरी और अली मिरशे. कारी ने आखिरी पीरियड के बीच में दो और गोल किए, इससे पहले ओमान के सामी बुलुशी ने एक सांत्वना गोल किया। ईरानी नेशनल ओलंपिक कमेटी के सेक्रेटरी जनरल महदी अलीनेजाद ने देश की मजबूत बीच सॉकर टीम पर गर्व से बात की। अलीने. जाद ने कहा, वे बहुत अच्छे हैं और कई बार वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुके हैं। एशिया में, वे नम्बर वन हैं, और दुनिया में, वे टॉप पांच में हैं। ईरान के कप्तान हसनब मोख्तारी ने कहा, हमने अच्छा फाइनल खेलाद्ध हम इस इवेंट में ताकतवर हैं। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ी हैं, और इसीलिए हम टाइटल जीत सके।

# गुजरात ने बेंगलुरु को 155 पर ऑलआउट किया

### अरशद खान ने झटके 3 विकेट, पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए

**अहमदाबाद,वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएलमें गुरुवार को गुजरात टाइटंस को 156 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु 19.2 ओवर में 155 रन पर आलआउट हो गई।

जवाबी पारी में गुजरात ने एक ओवर में बिना नुकसान के 12 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल क्रीज पर हैं। गिल ने भुवनेश्वर के पहले ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही बेंगलुरु की ओर से कोई बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। विराट को.



रबाड़ा की गेंद पर कोहली का कैच लेने के बाद राशिद खान को गले लगाते रबाड़ा।

हली 28 और कप्तान रजत पाटीदार 19 रन बनाकर आउट हुए। अरशद खान ने 3 विकेट झटके। जेसन होल्डर और राशिद खान को 2-2 विकेट मिले। सिराज-रबाडा को एक-एक विकेट मिला।

एक बैटर रनआउट हुआ। बेंगलुरु की टीम 19.2 ओवर में 155 रन पर ऑलआउट हो गई। 20वें ओवर की पहली बाल पर अरशद खान ने वेंकटेश अय्यर को साई सुदर्शन के हाथों कैच आउट कराया। अगली ही बाल पर जोश हेजलवुड रनआउट हो गए। 18वें ओवर में अरशद खान की बाल पर वेंकटेश अय्यर की कोहनी पर लगी। अय्यर शार्ट लेंथ बाल पर क्रास खेलना चाहते थे, लेकिन चूक गए और बाल उनकी कोहनी पर जा लगी। इसी ओवर की चौथी बाल पर भुवनेश्वर ने चौका लगाया। यहां बेंगलुरु की पारी में 23 गेंद के बाद बाउंड्री आई है। 17वें ओवर में जेसन होल्डर ने महज 3 रन दिए। उनकी बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। एक रन लेग बाई से आया। 15वें ओवर की पहली बाल पर जेसन होल्डर ने रोमारियो शेफर्ड को साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। उन्होंने शेफर्ड को 5वीं बार पवेलियन भेजा। होल्डर ने जितेश शर्मा द्धएक रनक्ष को भी आउट किया। 14वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने राशिद खान की बाल पर दो छक्के लगाए। ओवर की आखिरी बाल पर राशिद खान ने देवदत्त पडिक्कल को कैच आउट कराया। उन्होंने पडीक्कल को 5वीं बार आउट किया है। पडिक्कल 40 रन बनाकर आउट हुए। 10.3 ओवर में अरशद खान ने क्रुणाल पंडया को आउट कर दिया। मिडिल और लेग पर पड़ी गेंद को क्रुणाल ने फ्लिक किया, लेकिन मिड-विकेट पर खड़े जेसन होल्डर ने एक और आसान कैच लपक लिया। होल्डर का यह मैच में तीसरा शानदार कैच रहा। 9.4 ओवर पर राशिद खान ने टिम डेविड को आउट कर आरसीबी को बड़ा झटका दिया। डेविड ने मिड-विकेट की ओर शाट खेला, लेकिन जेसन होल्डर ने दाईं ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया।

## खेल विशेष

### ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण अगले महीने होने वाले फेंच ओपन सहित बाकी क्ले कोर्ट सीजन में नहीं खेल पाएंगे। 24 साल के जैक ड्रेपर को जून के ग्रास कोर्ट सीजन में वापसी की उम्मीद है, लेकिन तब तक वह लगभग निश्चित रूप से दुनिया के टॉप 100 खिलाड़ियों से बाहर हो जाएंगे। ड्रेपर ने इस महीने की शुरुआत में बार्सिलोना में सीजन के अपने एकमात्र क्ले कोर्ट मैच से अपने दाहिने घुटने में टेंडन की समस्या के कारण रिटायरमेंट ले लिया था। इसके बाद उन्होंने मैड्रिड और रोम में लगातार दो एटीपी 1000 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया, लेकिन उम्मीद जताई कि वह फेंच ओपन के लिए फिट हो जाएंगे।

### भारत का क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से मुकाबला

**हॉर्सेंस (डेनमार्क), वार्ता।** भारत की पुरु बैडमिंटन टीम गुरुवार को नॉकआउट ड्रॉ की घोणा के बाद बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से भिड़ेगी। 2022 की चैंपियन टीम ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने कनाडा (4-1) और ऑस्ट्रेलिया (5-0) पर शानदार जीत के साथ पहले ही अंतिम आठ में जगह पक्की कर ली थी, लेकिन बुधवार को चीन से 3-2 से करीबी हार के साथ अपना ग्रुप स्टेज खत्म किया। चीनी ताइपे के लिए क्वार्टरफाइनल तक का रास्ता बहुत मुश्किल था। उन्हें मेजबान डेनमार्क के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप सी मुकाबले में बहुत मुश्किल स्थिति में धकेल दिया गया था, जहां उन्हें मुकाबले में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। दबाव के बावजूद, वे नाटकीय तरीके से जीत हासिल करने में कामयाब रहे।

### पीजीडीएवी की जीत में चमके आर्यन व अंकित

**नई दिल्ली, वार्ता।** आर्यन शर्मा (131) के उम्दा शतक और अंकित कुमार (55 रन और 5 विकेट) के शानदार आलराउंड प्रदर्शन से पीजीडीएवी कॉलेज (प्रात:) ने जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज को 93 रनों से हराया। तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती टी-20 डे-नाईट इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में पीजीडीएवी कॉलेज (प्रात:) ने पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 5 विकेट पर 272 रन बनाए। इसके जवाब में जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज की टीम 16-1 ओवर में 179 रन पर आल आउट हो गई। उसकी तरफ से लोकेश बेनिवाल ने105 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। एक अन्य लीग मैच में पीजीडीएवी ब्लू ने पीजीडीएवी (सांध्य) को 91 रनों से हराया। पीजीडीएवी ब्लू ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 240 रन बनाए। राहुल बाग ने 92, लक्षय बंसल ने 78 रन बनाए। प्रबाल सचदेव ने 57 रन पर 4 विकेट चटकाए। इसके जवाब में पीजीडीएवी (सांध्य) की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन ही बना सकी।

# ऑरेंज कैप फिर हुई अभिषेक की

**मुम्बई, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिोक शर्मा ने राजस्थान रॉयल्स (आआर) के आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को पछाड़ कर ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है।

बुधवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के दो बल्लेबाज 400 रनों का आंकड़ा पार कर उनसे आगे निकल गए। 24 गेंदों पर 45 रन बनाने वाले अभिोक शर्मा और हाइनरिक क्लासन, जिन्होंने 30 गेंदों पर नाबाद 65 रन बनाए, अब तालिका में क्रमशद्य नम्बर 1 और 2 पर हैं। अभिोक के 425, क्लासन के 414 और सूर्यवंशी अब 400 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं, इसके बाद केएल राहुल और विराट कोहली हैं, जो इस सीजन में 350 रन पार करने वाले अन्य खिलाड़ी हैं, और सात अन्य बल्लेबाज भी 300 से अधिक रन बना चुके हैं। पर्पल



कैप तालिका में ईशान मलिंगा इस सीजन में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए कल मुम्बई इंडियंस खिलाफ 1/29 का आंकड़ा दर्ज किया। उनका शिकार सूर्यकुमार यादव बने। मलिगा अब 15 विकेट के साथ सबसे आगे हैं।

और पर्पल कैप पर उनका कब्जा है उनके पीछे आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार, आरआर के जोफा आर्चर और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज हैं, जिनके 14-14 विकेट हैं। इसके बाद 13 विकेट के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिस यादव और गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा हैं।

# RR के खिलाफ अपनी उम्मीदों को बनाए रखने उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 43वें मैच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से होगा। लगातार तीन हार झेल चुकी डीसी को पिछले दो मैचों में बेहद करारी हार मिली है। टीम अब आत्मविश्वास वापस हासिल करके अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। पिछले तीन में से दो मैच जीत चुकी आरआर की लय अच्छी चल रही है और वे इसे ही जारी रखना चाहेंगे।

राजस्थान नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है जबकि दिल्ली आठ मैचों में छह अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। राजस्थान जीत के साथ प्लेऑफ के करीब पहुंच



जायेगी। दूसरी तरफ एक और हार दिल्ली की उम्मीदों पर करारा प्रहार करेगी। डीसी टॉप ऑर्डर बनाम जोफ्रा आर्चर इस सीजन पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के सामने डीसी का मजबूत टॉप ऑर्डर एक बड़ी चुनौती पेश करेगा, खासकर केएल राहुल और नितीश राणा के रूप में। टी-20 क्रिकेट में राहुल ने आर्चर के खिलाफ 9 पारियों में 96 रन बनाए हैं, सिर्फ 2 बार आउट हुए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 135 रहा है। वहीं राणा का रिकॉर्ड उतना प्रभावशाली नहीं है। आईपीएल में आर्चर के खिलाफ 4 पारियों में वह सिर्फ 9 रन बनाकर 2 बार आउट हुए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 69 का रहा है। क्या डीसी डेथ ओवर्स के लिए कुलदीप का एक ओवर बचाकर रखेगी? कुलदीप यादव का रिकॉर्ड आरआर के फिनिशर्स डॉनोवन फरेरा और दासुन शनाका के खिलाफ काफी अच्छा रहा है, ऐसे में डीसी उनके खिलाफ डेथ ओवर्स में कुलदीप का एक ओवर बचाकर रख सकती है। फरेरा ने कुलदीप के खिलाफ टी-20 में 3 पारियों में 15 रन बनाए हैं और 2 बार आउट हुए हैं। हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 167 है। वहीं शनाका ने 5 पारियों में 21 रन बनाए हैं।

# ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग करने पर रियान पराग पर लगा भारी जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** रियान पराग पर उनके 'स्मोकिंग एक्ट' के लिए मैच फीस का 25 परसेंट जुर्माना लगाया गया है, जिससे खेल की बदनामी हुई। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान को भेजे गए नोटिस में, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन पर प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट (सीओसी) के आर्टिकल 2-1 के तहत लेवल 1 का अपराध लगाया, जो खिलाड़ियों और अधिकारियों द्वारा आम, बिना बताए उल्लंघन से संबंधित है।

पराग हाल ही में एक आईपीएल मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम के अंदर स्मोकिंग करते हुए कैमरे में पकड़े गए थे। सीजन के लिए उनके 14 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट को देखते हुए, उनकी हर



मैच की फीस लगभग 1 करोड़ रुपये होती है, जिसका मतलब है कि 25 परसेंट फाइन लगभग 25 लाख रुपये होगा। यह देखते हुए कि इसे पहली बार का अपराध माना गया था, 25 लाख रुपये एक भारी पेनल्टी है। जैसा कि क्रिकबज ने 29 अप्रैल को बताया था, ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग के लिए कोई मिसाल या नियम न होने पर, बीसीसीआई ने आर्टिकल 2-21 लागू किया है जो उन अपराधों को कवर करता है जिनका सीओसी में खास तौर पर जिक्र नहीं है। रिकॉर्ड के लिए, आर्टिकल 2-21 का मकसद उन सभी तरह के व्यवहार को कवर करना है जो खेल को बदनाम करते हैं और जो सीओसी में बताए गए खास अपराधों में खास तौर पर या ठीक से कवर नहीं होते हैं। यह आर्टिकल पब्लिक जगहों पर गलत कामों को भी कवर करता है। उदाहरण के लिए, आर्टिकल 2-21 (ब्रीच की गंभीरता और कॉन्टेक्स्ट के आधार पर) बिना किसी लिमिट के, इन चीजों पर रोक लगा सकता है, पब्लिक में गलत काम (बी) गलत पब्लिक बिहेवियर और (सी) गलत कमेंट्स जो गेम के हितों के लिए नुकसानदायक हैं। इसमें लाप. रवाही और ऐसे बिहेवियर का भी जिक्र है जिनसे बचा जा सकता है।

# सिनर सेमीफाइनल में, पोटापोवा ने प्लिसकोवा को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर मैड्रिड ओपन में राफेल जोडार को 6-2, 7-6 (0) से हराकर के अपने पहले सेमीफाइनल पहुंचे। मैड्रिड में जन्मे जोडार हाल ही में कोंडे डी गोडो (बार्सिलोना ओपन) के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद टूर्नामेंट के सरप्राइज पैकेज में से एक रहे हैं, और उन्हें काजा मैजिका में घरेलू मैदान पर मजबूत सपोर्ट मिला।

जोडार ने सिनर के खिलाफ सात ब्रेक पॉइंट बनाए, लेकिन इटैलियन खिलाड़ी ने एक घंटे, 55 मिनट की जीत में उन सभी को बचा लिया,

जिससे बुधवार को उनकी जीत का सिलसिला 21 मैचों तक पहुंच गया। बाद में पुरुों के एक और क्वार्टर फाइनल में, फांस के



आर्थर फिल्स ने चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 6-3, 6-4 से हराकर सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिलाओं में, अनस्तासिया पोटापोवा ने पूर्व दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-1, 6-7 (4), 6-3 से हराया, जबकि 26वीं सीड मार्टा क्वोयुक ने चेक रिपब्लिक की 13वीं सीड लिडा नोस्कोवा को सीधे सेटों में 7-6 (1), 6-0 से हराया। क्वोयुक का मुकाबला सेमीफाइनल में पोटापोवा से होगा। पोटापोवा ने माना कि 6-5 पर दूसरा सेट सर्व करने में नाकाम रहने के बाद उन्हें मेंटली स्ट्रगल करना पड़ा।

# रोड्स, फाफ व हेनरिक क्लासेन बने नई रोटर्डम फ्रेंचाइजी के मालिक

**रोटर्डम, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के तीन सबसे प्रतिठित क्रिकेटर- जोंटी रोड्स, फाफ डु प्लेसिस और हेनरिक क्लासेन-अब मैदान के बाहर भी क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को नई दिशा दे रहे हैं।

इन तीनों ने मिलकर यूरो. पियन टी-20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) की पांचवीं फेंच. इजी को खरीदने के लिए एक समूह बनाया है। यह यूरोप की पहली आईसीसी- मान्यता प्राप्त टी-20 लीग है, जिसका आधार रोटर्डम, नीदरलैंड्स में है। इस समूह में मधुकर श्री प्रबंध साझेदार के रूप में शामिल हुए हैं। यह घोणा उस लीग के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो तेजी से विश्व क्रिकेट की सबसे बहुप्रतीक्षित नई प्रतियोगिताओं में से एक बन रही है। लीग की शुरुआत इस अगस्त में यूरोप के छह शहरों में होगी। रोटर्डम फेंच. इजी उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेगी, जो 26 अगस्त से 20 सितंबर 2026 तक आयोजित होगा। कुल 33 मुकाबलों में छह शहर-आधारित फेंचाइजियां- ग्लासगो, एम्स्टर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटर्डम-खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

यह यूरोप में क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। जोंटी रोड्स ने कहा, ईटीपीएल एक बेहद आर्काक अवसर प्रस्तुत करता है। हाल के आईसीसी आयोजनों में हमने यूरोप की क्रिकेट क्षमता की झलक देखी है। अब इस क्षेत्र को एक मजबूत व्यावसायिक ढांचे की आवश्यकता है, जो इस पूरे तंत्र को एकजुट और सशक्त बना सके। ईटीपीएल ठीक वही मंच प्रदान करता है-जहां प्रतिभाओं की पहचान, उनका विकास और उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा, जिससे पूरे यूरोप में क्रिकेट मजबूत होगा। मैं इस यात्रा का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। फाफ डु प्लेसिस ने कहा, जोंटी और क्लासी (हेनरिक क्लासेन) के साथ ईटीपीएल में एक फ्रेंच. इजी खरीदना बेहद खास है। टीम स्वामित्व में यह मेरा पहला कदम है और यूरोपीय क्रिकेट के तेजी से आगे बढ़ने के इस समय से बेहतर मौका नहीं हो सकता। दुनिया भर की फेंचाइजी लीगों में खेलने के अनुभव के बाद, मैं ईटीपीएल की अपार संभावनाएं देख सकता हूं।

# हम वह नहीं कर पाए, जिसके लिए मुंबई इंडियंस जानी जाती हैः हार्दिक

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए कुछ भी सही नहीं हो रहा है। बुधवार की रात, उन्होंने पहली पारी का अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, लेकिन वह भी काम नहीं आया, क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद ने 244 रनों के लक्ष्य का पीछा आठ गेंदें शो रहते ही कर लिया। इस हार ने मुंबई को आखिरी पायदान की जंग में धकेल दिया है।

आठ मैचों के बाद उनके और लखनऊ सुपर जायंट्स के अंक (4) बराबर हैं, और मुंबई केवल नेट रन रेट के आधार पर आगे है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का असामान्य फैसला लिया था। वानखेड़े स्टेडियम में पिछले 21 आईपीएल मैचों में टॉस जीतने वाली टीम ने गें. दबाजी चुनी थी। टीमें आमतौर पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद करती हैं क्योंकि ओस की वजह से दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है, लेकिन हार्दिक को नहीं



लगा कि उस दिन ऐसा कुछ था। पोस्ट मैच इंटरव्यू में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि ओस ने कोई बड़ी भूमिका निभाई, बस उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेले। हमने कुछ खराब गेंदें फेंकीं और उन्हें तेज शुरुआत मिल गई। मुझे लगता है कि हमने वापसी की कोशिश की, लेकिन वह काफी नहीं था। हार्दिक का मानना था कि मुंबई को ज्यादातर मौकों पर इस स्कोर का बचाव कर लेना चाहिए था। मुझे लगता है कि 244 रन रोकने के लिए मैं अपने गेंदबाजों पर भरोसा करूंगा, लेकिन हां, किसी और दिन। आज हम रणनीति को मैदान पर सही से लागू नहीं कर पाए।

हैदराबाद की इस शानदार जीत की बुनियाद पहले छह ओवरों में ही पड़ गई थी, जहां ट्रैविस हेड और अभिोक शर्मा ने उन्हें बिना किसी नुकसान के 92 रनों के पावरप्ले स्कोर तक पहुंचा दिया। इस दौरान मुंबई के पास मौके थे। नमन धीर ने दो कैच छोड़े, विल जैक्स एक मुश्किल कैच नहीं लपक पाए, और मुंबई हेड के बल्ले का वह किनारा भी नहीं पहचान पाई जिस पर वे रिव्यू ले सकते थे। हार्दिक ने कहा, यह सीजन कुछ ऐसा ही रहा है। जब आपको एक-दो मौके मिलते हैं और आप उन्हें लपक लेते हैं, तभी किस्मत और लय बदलती है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं।

# चिकित्सक मरीज को सही सलाह दें:डा.कलीम

## एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन के अध्यक्ष डा.कलीम ने कार्यकारिणी के साथ ली पद एवं निष्ठा की शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन के अध्यक्ष डा.कलीम अहमद और उनकी टीम ने पद व निष्ठा की शपथ ली।

देहरादून रोड स्थित सिटी कन्वेंशन सेंटर मे आयोजित कार्यक्रम में डा. कलीम अहमद को अध्यक्ष, डा. विकास अग्रवाल को सचिव, डा. अनुपम मलिक को कोषाध्यक्ष, डा.सौम्या जैन वैज्ञानिक सचिव, डा. नरेश नौसरान संयोजक एन.आई.एम. सी., डा. मोहन पाण्डेय, डा. रजनीश दहूजा, डा. रीना गर्ग उपाध्यक्ष, डा. संजीव मित्तल अध्यक्ष 2027-2028 तथा डा. प्रवीण शर्मा को संयोजक ए.पी.आई.बिल्डिंग की शपथ दिलाई गई। निवर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण चावला ने सभी सदस्यो का स्वागत किया तथा पूरे साल सहयोग के लिए धन्यवाद किया। सचिव डा. अंकुर उपाध्याय ने पूरे वर्ष की रिपोर्ट पढी। कोषाध्यक्ष डा. विकास अग्रवाल ने पूरे वर्ष के हिसाब का लेखा-जोखा बताया। ए.पी.आई.के अध्यक्ष डा. कलीम अहमद ने कहा कि चिकित्सक समाज मे फिजिशियन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है क्योकि सर्वप्रथम मरीज फिजिशियन के पास ही जाता है, इसलिए मरीज को सही सलाह देनी चाहिए।



इस अवसर पर डा. मोहन सिंह, डा. डी. के.गुप्ता, डा. जयपाल चन्द, डा. महेश चन्द्रा, डा. अतुल जैन, डा. संजीव मिगलानी, डा. रेणू शर्मा, डा. प्रवीण मित्तल, डा. इन्दिरा सिंह, डा. रवि ठक्कर, डा. संदीप गर्ग, डा. नीलम गर्ग, डा. शलभ जैन, डा. राजीव गर्ग, डा. राजेश शर्मा, डा. सुदर्शन नागपाल, डा. नीतू जैन, डा. साक्षी मलिक, डा. रितु जैन, डा. अंशुल गुप्ता, डा. रजत बंसल, डा. ननीता चन्द्रा, डा. संजीव अग्रवाल आदि चिकित्सक उपस्थित थे।

# संविधान जिन्दा रखना है: रूही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान को जिंदा रखना है। जो लोग अंबेडकर साहब के संविधान को मिटाना चाहते हैं या उसमें बदलाव करना चाहते हैं, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन्हें ऐसा करने नहीं देंगे।

रूही अंजुम यहां एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई उन लोगों से है जो बाबा साहब के संविधान को खत्म करना चाहते हैं। ये लड़ाई सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में लड़ी जा रही है। बता दे कि रूही अंजुम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में दलित समाज के बीच जा रही हैं। लोगों को संविधान बचाने के लिए जागरूक कर रही हैं। दलित समाज का पूरा समर्थन उन्हें मिल रहा है। जिले में हर समाज का समर्थन रूही अंजुम को मिल रहा है। नौजवान, बुजुर्ग, किसान, मजदूर सभी वर्ग के लोग उनके साथ जुड़ रहे हैं। रूही अंजुम जाति-धर्म का भेदभाव नहीं करतीं। सबको एक समान सम्मान देती हैं और सबकी दिल की बात सुनकर समस्या दूर करने का काम करती हैं। रूही अंजुम के आने के बाद समाजवादी पार्टी काफी मजबूत हुई है।

# पाइप लाईन डालने में हो गया खेला

## गांव में पुलिया निर्माण कार्य के दौरान हुआ खेल का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लाक साढौली कदीम के ग्राम पंचायत बेगपुर नोगावा में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन में ठेकेदार खेल कर गया।



इस खेल का खुलासा उस समय हुआ जब गांव में बड़े कुएं पर एक पुलिया का निर्माण कार्य शुरु किया। तब पता चला कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन एक फीट से भी कम गहराई में डाली गई है, जबकि यह गहराई करीब एक मीटर होनी चाहिये थी। इसके साथ ही पाइप लाईन डालने के नाम पर तोडी गई सीसी सडक को भी सही नहीं किया गया।

गांव के प्रधान का कहना है कि यदि अधिकारीयों को कहा गया तो आरोप लगाया जाता है कि ग्राम प्रधान काम नही करने देते हैं यदि गलत को सही कहा तो जल जीवन मिशन सही है यदि गलतकहा तो काम नही करेंगे।

# आईसीएसई में 10वीं में देवांश और 12वीं में मयंक अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईसीएसई बोर्ड का परिणाम इस बार पूरी तरह शानदार रहा। जिले के तीनों स्कूलों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा और एक भी छात्र फेल नहीं हुआ।



गुरुवार को जारी हुए 10वीं और 12वीं के नतीजों में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे स्कूलों और घरों में खुशी का माहौल है। दसवीं कक्षा में देवांश सिंघल ने 96.06 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया। वहीं 12वीं कक्षा में मयंक चौधरी ने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। खास बात यह रही कि दोनों टॉपर सहारनपुर पब्लिक स्कूल के ही छात्र हैं। सहारनपुर पब्लिक स्कूल में 10वीं के कुल 52 छात्र पंजीकृत थे और सभी पास हुए। इस स्कूल में दूसरे स्थान पर तुषार सिंघल रहे, जिन्होंने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि मानवी चौधरी 91.4 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। 12वीं में इस स्कूल के 45 छात्रों ने परीक्षा दी थी और सभी सफल रहे। यहां दूसरे स्थान पर दिव्यांशी जैन (95.75 प्रतिशत) और तीसरे स्थान पर अक्षिता सैनी (93.25 प्रतिशत) रहीं। जिले में इंटरमीडिएट का यही एक आईसीएसई स्कूल होने के कारण यही तीनों छात्र जिला टॉप-3 में शामिल रहे।

इंफेंट जीसस स्कूल का प्रदर्शन भी शानदार रहा। यहां 10वीं के 74 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और सभी उत्तीर्ण हुए। नगीन सुगरा और प्रक्षाली जैन ने 94.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया और जिले में दूसरे स्थान पर रहीं।

प्रणव वत्स ने 93.6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में दूसरा और जिले में तीसरा स्थान पाया। वैभव ने 91.8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

# अनिल पप्पू व जगपाल सिंह बसपा से निष्कासित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोप में दो नेताओं को बसपा से निष्कासित किया गया है।

जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार बन्धु ने बताया कि पूर्व पार्षद एवं सहारनपुर के पूर्व जिला प्रभारी अनिल कुमार तथा नानौता निवासी एवं शामली के पूर्व प्रभारी जगपाल को पार्टी से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं को पूर्व में कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन उनके व्यवहार और गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके चलते पार्टी और संगठन के हित में यह कठोर निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पार्टी अनुशासन के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिभाएं किसी की मोहताज नहीं : मांगेराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** प्रतिभाएं किसी की मोहताज नही होती है वे अपना रास्ता लगन और मेहनत से खुद बना लेती है।



उक्त विचार मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, उमाही में यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम मे व्यक्त किए। उन्होने कहा कि हमारा नैतिक कर्तव्य है कि उन्हे सम्मानित कर प्रोत्साहित करे। ऐसे विद्यार्थी केवल परिवार, विद्यालय, समाज का नाम ही नही वरन देश का नाम रोशन करते है। कार्यक्रम में जनपद सहारनपुर के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्थान की समूह निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने कहा कि इंद्रप्रस्थ कॉलेज शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है तथा सही मार्गदर्शन देना है।

मुख्य रूप से उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता,डा कमल कृष्ण, मनसब अली परवेज, सतेंद्र वैदिक, सुनील चौधरी, डा ज्ञान सिंह, जगपाल दत्त स्वामी, बिजेंद्र दीक्षित, मोनिस सहित जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे जिनका संस्थान द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। संचालन डॉ. नेहा त्यागी द्वारा किया गया।

# कई बिन्दुओं पर जांच कर रही पुलिस

**नागल।** गांव जौला निवासी किशोर अजय सैनी का शव मिलने के मामले मे पुलिस विभिन्न बिन्दुओं को ध्यान मे रखकर पडताल कर रही। पुलिस का मानना है कि शीघ्र ही इस मामले का पटाक्षेप कर दिया जायेगा।

बताते चले कि अजय सैनी गत रविवार की शाम लापता हो गया था। बाद मे उसका शव बोहडुपुर गांव के पास सड़क किनारे गडढे मे पडा मिला होने की जानकारी पुलिस द्वारा बुधवार की रात उसके परिजनों को दी गयी थी। इस मामले मे मृतक के परिजनो ने ग्रामीणों के साथ मिलकर अजय की हत्या करने का कथित आरोप लगाकर थाने पर प्रर्दशन भी किया था। जिस पर पुलिस ने मृतक के पिता सागर सैनी की तहरीर के आधार पर अजय सैनी पुत्र धर्मवीर निवासी महेशपुर थाना बड़गांव। सुशील सैनी पुत्र सतपाल सैनी व राकेश सैनी पुत्र सतपाल सैनी निवासी पहाड़पुर तथा सुरेंद्र सैनी पुत्र मोहर सिंह निवासी नयागांव थाना नागल समेत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मुक. दमा का दर्ज कर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई थी। बताया जाता है कि नामजद मे से दो को हिरासत मे लेकर पुलिस जांच कर रही है कि वास्तव मे अजय की हत्या हुई है या जैसे कि चर्चा है कि उस रात गाँव में एक शादी समारोह चल रहा था जिसमें उपरोक्त सभी भी आये हुए थे कि शाम के समय महेशपुर निवासी युवक की बाइक पर बैठकर मेहमानों के लिए मदिरा लेने के लिए बोहडूपुर जा रहे थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे बाइक पर बैठे अजय की मौत हो गई। उपरोक्त सभी को पता होने पर भी मृतक के परिजनों से यह राज छुपाये रखा।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड से उत्तर प्रदेश पीडब्ल्यूडी नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ सदस्य दो कर्मचारी सतीश कुमार व हंसराज को सेवा. निवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गयी।

इस मौके पर अवर अभियंता गण संदीप रवि कुमार सत्येंद्र नेगी जावेद मुनारी लाल ने सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मानजनक शाल भेंट किये। संरक्षक साधुराम पूर्व अध्यक्ष और सलाहकार नरेंद्र कुमार पूर्व मंत्री आनंद त्यागी जिला अध्यक्ष राजेश बाटला व जिला मंत्री अमित जैन ने कर्मचारियों की गिफ्ट देकर अपने-अपने विचार रख उनकी सराहना की। इस मौके पर अशोक कुमार लक्ष्मी चंद अनुराग नरेश सोलन आदि ने माला डालकर सभी कर्मचारियों का स्वागत किया।

## अभियान चलाया

**सहारनपुर।** यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, काली फिल्म का प्रयोग, गलत नम्बर प्लेट, तीन सवारी और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट 833 चालान, बिना सीट बेल्ट 12 चालान, काली फिल्मरू 3 चालान 7,500 शमन शुल्क, गलत नम्बर प्लेट 16 चालान 80,000 शमन शुल्क, तीन सवारी 39 चालान 39,000 शमन शुल्क, गलत दिशा में वाहन 30 चालान 60,000 शमन शुल्क वूसला गया।

# वार्ड 70 और 64 में चला विशेष सफाई अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से लगातार विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में वार्ड नंबर 70 और 64 में सुपरवाइजर सिद्धार्थ कुमार के नेतृत्व में व्यापक सफाई अभियान संचालित किया गया, अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों की टीम ने सड़कों,नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर जमा कूड़े को हटाया तथा गंदगी से अटे पड़े स्थानों को साफ किया। इसके साथ ही नालियों की सफाई कर जल निक. ासी व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया, जिससे जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। सुपरवाइजर सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि यह अभियान संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत चलाया जा रहा है,जो 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित रहेगा। इसका उद्देश्य क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित कर मच्छरों व अन्य रोग फैलाने वाले कारकों पर नियंत्रण पाना है।उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे कूड़ा इधर-उधर न फेंकें और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, ताकि बीमारियों से बचाव किया जा सके।

इस दौरान स्थानीय निवासियों ने नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से बीमारियां दूर भागती है, क्षेत्र में स्वच्छता भी बनी रहती है और बीमारियों पर भी प्रभावी नियंत्रण बना रहता है।

# कार्यवाही से बचने को स्वयं हटा लें अतिक्रमण: राजीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर निकाय द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत अतिक्रमण करने वालों को स्वयं अतिक्रमण हटाने तथा न हटाने पर अग्रिम कार्यवाही के लिए चेतावनी दी गई।



नगर निकाय की टीम ने बस स्टैंड चिलकाना, सरसावा रोड, सहारनपुर रोड ,व मुख्य बाजार में भ्रमण किया। टीम को आता देखकर कुछ दुकानदारों ने आनन फानन में अपना सामान अपनी दुकानो के अंदर रख लिया। वहीं कुछ दुकानदारों को टीम द्वारा चेता. वनी दी गई कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ज्ञात हो कि इससे पूर्व में भी बस स्टैंड पर नगर निकाय द्वारा रेहडी पटरी वालों के लिए निशानदेही की गई थी तथा सड़क से स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया था। लेकिन अब दोबारा बस स्टैंड के निकट पूरी तरह से अतिक्रमण हुआ नजर आने लगा है। जिससे आने जाने राहगीरों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत ई ओ राजीव कुमार ने बताया कि कुछ जगहों से अतिक्रमण हटवाया गया है।

उन्होंने बताया कि उनके द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं कि नगर में कोई भी व्यक्ति स्थाई या अस्थाई रूप से कोई भी अतिक्रमण न करें। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा स्थाई या अस्थाई रूप से अतिक्रमण किया गया है तो वह स्वयं ही उसे हटा लें अन्यथा पंचायत द्वारा अपने स्तर से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। इस दौरान टीम में पंचायत वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार, सहायक लिपिक नफीस अहमद, सफाई नायक अमित कुमार, राजिक अहमद, पंचायत के सफाई कर्मी तथा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के जवान शामिल रहे।

## जनगणना के लिए प्रशिक्षण 6 मई तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** भारत की जनगणना 2027 प्रथम चरण के लिए 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कार्य होना है। इसके लिए सुपरवाईजर्स प्रगणक फील्ड टेनर को प्रशिक्षण देने का कार्य 23 अप्रेल से 6 मई 26 तक किया जायेगा।

एच आर इंटर कालेज में नगर पालिका परिषद द्वारा जनगणना प्रशिक्षण के तीसरे बैच के 40 सदस्यों के प्रथम त्रिदिवसीय बैच का प्रशिक्षण आज से शुरु हो गया है। कार्यक्रम संयोजक जोगेन्द्र सहगल के अनुसार टेनिंग देने का कार्य भोलानाथ सरोज व अखिलेश श्रीवास्तव द्वारा किया जारहाहै। प्रशिक्षण कार्य प्रतिदिन 9 से 5 बजे तक होगा।

# सर्वसम्मति से फैसल जमील बने ब्लॉक अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे मे एस एस जूनियर हाईस्कूल मे हुई चुनावी बैठक में मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ, ब्लॉक साढौली कदीम का सर्व सम्मति से फैसल जमील को ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया है।

चुनावी बैठक बेहट स्थित एस.एस. जूनियर हाई स्कूल में संपन्न हुई। बैठक में संगठन से जुड़े क्षेत्र के विद्यालयों एवं मदरसों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से फैसल जमील को अध्यक्ष एवं राकेश शर्मा को महामंत्री निर्विरोध चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सभी सदस्यों ने फुल मालाए पहनाकर स्वागत किया। बैठकों में बोलते हुए नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष फैसल जमील ने सभी का धन्यवाद अदा करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन ने सौपी है वे सभी को साथ लेकर चलेंगे जैसे कि मेरे पिता सबको साथ लेकर चलते थे। चुनाव प्रक्रिया में विवेक कम्बोज, विकास जैन,विशेष सैनी, अशोक चौहान प्रमोद कुमार द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद अहमद काजमी ने तथा संचालन मास्टर दिलदार मिर्जा ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पवन सिंह राठौर और विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## ट्रम्प की धमकी

होर्मुज को लेकर अमेरिका किस हद तक जा सकता है, इसका ताजा उदाहरण अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा ईरान को दी गई वह धमकी है जिसमें उन्होंने कहा है कि ऐसा तूफान आने जा रहा है, जिसे कोई रोक नहीं सकता। अब इसके पीछे उसका मकसद क्या है, यह तो वही जानें, क्योंकि ऐसा पहली बार नहीं है जो उन्होंने इस तरह की धमकी ईरान को दी है। वह तो ईरान को पाषाण युग तक में भेजने की बात कर चुके हैं, लेकिन ताजा धमकी ने तनाव को फिर चरम पर पहुंचा दिया है और माना जा रहा है कि आने वाले दस-पंद्रह घंटे बेहद महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यह ट्रम्प की धमकी का ही परिणाम है कि कच्चे तेल के दाम भी एकाएक बढ़ गए हैं और 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए हैं। बाजार के जानकार दामों के और बढ़ने की बात कर रहे हैं। जाहिर है अगर यह स्थिति यूं ही चलती रही, जहां दुनिया में बेचैनी तो फैलेगी ही, साथ ही विश्व की अर्थव्यवस्था पर भी बेहद बुरा असर पड़ेगा। विशेषकर विकासशील देशों पर, जिनमें भारत भी एक है। अब तक जो वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान ढूंढने के प्रयास हुए हैं, वे परवान नहीं चढ़ सके हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में भी केवल एक बार ही सीधी वार्ता हुई है। दूसरी वार्ता के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही है। उसका कारण यही है कि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं और अपने हितों के अनुसार ही आगे बढ़ना चाहते हैं। होर्मुज पर ईरानी नियंत्रण के जवाब में अमेरिका ने भी ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है, जिसके चलते अब ईरान से आयात-निर्यात रुक गया है। ईरान की संसद के स्पीकर गालिबाप ने सीधे धमकी भी दी है और कहा है कि यदि अमेरिका लंबे समय तक ईरान के नाकेबंदी करेगा, तो ईरान का धैर्य जवाब दे सकता है। जाहिर है वह यही कहना चाह रहे हैं कि वह कभी भी नाकेबंदी को तोड़ने के लिए सैनिक कार्रवाई कर सकते हैं। इस बीच खबर यह भी आई है कि चीन भी अब होर्मुज को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रहा है। उसने ईरान के नाकेबंदी की भी आलोचना की है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि चीन का 90 प्रतिशत तेल ईरान से ही आता है। ऐसे में अगर यह नाकेबंदी लंबे समय तक चलती है, तो चीन के हितों को सीधे चोट पहुंचेगी। रूस पहले ही ईरान के साथ खड़ा होने की बात कह चुका है और ईरान के होर्मुज पर नियंत्रण को सही ठहरा चुका है। जाहिर है अभी दोनों ही ओर से युद्ध की भाषा ही अधिक बोली जा रही है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के वातावरण में वार्ता का माहौल नहीं बन सकता। वार्ता का माहौल बनाने के लिए दोनों पक्षों को पहले कुछ इस तरह के कदम उठाने होंगे, जिससे अविश्वास की गहरी खाई को किसी तरह पाटा जा सके।

## एग्जिट पोल की सच्चाई : लोकतंत्र का आईना

जब आंकड़ों की चकाचौंध सच का मुखौटा पहनने लगे, तभी सवाल उठाना जरूरी हो जाता है 29 अप्रैल 2026 की वह शाम ठीक ऐसी ही थी। मतदान खत्म होते ही टीवी स्क्रीन पर एग्जिट पोल का सैलाब उमड़ पड़ा, मानो जनादेश पहले ही लिख दिया गया हो। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के दावे, असम में प्रचंड बहुमत की भविष्यवाणी, दक्षिण भारत में कड़े मुकाबले के संकेतकृहर चौनल अपनी कहानी गढ़ रहा था। इन आंकड़ों की चमक ने माहौल को रोमांचक जरूर बनाया, लेकिन भीतर ही भीतर एक संशय भी जन्म लेने लगा। क्या यह अनुमान सचमुच जनता के मन की गहराइयों को छू रहे हैं, या फिर यह केवल एक ऐसा परदा है जो सच्चाई को ढककर भ्रम का नया संसार रच रहा है?



जब पूर्वानुमान ही परिणाम बनने लगें, तब लोकतंत्र की दिशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है एग्जिट पोल अब केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रभावशाली शक्ति हैं। यह आंकड़े दलों के आत्मविश्वास को बढ़ा-घटा सकते हैं, बाजार की दिशा तय कर सकते हैं और मतदाता की सोच प्रभावित कर सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़े अनुमान वास्तविक नतीजों से अलग रहे, जिससे केवल समीकरण ही नहीं, जनता का भरोसा भी डगमगाया। 2026 में भी वही तस्वीर है, जहां हर चैनल अपनी गणना से विजेता तय कर रहा है। ऐसे में चिंता बढ़ती है कि क्या हम इन अनुमानों से लोकतंत्र की सच्चाई समझ रहे हैं, या अनजाने में उसके मूल स्वरूप को कमजोर कर रहे हैं।

जब मतदाता का मन ही रहस्य बन जाए, तब उसे आंकड़ों में बांधना कठिन हो जाता है भारत जैसे विविध देश में यह पहेली और गहरी है। यहां निर्णय केवल विचारधारा पर नहीं, बल्कि जाति, क्षेत्र, स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत अनुभवों और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के मिश्रण पर आधारित होता है। कई बार मतदाता अपनी वास्तविक राय छिपा लेते हैं, जिससे एग्जिट पोल की सटीकता पर सवाल उठते हैं। 2021 और 2024 के चुनावों में 'साइलेंट वोटर' ने सभी अनुमानों को ध्वस्त कर दिया। 2026 में भी यह अनदेखी ताकत सक्रिय हो सकती है, जो किसी भी सर्वेक्षण को चुनौती दे सकती है। यही वह बिंदु है जहां एग्जिट पोल की सीमाएं स्पष्ट होती हैंकृवे आंकड़े दिखाते हैं, मन की गहराइयों को नहीं पढ़ पाते।

हर शोर में भ्रम नहीं होता कुछ आवाजें सच भी कहती हैं और एग्जिट पोल उसी सच की झलक बन सकते हैं। फिर भी यह कहना गलत होगा कि इनका कोई महत्व नहीं है। जब यह ईमानदारी और वैज्ञानिक पद्धति से किए जाते हैं, तो यह समाज के उन वर्गों की आवाज बनते हैं जो अक्सर मुख्यधारा से दूर रहते हैं। गांवों, कस्बों और हाशिए के समुदायों की राय सामने लाते हैं। यह लोकतंत्र की सकारात्मक झलक भी देते हैं, जहां हर आवाज मायने रखती है। चुनाव आयोग के नियम (सेक्शन 126A) इनके दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं, लेकिन टीआरपी की दौड़, राजनीतिक दबाव और व्यावसायिक हित अक्सर इन आदर्शों को कमजोर कर देते हैं, जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठने लगते हैं। जब सच का आईना टेढ़ा दिखने लगे, तब खतरा गहराना तय है एग्जिट पोल यदि वास्तविकता नहीं, उसका विकृत प्रतिबिंब बन जाएं तो असर दूर तक जाता है। जब यह अनुमान गलत साबित होते हैं, तो प्रभाव केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के विश्वास पर भी पड़ता है। 2024 में दिखी आर्थिक और मानसिक अस्थिरता इस बात का प्रमाण है कि गलत अनुमान बड़ी कीमत वसूलते हैं। यदि 2026 के परिणाम भी इन पूर्वानुमानों से अलग निकलते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल होगा। तब यह पूछना लाजमी होगा कि क्या हम डेटा के नाम पर भ्रम को बढ़ावा दे रहे हैं? जब अनुमान की सीमाएं खुद स्वीकार हों, तब सटीकता पर सवाल स्वाभाविक है। भारत जैसे विशाल देश में भविष्यवाणी करना बेहद कठिन है।

सैंपलिंग की सीमाएं, जमीनी डेटा जुटाने की चुनौतियां और अंतिम क्षणों में मतदाता के मन में बदलाव यह सभी एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को प्रभावित करते हैं। फिर भी यह पूरी तरह निरर्थक नहीं हैं। यह रुझान समझने का माध्यम देते हैं, दलों को रणनीति पर पुनर्विचार के लिए प्रेरित करते हैं और जनता को चर्चा का आधार देते हैं, लेकिन समस्या तब होती है जब इन्हें अंतिम सत्य मान लिया जाता है, जिससे भ्रम और अपेक्षाओं का टकराव पैदा होता है। जब मतदाता का फैसला हर बार अनुमान को चौंका दे, तब उसकी



**प्रो. आर.के. जैन**

अप्रत्याशितता ही उसकी असली पहचान बन जाती है भारतीय मतदाता यही साबित करता आया है। इतिहास गवाह है कि यहां अंतिम क्षण का निर्णय कई बार सभी अनुमानों को धता बता देता है।

2004 और 2024 के चुनाव इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। यह दिखाता है कि लोकतंत्र की असली ताकत किसी सर्वेक्षण में नहीं, बल्कि जनता की स्वतंत्र सोच और निर्णय क्षमता में है। एग्जिट पोल इस जटिलता को पूरी तरह नहीं समझ पाते, क्योंकि वे केवल सतह को छूते हैं, गहराई को नहीं। जब नजर संतुलित हो, तभी सच साफ दिखता है एग्जिट पोल को लेकर यही सबसे बड़ा समाधान है। यह न पूरी तरह गलत हैं, न पूरी तरह सही इनका मूल्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम इन्हें कैसे देखते हैं। यदि इन्हें संकेतक माना जाए, तो यह उपयोगी हैं।

लेकिन यदि अंतिम निर्णय मान लिया जाए, तो भ्रम पैदा करते हैं। 2026 के इन महत्वपूर्ण चुनावों में जरूरी है कि हम आंकड़ों की चमक से प्रभावित होने के बजाय वास्तविकता की प्रतीक्षा करें, क्योंकि लोकतंत्र की सच्ची तस्वीर वही होती है जो मतपेटियों से निकलती है, न कि वह जो स्क्रीन पर दिखाई जाती है।

### श्रीमुख से...

## मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई



ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है, सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा, आतंकवाद एक विकृत और विक्षिप्त मानसिकता से उत्पन्न होता है, यह मानवता पर एक काला धब्बा है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है, यह मूल रूप से मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है, यह एक बर्बर विचारधारा के खिलाफ संघर्ष है जो हर मानवीय मूल्य के सीधे विरोध में खड़ी है, हमने इस भारतीय दृष्टिकोण को देश के भीतर और विदेशों में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया है।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

## इन गर्मियों में जानें सन टेन के घरेलू उपाय

गर्मियों का मौसम हो और चेहरे पर धूप का असर ना दिखे ऐसा कम ही होता है, गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग टैनिंग को लेकर परेशान रहते हैं हालांकि कुछ लोग चेहरे पर कपड़ा बांध कर निकलते हैं, लेकिन कड़कती धूप से बचने के लाख जतन करके भी इससे पूरी तरह बचना मुश्किल हो जाता है। गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर या गर्मियों की छुट्टियों में समुद्र तट घूमते हैं तो आपकी त्वचा सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों के सम्पर्क में आने, प्रदूषण और गन्दगी के सम्पर्क में आने से सांवली पड़ जाती है। चेहरे पर सन टेन की वजह से चेहरे का सही रंग चला जाता है और चेहरे का आकर्षण भी खत्म हो जाता है जिससे चेहरा डल दिखाई देने लगता है।

इस मौसम में सन टेन से छुटकारा प्राप्त करने के लिए कई बार लोग बड़ी कम्पनियों के महंगे उत्पादों का उपयोग करते हैं लेकिन यह उत्पाद कई बार त्वचा के अनुकूल नहीं होते जिसकी बजह से त्वचा की अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। ऐसे में धूप से बचने के लिए आप कुछ होम मेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं जोकि आपकी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाए रखेंगे।

**पपीता फेस पैक**

यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से काला पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है इसके लिए आप पका हुआ पपीता और निम्बू ले लें पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें नीम्बू की कुछ बूंदे मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा कर प्राकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकतीं हैं।

सन टेन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है। आप थोड़ा सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बुंदे शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा कर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह पैक सन टेन को हटाने के साथ ही त्वचा को पौषण भी देता है जिससे आपकी त्वचा कोमल बन जाती है।

**नींबू का फेस पैक**

नींबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नींबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिला कर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घण्टा लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्रकृतिक तरीका है।

दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्निसियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पौषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चमच्च नींबू जूस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा कर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।

**खीरा**

गर्मियों में त्वचा के लिए बहुत सारे घरेलू नुस्खों में खीरा सबसे जरूरी सामग्री है। इसका एक शांत और ठंडा प्रभाव है। एक अच्छा खीरे का फेस पैक या आपकी आंखों पर कट-अप स्लाइस आपको आराम देगा। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी हल्का करता है। आपको खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नींबू का रस और एक रुई चाहिए। जूस बनाने के लिए खीरे को कद्दूकस कर लें। उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसे ठंडे पानी से धो लें। खीरे, पके पपीते के गूदे, दही में दो चम्मच ओट्स मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे, गर्दन और खुले स्थानों पर लगा लीजिए और आधा घण्टा बाद ताजे ठन्डे पानी से धो डालिए। इसे आप हफ्ते में दो बार लगा सकते हैं। दो चमच्च जई के आटे में थोड़ा सा मठहा मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर आधा घण्टा बाद साफ पानी से धो डालें।

पके केले को मैश करके इसमें एक चम्मच शहद और एक चमच्च ऑलिव आयल मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से चेहरे को धो डालें। तीन चमच्च एलो वेरा जैल , एक चमच्च हल्दी और दो चमच्च शहद को



**शहनाज हुसैन**

एक कटोरी में मिला कर पेस्ट बना लें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं। एलो वेरा जेल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टेन की समस्या से निजात मिलती है। बेसन का आटा और दही को बराबर मात्रा में मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी डालकर पेस्ट बना लीजिए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से धो डालिए। एक चमच्च शहद , एक चमच्च संतरे का जूस और अण्डे का सफेद हिस्सा अच्छी तरह फेंट कर बने मिश्रण को चेहरे पर लगा कर बीस मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। एक कटोरी में एक चमच्च दही में एक चमच्च का रस मिलाएं ध्इस पेस्ट को त्वचा पर लगाकर दस मिनट के लिए छोड़ दें और ताजे पानी से धो डालें।

एक आलू को कद्दूकश कर लें और इसका रस निकालकर त्वचा पर लगाएं और 15 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालें।

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

फीचर डेस्क, शाह टाइम्स

पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003

E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com

## मन की साधना ने ही बनाया राजकुमार सिद्धार्थ को महात्मा बुद्ध

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 1 मई को है। माना गया है कि 563 ईस्वी पूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। वैशाख मास की पूर्णिमा को ही 35 वर्ष की आयु में उन्होंने बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया। वैशाख पूर्णिमा को ही 80 वर्ष की आयु में गौतम बुद्ध ने उत्तर प्रदेश में कुशीनगर में हिरण्यवती नदी के तट पर महापरिनिर्वाण प्राप्त किया। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में वैशाख मास की पूर्णिमा को 'त्रिविध पावन पर्व' भी कहा गया है और संभवतः यही वजह है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। मान्यता है कि गौतम बुद्ध ने ही आज से करीब ढाई हजार वर्ष पूर्व बौद्ध धर्म की स्थापना की थी। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में महात्मा बुद्ध ने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए। उनका अंतिम उपदेश था कि सृजित वस्तुएं अस्थाई हैं, अतः विवेकपूर्ण प्रयास करो। उनका कहना था कि मनुष्य की सबसे उच्च स्थिति वही है, जिसमें न तो बुढ़ापा है, न किसी तरह का भय, न चिन्ताएं, न जन्म, न मृत्यु और न ही किसी



**योगेश कुमार गोयल**

तरह के कष्ट और यह केवल तभी संभव है, जब शरीर के साथ-साथ मनुष्य का मन भी संयमित हो, क्योंकि मन की साधना ही सबसे बड़ी साधना है।

गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। शाक्य वंश से संबंध होने के कारण उन्हें 'शाक्यों का संत' भी कहा गया। सिद्धार्थ के पिता राजा शुद्धोधन थे, जो कपिलवस्तु के शाक्यवंशीय राजा थे। कपिलवस्तु हिमालय की तराई में एक विशाल गणराज्य था, जो आज नेपाल में है। राजा शुद्धोधन की दो रानियां थीं, जिनमें महामाया बड़ी और प्रजापति गौतमी छोटी थीं। रानी महामाया जब गर्भवती हुईं तो उस समय के




शाक्य समाज के रीति रिवाजों के अनुसार प्रसव के लिए वह प्रजापति गौतमी के साथ अपने मायके देवदह जा रही थीं, किन्तु रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और लुम्बनी वन में ही शाल के दो वृक्षों के बीच उन्होंने एक अति सुंदर तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया। पुत्र जन्म के पश्चात दोनों रानियां कपिलवस्तु लौट आईं। इसी बालक का नाम सिद्धार्थ रखा गया।

सिद्धार्थ के जन्म के कुछ ही समय पश्चात एक बहुत पहुंचे हुए संन्यासी ने राजा शुद्धोधन को बताया कि यह बालक या तो बहुत महान चक्रवर्ती सम्राट बनेगा या फिर समस्त सांसारिक मोह-माया का परित्याग कर एक महान संन्यासी बनेगा और विश्व का महान उद्धारक साबित होगा। बालक के संन्यासी बनने की बात सुनकर राजा शुद्धोधन बहुत चिंतित हुए। उन्होंने सिद्धार्थ को मोह-माया और सांसारिक सुखों की ओर आकर्षित करने के लिए उनके समक्ष भोग विलास तथा ऐश्वर्य के समस्त संसाधनों का ढेर लगा दिया, लेकिन सिद्धार्थ हमेशा शांत और ध्यानमग्न ही रहा करते। अतः यही सोचकर कि कहीं सिद्धार्थ का मन सांसारिक सुखों से उचाट होकर पूरी तरह से वैराग्य में ही न लग जाए, राजा शुद्धोधन ने कम उम्र में ही एक अतिसुंदर, सुशील, अति तेजस्वी सर्वगुण सम्पन्न राजकन्या यशोधरा के साथ उनका विवाह कर दिया। विवाह के पश्चात सिद्धार्थ गौतम को पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई और पुत्र का नाम रखा गया राहुल। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया, उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया और एक दिन वे मन की शांति पाने के उद्देश्य से भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े।



जम्मू-कश्मीर। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के समारोह के दौरान रेलवे ट्रैक पर दौड़ती हुई।

# सऊदी प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था एपस्टीन

## द्वीप पर 'मस्जिद' बनवाई, उसमें सोने का गुबंद, मक्का से कपड़े और उज्बेकिस्तान के टाइल्स लगवाए

**वाशिंगटन।** सेक्स अपराधी जेफ्री एपस्टीन सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का सलाहकार बनना चाहता था। उसने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए। वह एक तरफ बिजनेस के मौके ढूंढ रहा था, और दूसरी तरफ इस्लाम से जुड़ी दुर्लभ और धार्मिक चीजें भी इकट्ठा कर रहा था। उसने इन चीजों को अपने कैरेबियन द्वीप पर बनी एक विवादित इमारत को सजाने में इस्तेमाल किया, जिसे वह 'मस्जिद' कहता था।

उसने मक्का की काबा से किस्वा मंगवाई। किस्वा वह कपड़ा होता है जिस पर सोने से कुरान की आयतें कढ़ी होती हैं और इसे काबा पर चढ़ाया जाता है। इसके अलावा उज्बेकिस्तान की एक मस्जिद से हाथ से बनी टाइल्स लाई गईं। सोने का गुंबद भी बनाया गया, जिसकी डिजाइन पुराने सीरिया की इमारतों जैसी थी। एपस्टीन ने प्राइवेट आइलैंड पर नीले और सफेद रंग की धारियों वाली इमारत बनाई थी।

एपस्टीन का मकसद सिर्फ इस्लामी चीजें जुटाना नहीं था, बल्कि ताकतवर और अमीर लोगों से अपने रिश्ते भी मजबूत करना था। नार्वे के राजनयिक टेरजे रोड-लार्सन के जरिए एपस्टीन को सऊदी अरब के खास लोगों तक पहुंच मिली। इनमें क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, सलाहकार राफत अल सब्बाग और शाही सहयोगी अजीजा अल अहमदी शामिल थे। इसी नेटवर्क की मदद से उसे काबा से जुड़े खास कपड़े भी मिले थे। 2014 की एक फोटो में एपस्टीन न्यूयॉर्क में अपने घर के अंदर फर्श पर फैले ऐसे ही एक कपड़े को देख रहा है। उसके साथ अमीरात के बड़े कारोबारी सुल्तान अहमद बिन सुलयेम भी मौजूद थे। बाद में एपस्टीन से जुड़े होने की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा और उन्हें दुबई की बंदरगाह कंपनी डीपी वर्ल्ड के प्रमुख पद से इस्तीफा देना पड़ा। दस्तावेजों से उसके प्राइवलेंट आइलैंड लिटिल सेंट जेम्स पर बनी एक रहस्यमई इमारत का सच भी सामने आया। पहले इसे म्यूजिक रूम, मंडप, चैपल या कोई रहस्यमई मंदिर कहा जाता था, लेकिन उसके ईमेल और साथ काम करने वाले कलाकार की बातों से पता चला कि वह इसे 'मस्जिद' कहता था, हालांकि इसका इस्तेमाल कभी धार्मिक इबादत के लिए हुआ हो, इसका कोई सबूत नहीं है। इस प्रोजेक्ट पर काम करने वाले रोमानियाई कलाकार आयन निकोला ने भी बताया कि एपस्टीन इसे मस्जिद ही कहता था।



एपस्टीन ने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए

**2003:** उसने कहा था कि उसके पास बहुत बड़ा फारसी कालीन है जो शायद किसी मस्जिद से आया होगा

**2008:** जब वह जेल में था, तब भी उसने अपने द्वीप पर एक हमाम (तुर्की स्नानघर) और इस्लामी शैली के बगीचे बनाने की योजना बनाई थी

**2009:** जेल से बाहर आने से पहले उसने आर्किटेक्ट्स को ये डिजाइन तैयार करने के लिए कहा

**2011:** उसने उज्बेकिस्तान के एक संपर्क को लिखा कि उसे असली टाइल्स चाहिए जो मस्जिद की अंदरूनी दीवारों जैसी हों।

## अमेरिका जर्मनी में सैनिकों को कम करने पर विचार कर रहा: ट्रम्प

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान की जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की आलोचना के बाद कहा है कि अमेरिका, जर्मनी में अपने सैनिकों को कम करने की संभावना पर विचार कर रहा है और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी में सैनिकों की संभावित कटौती की समीक्षा कर रहा है, जिस पर आने वाले कुछ ही समय में निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि मर्ज़ ने सोमवार को नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया राज्य में छात्रों को संबोधित करते हुए स्वीकार किया था कि पश्चिमी देशों ने पश्चिमी एशिया संघर्ष के संदर्भ में ईरान को कम करके आंका है।

# ईरानी नौसेना कमांडर ने ट्रम्प को चताया

## अमेरिका सैन्य गतिविधियां और आगे बढ़ीं, तो तेहरान 'त्वरित कार्रवाई' करेगा: शाहराम ईरानी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के वरिष्ठ नौसैनिक कमांडर शाहराम ईरानी ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सैन्य गति. विधियां और आगे बढ़ीं तो तेहरान 'त्वरित कार्रवाई' करेगा। ईरानी सरकारी मीडिया और क्षेत्रीय रिपोर्टों के अनुसार यह बयान ऐसे समय में आया है जब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर सैन्य और आर्थिक टकराव लगातार गहरा रहा है।

कमांडर ईरानी ने अमेरिकी त्वरित सैन्य सफलता की धारणाओं को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ कुछ दिनों में युद्ध समाप्त करने की सोच अब 'सैन्य हलकों में उपहास' का विषय बन चुकी है। उन्होंने कहा कि ईरानी बल किसी भी संभावित विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्टों के अनुसार ईरानी पक्ष ने संकेत दिया है कि अब तक संयम बनाए रखने का उद्देश्य कूटनीति के लिए अवसर खुला रखना था, लेकिन यदि अमेरिकी नाकेबंदी और दबाव जारी रहता है तो प्रतिक्रिया अधिक कठोर हो सकती है। दूसरी ओर, अमेरिकी केंद्रीय कमान ने दावा किया है कि उसकी समुद्री नाकेबंदी रणनीति प्रभावी रही है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के अनुसार कई वाणिज्यिक जहाजों को रोका या उसका रास्ता बदला गया है और ईरानी तेल निर्यात पर महत्वपूर्ण आर्थिक दबाव डाला गया है। केंद्रीय कमान के कमांडर ब्रैड कूपर ने कहा कि आज, अमेरिकी सेनाओं ने एक अहम उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज़ को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया। यह उस बेहतरीन काम का सबूत है जो अमेरिका के बेटे-बेटियां, अपनी वर्दी में, समुद्री व्यापार को ईरानी बंदरगाहों में आने या वहां से बाहर जाने से रोकने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 6.9 करोड़ बैरल कच्चा तेल ले जा रहे 41 तेल टैंकर अभी भी बाज़ारों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, जिससे ईरान को अनुमानित छह अरब अमे. रिकी डॉलर के राजस्व का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी हाल के दिनों में नाकेबंदी को अपनी रणनीतिक सफलता बताया है, जबकि अमे. रिकी प्रशासन ईरान के परमाणु कार्यक्रम और समुद्री मार्ग नियंत्रण को लेकर सख्त रुख बनाए हुए है। ट्रंप ने कहा कि यह नाकाबंदी ज़बरदस्त है। यह नाकाबंदी 100 फ़ीसदी अचूक रही है। इससे पता चलता है कि हमारी नौसेना कितनी बेहतरीन है, मैं आपको यह बता सकता हूं।

कोई भी अब कोई खेल नहीं खेलेगा। हमारे पास दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना है, और इसका ज़्यादातर हिस्सा मैंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान तैयार किया था, और तब से हम इसे और भी मज़बूत बना रहे हैं। यह दुनिया में कहीं भी मौजूद किसी भी सेना से सबसे बेहतरीन है। इसके आस-पास भी कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि वेनेज़ुएला वालों के पास भी अच्छी सेना थी, लेकिन वहां हमने एक दिन में ही अपना काम खत्म कर लिया। दरअसल 48 मिनट में ही काम हो गया था। ईरान में भी ऐसा ही है। सैन्य मोर्चे पर हमने उनका काम तमाम कर दिया है। उनकी कोई सेना नहीं बची। उनकी नौसेना समंदर की तह में पहुंचा दी जा चुकी है। वायुसेना कभी उड़ नहीं सकेगी। इसी बीच ईरान ने कथित रूप से सशर्त युद्धविराम और चरणबद्ध तनाव-नियंत्रण के प्रस्ताव दिए हैं, जिनमें नाकेबंदी हटाने और शत्रुता समाप्त करने जैसे बिदु शामिल बताए जा रहे हैं।



- ईरानी बल किसी भी संभावित विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार हैं
- लगभग 6.9 करोड़ बैरल कच्चा तेल ले जा रहे 41 तेल टैंकर अभी भी बाज़ारों तक पहुंचने में असमर्थ हैं

## अमेरिकी नाकेबंदी से ईरान के तेल उत्पादन में कोई व्यवधान नहीं: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगर गालिबाफ ने गुरुवार को ईरान के तेल निर्यात को रोकने के अमेरिकी प्रयासों के प्रभाव को खारिज करते हुए कहा कि बढ़ते दबाव के बावजूद देश का ऊर्जा बुनियादी ढांचा अप्रभावित है। गालीबाफ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कथित नाकेबंदी के बाद भी तेल उत्पादन में कोई व्यवधान नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान का उल्लेख करते हुए लिखा कि तीन दिन हो गए, कोई तेल का कुआं नहीं फटा। जरूरत पड़ने पर ईरान 30 दिनों तक परिचालन जारी रख सकता है। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि ईरान की तेल बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से किये गये अमेरिकी उपायों ने देश की भंडारण क्षमता को उसकी सीमा तक नहीं धकेला है।

## हिजबुल्लाह के साथ कोई युद्धविराम नहीं है, इजरायली चीफ ऑफ स्टॉफ

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल ज़मीर ने पुष्टि की है कि दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ 'कोई युद्धविराम नहीं' है तथा लेबनान के साथ दो सप्ताह से लागू युद्धविराम के बीच इस कट्टरपंथी संगठन के साथ समानांतर युद्ध जारी है। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, ज़मीर की यह टिप्पणी इजरायल के उन प्रयासों के बीच आई है जिसमें वह अमेरिका से लेबनानी सरकार के साथ अपनी ऐतिहासिक प्रत्यक्ष वार्ता को दो सप्ताह की समय सीमा तक सीमित करने और वार्ता विफल होने पर हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर आईडीएफ अभियान को मंजूरी देने का आग्रह कर रहा है। इजरायल और लेबनान के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाला युद्धविराम 17 अप्रैल को शुरू हुआ था, जिसे 24 अप्रैल को अतिरिक्त तीन सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उस समय इसकी घोषणा की थी।

## ब्रिटिश किंग चार्ल्स से मिले न्यूयॉर्क मेयर ममदानी

**न्यूयॉर्क।** ब्रिटिश किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात की। यह शाही जोड़ा 9/11 मेमोरियल पहुंचा था जहां उन्होंने 11 सितम्बर 2001 के आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। खास बात यह है कि इस मुलाकात से कुछ घंटे पहले ममदानी ने कहा था कि अगर उन्हें किंग चार्ल्स से अलग से बात करने का मौका मिला, तो वे कोहिनूर हीरा भारत को लौटाने की बात उठाएंगे।

हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि इस छोटी बातचीत के दौरान ममदानी ने यह मुद्दा उठाया या नहीं। उनके आफिस से भी इस पर तुरंत कोई जवाब नहीं मिला। कोहिनूर वही हीरा है जो ब्रिटेन के शाही ताज में जड़ा है और टावर आफ लंदन में रखा गया है। यह 177 साल से ब्रिटेन के पास है। भारत ने ब्रिटेन के सामने कई बार कोहिनूर हीरे पर अपना कानूनी हक होने का दावा किया है। को. हिनूर हीरा 1849 से ब्रिटेन के पास है। द्वितीय एंग्लो-सिख युद्ध में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से सिख साम्राज्य के हारने के बाद अंग्रेजों ने पूरे पंजाब पर कब्जा कर लिया। उस समय सिख साम्राज्य के शासक दलीप सिंह थे, जिनकी उम्र सिर्फ 10 साल थी। युद्ध हारने के बाद अंग्रेजों ने उनसे लाहौर की संधि पर हस्ताक्षर करवाए। इस संधि की शर्तें बहुत सख्त थीं। इसके तहत पंजाब को ब्रिटिश शासन के अधीन कर दिया गया और साथ ही कोहिनूर हीरा भी अंग्रेजों को सौंपना पड़ा। इसके बाद यह हीरा ब्रिटेन पहुंचा और क्वीन विक्टोरिया को दे दिया गया। को. हिनूर हीरे का इतिहास विवादों से भरा रहा है। कहा जाता है कि साल 1526 में हुमायूं ने आगरा किला पर हमला किया था। इसे जीतने पर बड़े पैमाने में खजाने के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा भी मिला था। बाबरनामा के मुताबिक, कोहिनूर हीरा इतना कीमती था कि इससे पूरी दुनिया को ढाई दिन का भोजन करवाया जा सकता था। 1739 में ईरानी शासक नादिर शाह ने आक्रमण किया।

- मुलाकात से पहले कहा था: कोहिनूर भारत को लौटाने बोलूंगा, यह हीरा 177 साल से ब्रिटेन के पास

## होर्मुज स्ट्रेट की अमेरिकी घेराबंदी जारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने बुधवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की को. शिश कर रहे 42वें जहाज का रास्ता रोक दिया और उसे दूसरे मार्ग पर रवाना कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस समुद्री मार्ग की घेराबंदी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

'एक्स' पर सेंटकॉम की ओर से पोस्ट बयान के अनुसार, एडमिरल कूपर ने कहा कि आज, अमेरिकी सेना ने घेराबंदी का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज का सफलतापूर्वक मार्ग बदलकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है--- यह घेराबंदी अत्यंत प्रभावी है और अमेरिकी सेना इसे पूर्ण रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों किनारों पर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और वहां से निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी थी। इस मार्ग से दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति होती है। अमेरिका का तर्क है कि गैर-ईरानी जहाज हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए स्वतंत्र हैं, जब तक कि वे तेहरान को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देते। ईरानी अधिकारियों ने अभी तक शुल्क लगाने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

- सेंटकॉम अमेरिकी केंद्रीय कमान ने ईरान पर हमला करने के लिए हाइपरसोनिक मिसाइल की मांग की

## पूर्व एफबीआई निदेशक ने मुझे मारने के लिए कोड भाषा में संदेश भेजे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के पूर्व निदेशक जेम्स कोमी की एक पोस्ट की आलोचना करते हुए दावा किया कि कोमी ने उनकी हत्या का खुफिया संदेश साझा किया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर '86 47' वाक्यांश का उल्लेख करते हुए इसे एक 'माफिया शब्द' (मॉब टर्म) बताया। उन्होंने दावा किया कि '86' का उपयोग अपराधियों द्वारा हत्या के लिए किया जाता है, जबकि '47' का मतलब अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति यानी स्वयं ट्रम्प हैं।

# पुतिन-ट्रम्प के बीच हुई लंबी फोन वार्ता

## ईरान संकट, यूक्रेन युद्ध और द्विपक्षीय संबंधों पर दोनों नेताओं ने की विस्तृत चर्चा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक फोन पर चली महत्वपूर्ण वार्ता में ईरान संकट, यूक्रेन संघर्ष और रूस-अमेरिका संबंधों सहित कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

क्रेमलिन के अनुसार बातचीत सौहार्दपूर्ण, स्पष्ट और व्यावसायिक रही। पुतिन ने ईरान संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति रूस की प्रतिबद्धता दोहराई और ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर मतभेद कम करने के लिए कई प्रस्ताव रखे। करीब 90 मिनट तक चली इस बातचीत में पुतिन ने स्पष्ट चेता. वनी दी कि यदि अमेरिका और इज़रायल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई फिर शुरू करते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम केवल ईरान या उसके पड़ोसियों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने विशेष रूप से ईरानी भूमि पर किसी भी जमीनी अभियान को 'अस्वीकार्य और अत्यंत खतरनाक' बताया। पुतिन ने वार्ता की शुरुआत में 25 अप्रैल को वॉशिंगटन हिल्टन होटल में ट्रम्प पर हुए कथित हमले के प्रयास के बाद उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त की और राजनीतिक हिंसा की निंदा की। उन्होंने इस बात का ज़िक्र किया कि न तो ट्रम्प, न ही उनकी पत्नी और न ही उनके साथ आये किसी सदस्य को कोई नुकसान पहुंचा। साथ ही, उन्होंने हमलावर को बेअसर करने में सुरक्षा सेवाओं की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की। रूस के राष्ट्रपति ने इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि उनकी शुभकामनाएं 'फर्स्ट लेडी' तक पहुंचाई जाएं। उन्होंने इस बात का ज़्क्रि किया कि यह घटना 26 अप्रैल को उनके जन्मदिन के आस-पास ही हुई थी, और रूसी तथा यूक्रेनी बच्चों को उनके परिवारों से फिर से मिलाने के प्रयासों में उनकी भूमिका का भी उल्लेख किया।



पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की

## अमेरिकी सांसद ने पूछा: क्या ट्रम्प की दिमागी हालत ठीक है

**वाशिंगटन।** अमेरिका की हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की सुनवाई के दौरान एक बड़ा राजनीतिक विवाद सामने आया। डेमोक्रेट सांसद सारा जैकब्स ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मानसिक स्थिति को लेकर सवाल पूछ लिया। जैकब्स ने अपने सवाल के दौरान ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर किए गए हाल के पोस्ट का जिक्र किया और उनकी भाषा की आलोचना की। इसी दौरान उनके पीछे खड़े एक सहायक ने ट्रम्प के पुराने पोस्ट के कटआउट भी दिखाए। इनमें वह विवादित ईशु वाली एआई पोस्ट भी शामिल था, जिसे बाद में हटा दिया गया था।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL MULTI SPECIALITY

स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से

डॉ. नीति चतुर्वेदी

एम.बी.बी.एस., एम.एस.

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा

साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर

मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.

BDS, BAMS, BUMS, BEMS

Abroad Admission & Counselling For India

- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटैंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)